# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 09 जुलाई, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 186, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 36 अंकों की गिरावट

मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स मामूली 36 .22 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर बंद हुआ। } 14

## पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पहल : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा पर्यावरण की रक्षा के लिए छोटे और स्थानीय स्तर पर कदम उठाना बहुत आवश्यक है जिससे पर्यावरण को बेहतर बनाया जाय सके। } 16



## सीएम योगी से मिले क्रिकेटर कुलदीप यादव

विशेष संवाददाता



लखनऊ। टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य कुलदीप यादव ने सोमवार को यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, टी-20 विश्व कप 2024 की विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य कुलदीप यादव से आज (सोमवार) लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले स्पिनर कुलदीप यादव ने शनिवार को कहा था कि देश की टी-20 विश्व कप जीत उनके लिएै अविश्वसनीय अनुभवै रही है और उन्होंने उम्मीद जताई थी कि वह भविष्य में भी ऐसी सफलता का हिस्सा बनेंगे। भारत ने 29 जून को बारबाडोस में हुए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 12 रनों से हराकर अपना दूसरा टी-20 विश्व कप खिताब जीता था।

## उत्तराखंड से छोड़े गये पानी से यूपी में आयी बाढ़, कई जिले प्रभावित

विशेष संवाददाता




लखनऊ। उत्तराखंड के बांधों से छोड़े गये लाखों क्यूसेक पानी और राज्य में भारी बारिश के कारण उत्तर प्रदेश के तराई और मैदानी इलाकों में आई बाढ़ से छह जिलों के अनेक गांव प्रभावित हुए हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय से सोमवार को प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के बनबसा बांध से रविवार रात करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत जिले में शारदा नदी उफान पर है और बाढ़ का पानी 20 गांवों में घुस गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये राष्ट्रीय आपका मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम 32 नौकाओं की मदद से राहत कार्यों में जुटी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को सुबह सात बजे से 10 बजे के बीच बनबसा बांध से शारदा नदी में लगभग 10 लाख क्यूसेक तथा दियूनी और नानक सागर बांध से देवहा नदी में एक लाख 81 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया। रिपोर्ट में बताया गया कि पीलीभीत मैलानी रेलवे रूट पर शाहगढ़ स्टेशन व संडई हाल्ट के बीच सकरिया नाले पर बनी पुलिया रविवार देर रात बह गई। इस वजह से मैलानी और टनकपुर की ओर रेल का संचालन रोक दिया गया। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण में अभी समय लगेगा। मरम्मत होने के बाद ही इस रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जा सकेगा। वहीं, खटीमा पुल पर पानी खतरे के निशान से अधिक बढ़ने पर टनकपुर-पीलीभीत मार्ग पर ट्रेन सेवा को भी फिलहाल बंद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पानी के तेज बहाव के कारण गजरौला-बरखेड़ा सड़क मार्ग पर एक पुलिया बह गई। ग्रामीणों ने प्रशासन को बताया कि इस मार्ग पर पानी पुलिया के ऊपर बह रहा था। पुलिया पुरानी होने की वजह से तेज बहाव सहन नहीं कर सकी और क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया बहने से गजरौला और बरखेड़ा कस्बों के बीच संपर्क टूट गया। राहत आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बनबसा बैराज से छोड़े गये पानी से लखीमपुर खीरी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### चार आईएएस के तबादले, महाराजगंज के सीडीओ बने अनुराग

लखनऊ। नियुक्ति विभाग ने चार आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। अनुराग जैन को मुख्य विकास अधिकारी अंबेडकरनगर से इसी पद पर महाराजगंज भेजा गया है। लखीमपुर खीरी से महाराजगंज सीडीओ के पद पर स्थानांतरित किए गए अनिल कुमार सिंह का स्थानांतरण रद्द करते हुए उन्हें अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग) ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पति की मौत की खबर सुन पत्नी ने की आत्महत्या

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक युवती ने पति की आत्महत्या की खबर सुनने के बाद इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार को कैंट थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि संचिता (28) ने पति हरीश बागेश (28) द्वारा सारनाथ में आत्महत्या करने की खबर सुनने के बाद दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। हरीश और संचिता की दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी।

### शिवसेना नेता के बेटे को पकड़ने को लगी 11 टीमें

मुंबई। मुंबई पुलिस ने वर्ली इलाके में बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर से एक महिला की मौत के मामले में सत्तारूढ़ शिवसेना के नेता के बेटे को पकड़ने के लिए 11 टीम गठित करने के साथ अपराध शाखा को भी जांच में शामिल किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शिवसेना नेता राजेश शाह का 24 वर्षीय बेटा मिहिर शाह उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटर सवार एक महिला की मौत हो गई थी।

# पुतिन ने गर्मजोशी से किया पीएम मोदी का स्वागत

## रूस के साथ भारत शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए सहयोगात्मक भूमिका निभाना चाहता है : मोदी



दो दिवसयी यात्रा पर रूस पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गार्ड ऑफ ऑनर देती रूसी सेना



मॉस्को पहुंचने के बाद पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करते राष्ट्रपति पुतिन



रूस में भारतवंशियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी

मॉस्को। पीएम मोदी 5 साल बाद रूस के 2 दिन के दौरे पर हैं। जहां राष्ट्रपति पुतिन ने उनके लिए प्राइवेट डिनर रखा। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई। पुतिन ने कहा आपका हार्दिक स्वागत है। आपको देखकर बहुत खुशी हो रही है। हमारे बीच औपचारिक बातचीत कल होने वाली है। आज अनौपचारिक रूप से हम घर के वातावरण में उन्हीं मामलों पर बातचीत कर सकते हैं। मोदी ने कहा आपने मुझे अपने घर पर बुलाया। आज की शाम हम साथ में गप्प मारे, इसलिए आपने ये तय किया। अपने घर पर बुलाने के लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। मोदी आज शाम 5 बजे मॉस्को में वनुकोवो-2 इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। इस दौरान रूसी सेना ने भारतीय राष्ट्रगान की धुन बजाई। इसके बाद ढट मोदी कार्लटन होटल पहुंचे जहां पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। मोदी मंगलवार को 22वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे यूक्रेन जंग के बाद पहली बार रूस का दौरा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## झारखंड : हेमंत सोरेन सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

रांची। झारखंड विधानसभा से विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच, हेमंत सोरेन सरकार के सोमवार को विश्वास मत हासिल करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने मंत्री के तौर पर शपथ ली।

राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में मनोनीत सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन सहित कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के विधायक मतों की गिनती शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास 24 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। विश्वास मत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा, आज एक बार फिर सबको सत्तारूढ़ गठबंधन की एकता और ताकत देखने को मिली। मैं (विधानसभा) अध्यक्ष और गठबंधन के सभी विधायकों का आभार जताता हूं। सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन 2019 में सत्ता में आने के बाद से संवैधानिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दोबारा हो सकती है नीट-यूजी की परीक्षा

### सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षा एजेंसियों से मांगा पर्चा लीक होने का पूरा ब्योरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और सीबीआई से प्रश्नपत्र लीक होने के समय तथा लीक होने और वास्तविक परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी।

उच्चतम न्यायालय ने पेपर लीक के लिए अपनायी गई कार्यप्रणाली की भी जानकारी मांगी। इसके साथ ही उसने गलत कृत्य करने वालों की संख्या के बारे में भी सवाल किया जिनकी अब तक पहचाने हुई है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा एक बात स्पष्ट है कि



प्रश्नपत्र लीक हुआ है। पीठ ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक की सीमा और भौगोलिक सीमाओं के पार लाभार्थियों का पता लगाना होगा, उसके बाद ही अदालत पांच मई को आयोजित हुई विवादास्पद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दे सकती है। नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय करते हुए शीर्ष अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के जांच अधिकारी को जांच की स्थिति को दर्शाने वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। सीबीआई कदाचार, ओएमआर शीट में हेरफेर, अभ्यर्थी के बदले किसी अन्य के परीक्षा देने और धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कर रही है। पुनः परीक्षा के आदेश पर कानूनी स्थिति का उल्लेख करते हुए, शीर्ष अदालत ने कहा कि इसकी जांच करनी होगी कि क्या कथित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सेना के वाहन पर आतंकी हमला, पांच जवान शहीद

### सैन्य काफिले को निशाना बनाकर फेंका ग्रेनेड, की अंधाधुंध गोलीबारी

एजेंसी

कठुआ/जम्मू। कठुआ के बिलावर उपजिले में बदनोता के बरनूड इलाके में जेंडा नाले के पास सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। आतंकी हमले में पांच जवान बलिदान हो गए वहीं कुछ अन्य बुरी तरह से घायल हो गए।

घायल जवानों को पीएचसी बदनोता में प्राथमिक उपचार के बाद उपजिला अस्पताल बिलावर में भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना का यह वाहन इलाके में गश्त पर था जिसे आतंकियों ने अपना निशाना बनाया है। आतंकियों की ओर से ग्रेनेड फैंका गया जिसके बाद गोलाबारी शुरू कर दी गई। सेना के जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू की। अंतिम समाचार मिलने तक दोनों ओर से गोलाबारी का सिलसिला जारी था। हालांकि जवानों के बलिदान होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर साढ़े




तीन बजे के लगभग आतंकियों ने 22 गढवाल राइफल्स के जवानों को निशाना बनाते हुए जेंडा नाले के पास ग्रेनेड फैंका। बताया जा रहा है कि आतंकी ऊंचाई वाले इलाके में थे। जब ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन, बाबू जी की बतायी राह पर चलने का लिया संकल्प

# सद्भावना दिवस के रूप में मनी बाबू बनारसी दास की जयंती

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास गुप्ता की 112 वीं जयंती सोमवार को राजधानी के 55, पुराना किला में डॉ.अखिलेश दास फाउंडेशन के तत्वावधान में बाबू बनारसी दास गुप्ता के परिजनों, समर्थकों व उनके अनुयायियों की मौजूदगी में मनाया गया। इस अवसर पर बाबू बनारसी दास के पौत्र व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास ...शेष पृष्ठ 14 पर







पुराना किला स्थित आवास पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास के चित्र पर माल्यार्पण करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, इस अवसर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। फोटो : अमित वर्मा

# रिक्त पदों को भरने के लिए करें कार्यवाही

## पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति व शादी अनुदान योजना को प्राथमिकता के आधार पर किया जाये निस्तारित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विभागों के रिक्त पदों को शीघ्रता से भरने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिन रिक्तियों की तैनाती अन्य विभागों के माध्यम से होनी है, वहां पर पत्राचार कर तैनाती सुनिश्चित की जाए।

- दिव्यांगजन को हुनरमंद बनाने के लिए दिया जाये कौशल प्रशिक्षण : नरेंद्र कश्यप



प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही शादी अनुदान योजना के अंतर्गत आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कर लाभार्थियों को योजना का लाभ शीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विभागों में रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने के निर्देश दिए हैं और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं का चयन किया जाए, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हो और युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं द्वारा स्वरोजगार या रोजगार प्राप्त करने के आंकड़े तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे योजना की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके।

दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्यांगजन के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, शादी प्रोत्साहन, दुकान निर्माण, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजन इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दिव्यांगजनो के लिए संचालित स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। दिव्यांगजनो को हुनरमंद बनाने के लिए उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इसके साथ ही, दिव्यांगजनो के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाए। विशेष मेलों के आयोजन के लिए राज्य निधि का उपयोग किया जाए।

# हरित, स्मार्ट रोड्स और बिल्डिंग में सहयोग देने की जतायी इच्छा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश में निर्मित व निमार्णाधीन एक्सप्रेसवेज, पाइप पेयजल परियोजना, स्मार्ट रोड्स, ड्रेनेज सिस्टम तथा एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट व महाकुम्भ-2025 आदि के बारे में ऑटोडेस्क की निदेशक कर्टनी लुटरमैन और अमेरिका दूतावास में वरिष्ठ वाणिज्यिक विशेषज्ञ रितु अरोड़ा को विस्तार से बताया।

- मुख्य सचिव से ऑटोडेस्क की निदेशक और अमेरिका दूतावास में वरिष्ठ वाणिज्यिक विशेषज्ञ ने भेंट की



मुख्य सचिव से सोमवार को ऑटोडेस्क की निदेशक कर्टनी लुटरमैन और अमेरिका दूतावास में वरिष्ठ वाणिज्यिक विशेषज्ञ रितु अरोड़ा ने भेंट की। भेंट के दौरान अमेरिका-भारत परिवहन कार्यक्रम, हरित और स्मार्ट सड़कों व इमारतों आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ऑटोडेस्क की निदेशक कर्टनी लुटरमैन ने हरित और स्मार्ट रोड्स और बिल्डिंग की स्थापना में राज्य के प्रयासों में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि ऑटोडेस्क एक अमेरिकन मल्टीनेशनल साफ्टवेयर कॉर्पोरेशन है, जो आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग, कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, मीडिया, एजुकेशन और इंटरटेनमेंट इंडस्ट्रीज को सेवाएं प्रदान करता है। ऑटोडेस्क का मुख्यालय सेन फ्रांसिस्को कैलिफोर्निया में है। ऑटोडेस्क ने भारत और दुनियाभर में विभिन्न सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं में काम किया है। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# जन समस्याओं का तुरंत निदान करें : केशव

## उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम, सुनी समस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जिलों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाये कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनो, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रूबरू होकर सुना, जनता दर्शन मे लगभग 3 दर्जन जिलों से कई लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

## खाद्यान्न का मुफ्त वितरण 20 जुलाई तक

लखनऊ। प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण आगामी 20 जुलाई तक किया जायेगा। निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। राशन दुकानदार अपनी उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने देते हुए बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा. गेहूं एवं 21 किग्रा. चावल (कुल 35 किग्रा.) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किग्रा. गेहूं एवं 3 किग्रा. चावल (कुल 5 किग्रा.) का वितरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के अन्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने और राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जनवरी से 5 वर्ष के लिए निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

# नवनियुक्त औषधि निरीक्षकों को दिया गया आधारभूत प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा उप्र राज्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मे नवनियुक्त औषधि निरीक्षकों का 15 दिवसीय आवासीय क्षमता संवर्द्धन विषयक आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 24 जून से 8 जुलाई तक की अवधि में किया गया है।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा विभिन्न विकासपरक व अन्य शासकीय योजनाओं को मुकम्मल अन्जाम देने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर सतत रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों प्रयागराज, रामपुर, अमेठी, कानपुर नगर, शाहजहांपुर, ललितपुर, अमरोहा, अलीगढ़ सोनभद्र, मथुरा, सम्भल एवं कन्नौज से कुल 12 प्रशिक्षु प्रतिभागियों (नवनियुक्त औषधि निरीक्षकों) द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न समसामायिक रुप से उपयोगी एवं प्रासंगिक विषयों पर राज्य, राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी एवं विषयगत प्रबुद्ध वातार्कारों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रेखा एस. चौहान, अपर आयुक्त, राज्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग/ विशेष सचिव द्वारा प्रशिक्षु प्रतिभागी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि सम्पन्न हुए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत, क्षमता संवर्द्धन के दृष्टिकोण से, जो प्रासंगिक विषयगत ज्ञान, अनुभवी एवं प्रबुद्ध वातार्कारों द्वारा प्राप्त कराया गया है। इस अवसर पर संस्थान के अपर निदेशक बीडी चौधरी द्वारा प्रतिभागी अधिकारियों को बताया कि प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण व उपयोगी ऐसी विधा है, जिसके द्वारा किसी भी कार्य को हम सुव्यवस्थित ढंग से निष्पादित करते हैं तथा जब हमारा प्रवेश किसी भी प्रकार की सेवा में होता है या अपने सेवाकाल के अन्तर्गत किसी नवीन तकनीकी विधा का प्रादुर्भाव होता है, तो उन स्थितियों में प्रशिक्षण प्राप्त करना प्रासंगिक हो जाता है। अपने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए चौधरी ने औषधि निरीक्षकों से कहा कि वह अपने कार्यक्षेत्र में जाकर जितनी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे, उससे कहीं अधिक आपको आत्मिक संतोष प्राप्त होगा। इसीलिये संस्थान द्वारा आपके विभागीय निर्दिष्ट विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों पर वार्ता प्रदान की गयी है, तनाव प्रबंधन, व्यक्तित्व का विकास, अभिप्रेरणा तथा नेतृत्व क्षमता इत्यादि भी हैं। इस 15 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की उपनिदेशक, डॉ. नीरजा गुप्ता के निर्देशन में किया गया तथा प्रशिक्षण के आयोजन व प्रबंधन के दृष्टिगत संस्थान की सहायक निदेशक व प्रशिक्षण प्रभारी, डॉ. सीमा राठौर, प्रतिमेश तिवारी, शोध सहयुक्त, अनुज कुमार दुबे, कम्पयुटर प्रोगामर, मो. शहन्शाह, प्रचार सहायक तथा विनय सिंह, परिचारक का अत्यन्त महत्वपूर्ण सराहनीय योगदान रहा है।

## लखनऊ-उन्नाव सीमा पर भारी वाहनों का डायवर्जन

लखनऊ। लखनऊ-उन्नाव सीमा पर सई नदी पर पूर्व निर्मित सेतु के क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों का डायवर्जन कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता (निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. लखनऊ) अनूप मिश्रा ने बताया कि मंधना गंगा बैराज -शुक्लागंज पुरवा मौरांवा मोहनलालगंज मार्ग पर लखनऊ-उन्नाव सीमा पर सई नदी पर स्थित सेतु काफी पुराना होने के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आ गया है। यह सेतु भारी वाहनों के आवागमन के लिए हेतु सुरक्षित नहीं है। सेतु की जर्जर दशा के दृष्टिगत मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इस मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों के डायवर्जन के लिए कानपुर से मोहनलालगंज की तरफ आने वाले समस्त भारी वाहनों को लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जुनाबगंज से गोसाईंगंज-बनी-मोहान मार्ग से होते हुए मोहनलालगंज आयेंगे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी : अखिलेश

## अखिलेश यादव ने पार्टी राज्य मुख्यालय में लगाया बरगद का पेड़

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पीडीए पेड़ रोपण का अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक चला। कार्यकर्ताओं ने उत्साह से गांव-गांव, वार्डस्तर पर बरगद, नीम, पीपल के लाखों पौधे लगाये। खुद अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी के राज्य मुख्यालय में बरगद का पेड़ लगाकर अभियान का समापन किया।

अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्वकाल में उत्तर प्रदेश वनसम्पदा की सुरक्षा के साथ प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण अभियान में करोड़ों पेड़ लगाए गए थे। समाजवादी सरकार में लगभग 400 एकड़ क्षेत्रफल में जनेश्वर मिश्र पार्क बना जो लंदन के हाईड पार्क जैसा शानदार है। इस पार्क में चारों तरफ हरियाली ही हरियाली है और तमाम प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए हैं। हजारों लोग रोज पार्क में जाकर ताजी हवा के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का भी अवलोकन करते है। इस पार्क से पर्यावरण संतुलन भी स्थापित हुआ है। अखिलेश यादव का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। वर्तमान में हर तरफ फैले हुए तरह-तरह के प्रदूशण को दूर करने के लिए आवश्यकता पेड़ की है, शाखाओं की नहीं। जब पौधे की जड़ें जमीन पकड़ लेती हैं तो शाखाएं, पत्तियां, फूल, फल सब अपने आप प्राप्त होता है। वे शाखाएं अप्राकृतिक होती हैं जिनकी न तो जड़ों का पता होता है, और न ही इस बात का कि उनका फल किसको मिल रहा है इसीलिए आवश्यकता जमीन से जुड़े पेड़ों की है, मनुष्य निर्मित शाखाओं की नहीं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए पेड़ पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरणीय, सामाजिक आंदोलन बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है।



इसके विपरीत भाजपा सरकार को प्रदूषण दूर करने की दिशा में कोई सार्थक कदम उठाने से परहेज रहा है। तमाम शहरों में वृक्षसम्पदा के विनाश के साथ वायु प्रदूषण में बढ़ोत्तरी हुई है। वृक्षारोपण के नाम पर भाजपा फर्जी आंकड़ों के बागबगीचे लगा रही है। सात वर्ष से ज्यादा सत्ता सुख भोगने वाली भाजपा सरकार ने राज्य के विकास में कोई रूचि नहीं ली है। समाजवादी सरकार ने जनहित में जो विकास योजनाएं लागू की थीं भाजपा ने सिर्फ उन्हें ही बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सपा स्वस्थ सामाजिक व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। समाजवादी पार्टी का संकल्प है कि जब तक वह भाजपा का प्रदूषण समाप्त नहीं कर देती, चैन से नहीं बैठेगी। भाजपा सरकार ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को बीमार कर रखा हैं। जनता जनार्दन भाजपा की बीमार मानसिकता का उपचार करके ही दम लेगी।

## सपा प्रतिनिधिमंडल 11 को जायेगा गोण्डा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 11 जुलाई को गोण्डा जायेगा। गोण्डा के नरैनापुर खडौवा थाना नवाबगंज निवासी राम कुमार शर्मा के पुत्र अमर प्रताप शर्मा की अयोध्या में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या की जांच एवं जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए प्रतिनिधि मण्डल नरैनापुर खडौवा गोण्डा पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण अवधेश प्रसाद सांसद लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद (अयोध्या), राम आसरे विश्वकर्मा राष्ट्रीय सचिव सपा, पवन पाण्डेय पूर्व मंत्री, पारसनाथ यादव जिलाध्यक्ष सपा फैजाबाद (अयोध्या), अरशद हुसैन जिलाध्यक्ष सपा गोण्डा, भगत राम मिश्र पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कैसरगंज एवं सूरज सिंह पूर्व विधान सभा प्रत्याशी है।

# उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद बना अवार्डिंग एंड एसेसिंग निकाय

## समझौते के तहत एससीवीटी बना प्रमाणित अवार्डिंग एंड असेसिंग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने इस दिशा में एक और अहम कदम उठाया है। इसके तहत, उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) और राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हुआ है।

- उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद और राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद के बीच हुआ समझौता ज्ञापन

इस समझौते के तहत एससीवीटी अब एक प्रमाणित अवार्डिंग एंड असेसिंग निकाय बन गया है, जो व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता के क्षेत्र में मील का पत्थर स्थापित करेगा।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के युवाओं को नए और उच्च स्तरीय रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में मदद करना है। इस प्रयास के अंतर्गत एससीवीटी अब प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को समय से मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्रदान कर सकेगा।

एक संस्था को पुरस्कार देने वाली संस्था (अवार्डिंग बॉडी) के रूप में तब परिभाषित किया जाता है, यदि यह प्रशिक्षुओं को स्वीकृत योग्यता के लिए प्रमाणपत्र देती है या प्रस्तावित करती है और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और विश्वसनीय मूल्यांकन सुनिश्चित करती है। साथ ही, क्षेत्र के विशेषज्ञ के रूप में वह औपचारिक रूप से शिक्षण प्रदाताओं, केंद्रों और पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता के साथ-साथ उनका अध्ययन करने वाले शिक्षार्थियों के ज्ञान और कौशल को भी प्रमाणित कर सकती है। एमओयू के समय उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा,

- व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए योगी सरकार ने की एक और पहल

कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज, एनसीवीईटी के अध्यक्ष अतुल कुमार तिवारी सहित एससीवीटी एवं एनसीवीईटी के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस समझौते का स्वागत किया और इसे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# पर्यटन विभाग ने 'डेस्टिनेशन इमेज पर्सेप्शन' पर किया शोध

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग ने आईआईएम लखनऊ द्वारा संचालित सेंटर फॉर मार्केटिंग इन इमर्जिंग इकोनॉमीज (सीएमईई) में 'डेस्टिनेशन इमेज पर्सेप्शन' विषय पर एक शोध परियोजना के पूरा होने की घोषणा की है। इस शोध को प्रोण सत्य भूषण दास, प्रो. प्रियंका शर्मा और मोहन कृष्णन ने मार्केट एक्सेल रिसर्च एजेंसी के सहयोग से किया है।

- पर्यटन विभाग ने दी 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता

अध्ययन में उत्तर प्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इस शोध द्वारा प्राप्त जानकारी उत्तर प्रदेश में पर्यटन के भविष्य को आकार देने में बहुमूल्य साबित होगा। मंत्री ने बताया कि हम स्वच्छता, बेहतर परिवहन सुविधाओं और बजट अनुकूल आवास पर ध्यान केंद्रित कर पर्यटन अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश 'पर्यटन का गढ़' बनकर उभरा है, जिसमें बेहतर बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और सुविधाएं हैं। यूपी अपने 12 पर्यटन सर्किटों के साथ पर्यटकों को एक अवसर प्रदान करता है कि वे अपनी इच्छानुसार गंतव्य का चयन कर सकें। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है, कि हर पर्यटक, आगंतुक सुखद अनुभव और पुनः वापस आने की इच्छा लेकर जाए। जयवीर सिंह ने बताया कि यह शोध, पर्यटन नीति 2022 के तहत किया गया है, जिसके तहत पर्यटन विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है। इसमें यात्रियों को उत्तर प्रदेश के प्रमुख गंतव्यों में भ्रमण के लिए प्रेरित करने वाली विशेषताओं के बारे में जागरूक करने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों तरीकों को सम्मिलित किया गया है। रिसर्च में घरेलू पर्यटन के गंतव्यों के चयन से संबंधित रुझानों को समझने का प्रयास किया गया है। शोध में पाया गया है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म यात्रियों को भ्रमण के लिए प्रेरित करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उत्तर प्रदेश घूमने आए ज्यादातर पर्यटक प्रियजनों के साथ सुखद समय बिताने के लिए आते हैं, जिससे प्रदेश की एक ऐसी छवि बनती है जहां पर्यटक फैमिली फ्रेंडली टूरिज्म संभव है।



पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश का आगरा शहर ऐतिहासिक इमारतों के लिए प्रसिद्ध है। यहां बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाजनक यात्राओं के जरिए जल्द पहुंचा जा सकता है। मथुरा, वृंदावन, वाराणसी और प्रयागराज आगंतुकों को अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। यहां के धार्मिक स्थलों पर अपेक्षाकृत आसानी से पहुंचा जा सकता है। शोध में सामने आया कि पर्यटक गंतव्य स्थलों के चयन में क्षेत्र के समृद्ध रीति-रिवाज, त्योहारों और धार्मिक गतिविधियों को प्राथमिकता पर रखते हैं, यही वजह है कि अयोध्या के प्रति आकर्षण तेजी से बढ़ा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या, उत्तर प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों में शीर्ष विकल्प के रूप में उभरा है। अयोध्या, पर्यटकों, श्रद्धालुओं के बीच आध्यात्मिकता, स्वच्छता, अद्वितीय धार्मिक स्थल के रूप में तेजी से स्थान बनाने में सफल रहा है। शोध में पर्यटकों को तीन अलग खंडों में बांटा गया, खोजकर्ता, परंपरावादी और अधिक यात्रा करने वाले। प्रत्येक समूह एक अलग ट्रैवल विहेवियर को प्रदर्शित करता है, जिसमें या फिर कम प्रचलित स्थलों पर, प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण स्थलोंए एक निर्धारित बजट के अंतर्गत या ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अनुभवों को प्राथमिकता देना आदि शामिल है।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं का स्वागत करेगी चमचमाती संगमनगरी

## कुंभ मेला के इतिहास और महत्व को दर्शाती कलाकृतियां बनेंगी गवाह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महाकुंभ मेला 2025 को भव्य और दिव्य बनाने की सीएम योगी की मंशा के अनुरूप सोमवार को प्रमुख सचिव नगर विकास, अमृत अभिजात की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रयागराज शहर में रोड सुंदरीकरण, लाइटिंग, वॉल पेंटिंग्स, मुख्य चौराहों पर मूर्तियों की स्थापना, साइनेज और हॉर्टिकल्चर परियोजनाओं पर चर्चा की गई। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि सभी कार्यों को एक ही थीम में करते हुए, उच्च गुणवत्ता, कॉस्ट इफेक्टिवनेस और समय सीमा का पालन किया जाए।



उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेला 2025 एक भव्य आयोजन होगा और इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रयागराज शहर को सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा, जो लाखों श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार होगा। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि रोड सुंदरीकरण के तहत शहर की प्रमुख सड़कों को नया रूप दिया जाएगा, जिनमें पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। फुटपाथों का निर्माण किया जाएगा और सड़क के किनारे सुंदर लाइटिंग लगाई जाएगी।

शहर की दीवारों पर कुंभ मेला के इतिहास और महत्व को दर्शाती कलाकृतियां बनाई जाएंगी। मुख्य चौराहों पर प्रयागराज की संस्कृति और इतिहास को दर्शाती मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। शहर में नए साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं को महाकुंभ मेला स्थल और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंचने में मदद करेंगे। शहर में पार्कों और उद्यानों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने बताया कि 15 स्थानों पर प्लेसमेकिंग इंस्टालेशन, 4 स्थानों पर थीमेटिक इंस्टालेशन, 2 स्थानों पर मूर्तियों की स्थापना और हॉर्टिकल्चर के तहत दो प्रकार के पौधारोपण किए जाएंगे। एक मौसमी फूलों के पौधे और दूसरे लंबे समय तक हरियाली बनाए रखने वाले पौधे। इसके अलावा, 36 चौराहों को महाकुंभ के लिए सजाया जाएगा। इस बैठक में मेला प्राधिकरण के अधिकारी, नगर विकास विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रहीम नगर, खुर्रम नगर में सर्वे शुरू, 50 मकानों पर लाल निशान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अकबरनगर के बाद अब रहीमनगर, इंद्रप्रस्थनगर, पंतनगर, खुर्रमनगर और अबरार नगर में अवैध निर्माण गिराने का अभियान चलेगा। यह निर्माण कुकरैल नदी की जमीन पर बने बताए जा रहे हैं। सोमवार को एलडीए, जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने रहीमनगर में सर्वे शुरू किया। जिन मकानों को गिराया जाना है, उस पर लाल निशान लगाया। अबरारनगर और पंतनगर में भी सर्वे होगा। पहले दिन 50 से अधिक मकानों पर लाल निशान लगाया गया है। यहां करीब 700 से ज्यादा अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलेगा।

- कुकरैल नदी की जमीन पर बने मकानों को बताया अवैध
- लोगों में दहशत, दस्तावेज लेकर अफसरों से पूछने लगे सवाल



एलडीए बोर्ड में हुए फैसले के बाद नगर निगम, जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, एलडीए की संयुक्त टीमों ने कुकरैल नदी के किनारे बने इन इलाकों के मकानों का सर्वे शुरू कर दिया है। इस पर स्थानीय लोगों ने एक जुट होकर अफसरों को घेर लिया और उन्हें जमीनों पर मालिकाना हक के दस्तावेज और रजिस्ट्री दिखायी। पहले दिन खुर्रमनगर के मकानों का सर्वे किया गया। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा तथा ओएसडी रविनन्दन सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्राधिकरण के दस्ते ने यहां नदी के क्षेत्र में बने मकानों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। कुकरैल नदी के दोनों तरफ 50-50 मीटर क्षेत्र में आने वाले मकानों को चिन्हित किया जा रहा है। अफसरों के आने की जानकारी के बाद तमाम स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने अफसरों को घेर लिया। हालांकि किसी ने विरोध नहीं किया लेकिन अपनी जमीनें बचाने के लिए अफसरों से पूछताछ किया। सिंचाई विभाग ने कहा है कि कुकरैल नदी के बहाव क्षेत्र के अलावा दोनों तरफ 50-50 मीटर तक हुए अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। पंतनगर में बड़ी संख्या में अपार्टमेंट और मकान बने हैं जिनका गिरना तय है। स्थानीय निवासियों ने अफसरों से कहा कि उन लोगों ने पैसे देकर प्रॉपर्टी डीलरों से जमीन खरीदी है। सरकारी जमीन पर कोई निर्माण नहीं है। एलडीए यहां के मकानों का अवैध निर्माण की श्रेणी में रखकर ध्वस्तीकरण कराएगा। यहां किसी ने भी मकान का नक्शा नहीं पास कराया है।



**एक एक घर का विवरण जुटायेगा एलडीए :** यहां करीब 50 मकानों पर एलडीए ने सोमवार को लाल निशान लगा दिया है। इनमें कई मकान काफी बड़े हैं। अब मंगलवार से यहां मशीनों से सर्वे होगा। इससे एक या दो दिनों में सर्वे पूरा हो जाएगा। इसके बाद एलडीए एक एक घर का विवरण जुटाएगा। फिर उन्हें ध्वस्तीकरण की नोटिस दी जाएगी। अकबरनगर में किसी के पास भी जमीन के मालिकाना हक का पेपर नहीं था। यहां सभी के पास रजिस्ट्री है। सभी ने जमीन खरीदी है। अकबरनगर में जमीन का पेपर न होने से एलडीए को उसे गिराने में मदद मिली। लेकिन यहां जमीन का पेपर होने की वजह से मकानों को गिरवाना कठिन होगा। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा का कहना है कि मकानों का नक्शा नहीं पास कराया गया है। इन्हें अवैध निर्माण कराने की नोटिस दी जाएगी। दो दिन में सभी मकान चिन्हित हो जाएंगे। इसके बाद इनके भवन स्वामियों का विवरण जुटाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि 5 अगस्त के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होगी।

**आज शुरू होगा मशीन से सर्वे :** खुर्रमनगर से कुकरैल की तरफ जाने वाली सड़क पर 50 मीटर बाद ही अबरारनगर का इलाका शुरू होता है। यहां नदी की चौड़ाई 40 फीट से भी कम है। इसी के दोनों तरफ मकान बना लिए गए हैं। यहीं बीच से नाला भी गुजरता है, इस पर अतिक्रमण कर कई मकान बनाए गए हैं। अब मंगलवार को मशीनों के साथ फिर मैपिंग का काम होगा। नाले के बाईं तरफ करीब 1500 मीटर तक 50 मीटर की चौड़ाई में करीब 350 से ज्यादा मकान हैं, जिनका टूटना तय है। जबकि दाईं तरफ भी 1500 मकान बनाए गए हैं। उस पर भी कार्रवाई की जा सकती है। नदी के किनारे कई नए आलीशान मकान भी बने हैं।

**34 साल बाद बता रहे मकान अवैध, यह गलत है :** यहां रहने वाली सुमन श्रीवास्तव ने बताया कि वह लोग 34 साल से रह रहे हैं। हाउस टैक्स से लेकर वाटर टैक्स सब कुछ जमा कर रहे हैं। अब 34 साल बाद आकर अगर अचानक यह बता दिया जाए कि आपका मकान अवैध है तो किसी को भी परेशानी होगी। अब तक सरकारी विभाग के लोग क्या कर रहे थे। वही जितेंद्र ने बताया कि मकान के सभी कागज उनके पास हैं। अगर सिंचाई विभाग की जमीन होगी तो उसका खसरा खतौनी नंबर तो उनके पास होगा ही वह दिखाएं। हम लोगों के पास सारे कागज मौजूद हैं। रहीमनगर के रहने वालों ने बताया कि उनके मकान वैध हैं। उनके पास सभी जरूरी कागजात हैं।

# इंडस्ट्रियल क्षेत्र में अब आवासीय के बराबर हाउस टैक्स

**लखनऊ।** प्रदेश के एक लाख से ज्यादा उद्यमियों के लिए राहत की खबर है। इंडस्ट्रियल इलाके में चल रहे उद्योग को अब हाउस टैक्स आवासीय के बराबर देना होगा। इसको लेकर आदेश जारी हो गया है। अभी तक इन लोगों को 3 गुना ज्यादा टैक्स देना होता था। इससे लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, नोएडा, भदोही, बरेली, मेरठ, अलीगढ़, मुरादाबार, कन्नौज जैसे शहर के लोगों को काफी ज्यादा फायदा होगा। दरअसल, पिछले दिनों लघु उद्योग भारती समेत इंडस्ट्री से जुड़े कई संगठनों ने शासन स्तर पर बैठक कर हाउस टैक्स तीन गुना देने का विरोध दर्ज कराया था। उनकी दलील थी कि अभी तक उनको इंडस्ट्रियल इलाके के लिए स्पेशल चार्ज, वहां की सड़क से लेकर हर व्यवस्था के लिए टैक्स देना होता है। सबसे ज्यादा टैक्स इंडस्ट्रियल इलाके का उद्यमी देता था। यह इलाका शहर से बाहर होता था। लेकिन नगर निगमों और नगर पालिकाओं के विस्तार के बाद यह उनकी सीमा में आ गए। अब वहां 3 गुना ज्यादा टैक्स लेने की तैयारी शुरू हो गई। पिछले दिनों इसको लेकर शासन स्तर पर फैसला हुआ था। उसके बाद तय किया गया कि इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए हाउस टैक्स की दर कम किया जाए तो बेहतर है। क्योंकि संबंधित इलाके का विकास हमेशा यूपी सीडा के पास ही होगा। इसमें सड़क, बिजली, पानी समेत सभी सुविधाओं का विकास यह विभाग करता है। जबकि शहरी क्षेत्र में सड़क, सफाई और बाकी सुविधाओं की ध्यान नगर निगम को रखना होता है। लेकिन नगर निगमों के पास इतना बजट नहीं है कि वह इंडस्ट्रियल इलाके में काम कराए। अगर बजट का पैसा उन जगहों पर लग गया तो आम जनता के बीच होने वाला काम प्रभावित हो जाएगा। लघु उद्योग भारती के अनुज साहनी बताते हैं कि यह फैसला साल 2024- 25 से लागू होगा। हालांकि इस दौरान अगर कोई कारोबारी पुराने रेट के हिसाब से अपना बिल जमा करता है तो उसका पैसा वापस होगा या फिर अगले बिल में उसको एडजस्ट किया जाएगा।

# 15 वर्ष पुराने स्कूल वाहन किसी भी दशा में नहीं चलेंगे: संजय तिवारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्कूली वाहनों फिट होगें तभी सड़क पर चलेगें, 15 वर्ष पुराने स्कूली वाहन सड़क पर नही चलने चाहिए। स्कली वैन पर चालक का नाम और फोन नम्बर दर्ज होना चाहिए। इसको लेकर सोमवार को आरटीओ के अधिकारियों द्वारा अभियान चलाया गया।

- आरटीओ चेकिंग दल शहीद पथ पर 100 से ज्यादा स्कूली बसों और वैनों की जांच की
- पांच खतरनाक अनफिट स्कूली वैन जब्त की गई, 15 स्कूली वाहनों के चालान काटे गये



जिसमें ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ ने कुल 929 स्कूली बसों में 772 फिट और 157 अनफिट हैं। ऐसे ही अनुबंधित और निजी बसों की संख्या 294 हैं, जिसमें 214 फिट और 80 अनफिट हैं। वहीं स्कूली वैनों की संख्या 581 है, इसमें 393 फिट और 188 अनफिट हैं। जबकि कुल निजी वैन 2,130 हैं और इसमें 1,325 फिट और 805 अनफिट हैं।

आरटीओ प्रशासन संजय तिवारी और आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज के नेतृत्व में सोमवार को ट्रांसपोर्टनगर फिटनेस सेंटर पर स्कूल वाहन मालिकों और चालकों की बैठक बुलाई। बैठक में पांच बिंदुओं पर वाहन मालिकों को चेताया गया। जहां अनफिट वाहन पकड़े जाने पर वाहन मालिक और प्रबंधन पर कार्रवाई होगी। 15 वर्ष पुराने स्कूल वाहन किसी भी दशा में नहीं चलेंगे। फिटनेस सेंटर पर स्कूल वाहनों के फिटनेस के लिए काउंटर खोले जाएंगे। हर हाल में 13 बिंदुओं पर वाहनों की फिटनेस करानी होगी। अनफिट स्कूली बस और वैन के खिलाफ सोमवार को चेकिंग अभियान शुरू हो गया। यह अभियान 22 जुलाई तक रोज चलाया जाएगा। सोमवार को आरटीओ चेकिंग दल शहीद पथ पर 100 से ज्यादा स्कूली बसों और वैनों की जांच की, जिसमें बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से पांच खतरनाक अनफिट स्कूली वैन जब्त की गईं। जबकि 15 स्कूली वाहनों के चालान काटे गए।

# कई क्षेत्रों में पकड़े गये बिजली चोरी करते

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लेसा द्वितीय में बिजली चोरी अभियान चलाया गया जिसमें विजलेंस टीम ने बीकेटी के मगंल प्रसाद पुत्र छेदालाल को एलटी लाईन के सर्विस केबिल को मीटर से पहले काटकर एक अतिरिक्त केबिल जोड़कर चलाया जा रहा है जिसने के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। चिनहट के कंचनपुर मटियारी में कटिया लगाकर बिजली चोरी पकड़ी जा रही थी। जिनके खिलाफ विभाग के तरफ से एफआईआर दर्ज कराया गया। गायत्रीपुरम में उत्कर्ष श्रीवास्तव जो मटियारी में रहते है उनके खिलाफ भी बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रमेश सिंह कंचनपुर मटियारी में बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिनके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया।



# जीएसटी प्रणाली को और अधिक सरल बनाया जाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में गोमती नगर स्थित कार्यालय में राज्य कर आयुक्त (वाणिज्य कर) नितिन बंसल से मिला। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने प्रदेश भर के व्यापारियों से जीएसटी की समस्याओं से संबंधित 20 सूत्रीय मांग पत्र एवं सुझाव पत्र को जीएसटी काउंसिल में भेजने के लिए राज्य कर आयुक्त (वाणिज्यकर) नितिन बंसल को सौंपा।



संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आयुक्त को बताया वर्तमान में जीएसटी के मकड़जाल में व्यापारी उलझ गया है। अनेक विसंगतियां को तुरंत दूर करने की आवश्यकता है। जीएसटी की 53वीं बैठक में हुए निर्णय का भी नोटिफिकेशन को जारी किए जाने की मांग की। व्यापारियों के मांग पत्र को केंद्रीय वित्त मंत्री एवं जीएसटी परिषद में भेज कर प्रदेश सरकार की ओर से इसको अमल में लाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से व्यापारियों का पक्ष रखने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर महामंत्री अमित अग्रवाल ,नगर उपाध्यक्ष परवेश जैन, नगर उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, प्रवीण मिश्रा, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम शामिल थे।

- आदर्श व्यापार मंडल ने जीएसटी कमिश्नर को सौंपा 20 सूत्रीय मांग पत्र

# नालों पर हुए अवैध निर्माणों पर चलेगा बुलडोजर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहरों में जलराव की समस्या पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि जरा सी बारिश में भी सड़कों पर पानी भर जाता है। नगर विकास विभाग ने पिछले दिनों बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई के लिए 72 घंटे का विशेष अभियान चलाया। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक नालों की सफाई होने के बाद भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। उच्च स्तर पर पिछले दिनों हुई बैठक में इसको लेकर चिंता भी जताई गई और यह सहमति बनी है कि नालों पर हुए अवैध निर्माण को चिह्नित करते हुए इन्हें तोड़ने का अभियान चलाया जाए। नालों पर अवैध निर्माण के चलते पूरी तरह से सफाई न होने की वजह से जल निकासी की समस्या बनी रही है, जिससे बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव हो जाता है। अभियान के दौरान हर छोटे बड़े नाले नालियों को सफाई कराई गई। जल भराव वाले स्थानों को चिह्नित करने का भी अभियान चलाया जाए, जिससे तुरंत ही समाधान किया जा सके। इसके बाद भी पिछले दिनों लगातार हुई बारिश से शहरों में अधिकतर स्थानों पर जलभराव हो गया। इसके चलते शहरी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उच्च स्तर पर शहरों में जलभराव को लेकर नाराजगी जताई गई है। नगर विकास विभाग से पूछा गया है कि नाला-नालियों की सफाई कराने के बाद भी जलभराव की इतनी बड़ी समस्या कैसे खड़ी हो गई। बताया जा रहा है कि नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शहरों में ऐसे नालों को चिह्नित किया जाए कि कितनों पर अवैध निर्माण हैं और कितनों की वजह से शहरों में जलभराव हो रहा है। ऐसे नालों पर हुए अवैध निर्माण को अभियान चलाकर हटाया जाए। नगर निगमों में 1553777 मीटर के 7201 नाले, पालिका परिषदों में 2998686 मीटर के 906 नाले, नगर पंचायत वाले क्षेत्र में 1351078 मीटर के 2078 नालों की सफाई का दावा किया गया है।

- प्रदेश में दस हजार नालों की सफाई के बाद भी जलभराव

# व्यापारियों को ऑनलाइन ट्रेडिंग की ट्रेनिंग करायेगा व्यापार मंडल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने राजधानी के व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने, बचाने एवं उनका उत्पीड़न रोकने तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई है। यह निर्णय व्यापार मंडल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में लखनऊ नगर एवं जिले के सभी प्रमुख बाजारों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने वर्तमान में परंपरागत व्यापारियों के व्यापार में ऑनलाइन ट्रेडिंग के कारण आ रही चुनौतियों एवं जीएसटी के विषयों को प्रमुखता से उठाया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा व्यापारियों के व्यापार को बचाना, बढ़ाना एवं उनके मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करना संगठन का प्रथम उद्देश्य है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल आज राजधानी सहित प्रदेश में व्यापारियों के विश्वास का केंद्र है ऐसे में संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। बैठक में व्यापारियों को जागरूक करने के लिए 13 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रत्येक बाजार में व्यापारी जागरूकता सम्मेलन आयोजित करने तथा बाजारों में स्थानीय पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ प्रतिमाह मासिक बैठक करने तथा व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने के लिए प्रत्येक बाजार में उड़नदस्ते का गठन करने तथा व्यापार को बचाने और बढ़ाने के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए जाने की कार्य योजना तैयार की गई। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा जिन व्यापारियों को ऋण की आवश्यकता होगी संगठन उन्हें बैंकों के माध्यम से ऋण की व्यवस्था करने में सहयोग करेगा। क्षेत्रीय स्तर पर व्यापार मेला एवं कार्निवल का भी आयोजन किया जाएगा ताकि परंपरागत व्यापारियों का व्यापार बच सके।

# स्लज डिवाटरिंग मशीन के डेमो के लिए डेनमार्क गये अफसर

*लखनऊ।* नालों, नालियों और चैंबरों से निकलने वाले कीचड़ (सिल्ट) का निस्तारण हाइटेक तरीके से होगा। कीचड़ से पानी को निकालकर नगर निगम सिल्ट का उठान होगा। वहीं जलकल कीचड़ से निकलने वाले पानी का दोबारा उपयोग कर सकेगा। शासन के निर्देश पर नगर निगम इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए स्लज डिवाटरिंग मशीन (वाहन) खरीदने की तैयारी कर रहा है। मशीन की कार्यप्रणाली को समझने व इसके डेमो के लिए लखनऊ नगर निगम से मुख्य अभियंता विद्युत यांत्रिक मनोज प्रभात व जलकल विभाग के इंजीनियर सात दिन के लिए डेनमार्क गए हैं। नगर विकास विभाग ने मोबाइल एफएसएसएम स्लज डिवाटरिंग मशीन को खरीदने के लिए एक अधिकारी को विदेश यात्रा (डेनमार्क) भेजने के लिए नामित करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए थे। मशीन को खरीदने से पहले जरूरी है कि इसकी कार्य प्रणाली को सही तरह से जाना जाए। इसके लिए हर नगर निगम से किसी जानकार अधिकारी को डेनमार्क भेजा गया है। अधिकारी मशीन का डेमो लेने के साथ ही वहां पर किस तरह कार्य हो रहा है इसका भी निरीक्षण करेंगे। लखनऊ नगर निगम व जलकल विभाग के अलावा कई अन्य निगम से अधिकारी भी डेनमार्ग गए हैं। 14 जुलाई तक अफसर वहां रहेंगे। लखनऊ नगर निगम में मुख्य अभियंता के विदेश जाने पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने मार्ग प्रकाश विभाग की जिम्मेदारी अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा व आरआर का प्रभारी अधिशासी अभियंता पीके सिंह को बनाया है।

# जॉगिंग ट्रैक का काम घटिया, निर्माण निगम पर जुर्माना व एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में निर्माणधीन जॉगिंग ट्रेक की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं मिली है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत हाल में ट्रैक का काम पूरा हुआ है। ट्रैक की फिनिशिंग अच्छी न मिलने पर कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने नाराजगी जताई है। यह काम सरकारी कार्यदायी संस्था उप्र. राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) की ओर से कराया जा रहा है। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ जुर्माना लगाते हुए संबंधित पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माणधीन जॉकिंग ट्रैक को ध्वस्त करते हुए पुनः जॉकिंग ट्रैक का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक कराया जाए। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब सोमवार को स्मार्ट सिटी से संचालित परियोजनाओं व लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से किए जा रहे हेरिटेज कार्य की समीक्षा कर रहीं थीं। एलडीए के पारिजात सभागार में आयोजित बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ताईक्वांडो हाल, वॉलीबॉल कोर्ट, क्रिकेट प्रैक्टिस पिच की गुणवत्ता की जांच संबंधित अधिकारी स्वयं नियमित रूप से करते रहे। वॉलीबॉल ट्रैक की फिनशिग अच्छे से करें। बॉक्सिंग रिंग के बाहर के एरिया को लेबल कर लिया जाए। संबंधित द्वारा बताया गया कि क्रिकेट स्टेडियम की लाइटिंग, हैंडबॉल कोर्ट व शौचालय के सिविल कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणधीन कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त के पश्चात मंडलायुक्त को संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत हुसैनाबाद हेरिटेज जोन के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण मे लजीज गली का सम्पूर्ण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फ्रेग्नेस पार्क का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। कैफेटेरिया का कार्य शेष बचा है। दो टॉयलेट ब्लॉक का काम चल रहा है जिसको 5 दिन में पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तांगा स्टैंड पर केनोपी, बोर्ड व डिजाइन के तहत विकसित करते हुए मॉडर्न तांगा का लुक दिया जाए। कैसरबाग चौराहा के इमारतों का फसाद लाइट, रोटरी व हेरिटेज इमारतो के जीर्णोद्धार, साज-सज्जा के 92% कार्य पूर्ण करा लिया गया है। उन्होंने शेष कार्य में तेजी लाने व हेरिटेज जोन में एकरूपता के तहत साज-सज्जा के कार्य कराये जाने को लेकर निर्देश दिया।

# कहीं उफनाता सीवर तो कहीं कीचड़ ने बढ़ायी समस्या

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बारिश के बाद शहर की सड़कों की हालत खस्ताहाल हो गई है। कई इलाकों में पानी तो निकल गया मगर कीचड़ होने से समस्या बढ़ गई है। वहीं कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां सीवर उफना रहा है। इस वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मल्लाही टोला में सीवर उफनाने से लोगों में नाराजगी है। एलडीए की प्रियदर्शिनी योजना का बुरा हाल है। यहां सीवर का पानी एवं जल निकासी का कोई साधन नहीं है। क्षेत्रीय नागरिकों के शिकायत करने का भी कोई असर नहीं पड़ा है।

- बारिश से सड़कों की हालत खराब, चलना हुआ मुश्किल

बारिश के चलते गलियों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पानी भरा होने से लोग गिर रहे हैं। कीचड़ ने भी परेशानी बढ़ायी है। फरीदीपुर, फैजुल्लागंज, सरोजनी नगर, तपोबन नगर, चिल्लावां, अमौसी की सड़कों पर गड्ढे हो गए। दरोगा खेड़ा की सड़कें भी बदहाल हो गई हैं। सरसांवां अर्जुनगंज में कीचड़ से लोग परेशान हैं। भरवारा, गीतापुरी कॉलोनी की दशा भी खराब है। प्रियदर्शनी योजना सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ कॉलेज के आसपास जल निकासी न होने से बच्चों को आने जाने में समस्या हो रही है। साथ ही मौसमी बीमारियों के फैलने का डर सताने लगा है। इंदिरा नगर के अमित सिंह ने बताया घर के सामने स्थित नाली में सीवर लाइन का पानी 2 माह से भरा हुआ है। कई बार इसकी शिकायत करने के बावजूद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। कन्हैया माधोपुर वार्ड द्वितीय के फरीदीपुर स्थित अंजान बाबा पेड़ के पास कई दिनों से सीवर उफना रहा है। मल्लाही टोला में सीवर उफनाने से लोगों में नाराजगी है। यहां के पार्षद गुलशन अब्बास ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस पर खुद नगर आयुक्त ने मामले का संज्ञान लेकर सीवर की सफाई कराई। मोहर्रम को लेकर पुराने लखनऊ में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सफाई से लेकर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिये थे। मगर सोमवार को पहली मोहर्रम होने के बाद भी पुराने लखनऊ के अधिकतम इलाकों में गंदगी का अम्बार लगा रहा। पिछले दिनों तेज बारिश के बाद मल्लाही टोला द्वितीय के मुफ्तीगंज इलाके की सड़क पर सीवर उफनाया हुआ था। पार्षद ने बताया कि उन्होंने कई बार सीवर व गली की सफाई कराने की मांग की थी। इसके बावजूद न ही सीवर साफ हुआ और न ही झाड़ू लगी। जिससे नाराज होकर उन्होंने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# चाचा ने भतीजे की हत्या कर शव फंदे से लटकाया

- पुलिस कर रही मामले की जांच
- ठाकुरगंज थाना क्षेत्र का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनबाड़ी में सब्जी विक्रेता राम भरोसे (42) की हत्या कर दी गयी। उसका शव सोमवार को घर में फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने चाचा पर भतीजे की हत्या कर शव को फंदे से लटकाये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीपी पश्चिमी ने बताया कि मरी माता मंदिर बरौरा हुसैनबाड़ी निवासी सब्जी विक्रेता राम भरोसे का चाचा रामसेवक से एक मकान को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार को चाचा-भतीजे के बीच झगड़ा हो गया था। जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट होने लगी। हालांकि, पड़ोसियों ने हस्ताक्षेप कर बीच-बचाव किया। इसके कुछ ही घंटे बाद राम भरोसे का शव घर में फंदे से लटकता मिला। सब्जी विक्रेता की मौत के बाद परिजनों ने चाचा रामसेवक पर भतीजे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि चाचा रामसेवक ने साजिश के तहत मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली थी। इसके बाद रामसेवक भतीजे को घर से निकालने की तमाम कोशिशें करने लगा था। पूर्व में भी दोनों के बीच खून संघर्ष हो चुका है। परिजनों का कहना है कि सुबह करीब सात बजे रामसेवक ने भतीजे की हत्या कर खुद पर चाकू से वार करके मौके से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि परिजनों ने रामसेवक पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस को दिए बयान में बेटे राम मौर्या ने बताया कि, सुबह करीब साढ़े छह बजे पिता रामभरोसे दुबग्गा सब्जी मंडी जा रहे थे। तभी उनके चाचा अपने परिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर पिता से मारपीट करने लगे। पिता की आवाज सुनकर सभी ऊपर गए तो कमरे से चीखने की आवाज आई। बेटे का कहना है कि जब तक वह पिता को बचाने पहुंचा तब रामसेवक ने उन्हें मारकर फंदे से लटका दिया। बताया कि रामसेवक के घर में चार परिवारिक सदस्य है। सब्जी विक्रेता रामभरोसे की पत्नी ने बताया कि उनके मकान का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार को न्यायलय में उनके मामले की सुनवाई थी। पत्नी का आरोप है सुनवाई से पूर्व आरोपितों ने सुबह उनके पति की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया है। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्या में सब्जी विक्रेता राम भरोसे ने फंदा लगाकर खुदकुशी की है। वहीं परिजन चाचा रामसेवक और उनके परिवारिक सदस्यों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। दोनों पक्ष एक ही मकान में रहते हैं। उनके बीच लंबे समय से मकान का विवाद चल रहा है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

**चार महिने पहले जेल से छूटकर आये हत्यारे ने लगाई फांसी:** राजधानी के बाजारखाला इलाके में जेल से जमानत पर छूटे हत्यारोपी ने फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि चार माह पहले ही जमानत पर आया था। सोमवार दोपहर में उसने ऐशबाग कब्रिस्तान के पीछे के जंगल में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बाजारखाला इलाके के हबीब नगर गूदड़ बस्ती के रहने वाले मकसूद (50) पुत्र सरदार अहमद पान मसाले का काम करता था। सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे ऐशबाग कब्रिस्तान के पीछे पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। आसपास के लोगों ने फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने शव पेड़ से उतारकर परिवार को सूचना दी। पुलिस जांच में पता चला कि मकसूद 4 महीने पहले ही जेल से जमानत पर छूटा था। 2002 में हत्या के मामले में मकसूद जेल गया था। मकसूद के परिवार में पत्नी व 3 भाई हैं। एक बेटा और एक बेटी है। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

**ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत:** ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी। रहीमाबाद थाना प्रभारी अनुभव सिंह ने बताया कि सोमवार रात रहीमाबाद स्टेशन मास्टर में सूचना दी की कैथुलिया रेलवे क्रॉसिंग के आगे ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करने की कोशिश की गयी। लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष है। वह नीले कलर का सफेद बिंदी वाला शर्ट और नीली जींस पहने हुए था।

**करंट लगने से मजदूर की मौत:** निर्माणाधीन मकान में कार्य करने के दौरान सोमवार को मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। मूलरूप से बलरामपुर निवासी साथी मजदुर अजमेर ने बताया कि वह पेशे से राजमिस्त्री है ?। सोमवार को वह कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के विनय नगर में अपने मजदूर साथी नन्दलाल निवासी लहरपुर सीतापुर के साथ ऋषि के निमार्णाधीन मकान पर काम पर गया था। इस दौरान नंदलाल टिल्लू से मकान की तराई कर रहा था। जो अचानक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। जिसे इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी ने दहेज को लेकर बहु को बंधक बनाकर पीटा

- फांसी पर लटकाने का आरोप
- अस्पताल में भर्ती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर ने दहेज में बीस लाख की मांग न पूरी न होने पर अपनी नव विवाहिता बहु को बंधक बनाकर मारपीट की। विरोध पर उसको फांसी पर लटकाने की कोशिश की गयी। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने महिला को पुलिस की मदद से छुड़कार लोकबधू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं कृष्णा नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में सीएमएस स्कूल के निकट सेक्टर सी-1 में पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हुये राम नरेश यादव अपनी पत्नी राजेश्वरी यादव व बेटे रोहित यादव के साथ रहते है। न्यू गरौड़ा निवासी सुदर्शन यादव के मुताबिक उन्होंने वर्ष 2022 फरवरी माह में अपनी बड़ी पुत्री अनीता यादव का विवाह रोहित यादव के साथ किया था। शादी में सामर्थ्य अनुसार चार पहिया कार समेत दान दहेज भी दिया गया था। शादी के सात माह तक सब ठीक-ठाक चल रहा था। अचानक उसके पति, ससुर, सास व नन्द अर्चना मिलकर उससे बीस लाख रुपए की मांग करने लगे। असमर्थ बताने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर बीते तीन दिनों से उनकी पुत्री को घर में बंधक बनाकर उसकी पिटाई करने लगे। उसका मोबाईल फोन भी छीन लिया गया। पीड़िता के मुताबिक ससुरालीजन बीस लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर जबरन फांसी का फंदा बना लटकाने की तैयारी में थे। जब वह किसी तरह अपने को बचा छत पर भागी तो रॉड बेल्ट से उसकी जमकर पिटाई करने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गई। उसकी चीख-पुकार सुनकर पडोसी एकत्र हो गए। जिन्होंने बीच-बचाव के बाद महिला के परिजनों को फोन से सूचना दी। पड़ोसी भी इस निर्मम घटना का विरोध करने लगे। इतने में कंट्रोल नंबर पर पुलिस को भी सूचना दी गयी। सूचना पर मौके पर पहुचें पिता और भाई ने पुलिस के सहयोग से किसी तरह अपनी घायल पुत्री को बंधक मुक्त कराकर बाहर निकाला और लोकबंधु अस्पताल ले गए। जहाँ विवाहिता का इलाज चल रहा है। कृष्णा नगर प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह के मुताबिक पिता की शिकायत पर सास, ससुर, ननद व पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित पति को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई की जा रहा है।

## सर्पदंश से घायल किसान की मौत

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में एक एक किसान को सांप ने काट लिया। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज स्थित मोअज्जम नगर कासिमपुर बिगुहा का रहने वाला रामकृष्ण (42) खेती किसानी करते थे। भाई मनोरथ ने बताया उसका भाई शनिवार रात किसी काम से अपनी पहली मंजिल के जीने से उतर रहे थे। तभी जीने के किनारे बैठे सांप ने उन्हें डस लिया। उनकी आवाज सुनकर घर के और भी लोग आ गए। हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले गये। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक की शादी के बाद पत्नी से अलगाव हो गया था।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभव एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 19.07.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 20.07.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी । निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने / विभिन्न फर्मो विभक्त करने / त्रुटि सुधार / पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा । निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.mvvn1.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे । निविदा का विवरण निम्नवत है:- **1. ई - निविदा संख्या 43 एच (एफ) (कार्य) / 2024 - 25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अधीन श्रावण झूला मेला एवं कांवड यात्रा के दृष्टिगत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, राम की पैड़ी, साकेत एवं निर्मोचनघाट एवं अन्य के अन्तर्गत आने वाले पोलों पर पन्नी बाधने एवं लाइनों के अनुरक्षण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2000.00। **2. ई - निविदा संख्या 44 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - द्वितीय, अयोध्या के अधीन श्रावण झूला मेला एवं कांवड यात्रा के दृष्टिगत 33 / 11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, दर्शननगर, पूरा एवं बाकरगंज एवं अन्य के अन्तर्गत आने वाले पोलों पर पन्नी बाधने एवं लाइनों के अनुरक्षण का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या।**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**

**(पत्रांक 7248 / दि. 08.07.2024)**

## मछली पकड़ने के दौरान युवक की नदी में डूब कर मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मोहनलालगंज।** निगोहां में मछली का शिकार कर रहे युवक की नदी में डूबकर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दयालपुर का मजरा कमाखेड़ा निवासी सुरेंद्र कुमार (30) सोमवार सुबह नगराम के डिघारी निवासी अपने साले रामसूरत के साथ निगोहां के पास स्थित सईं नदी में मछली का शिकार करने गया था। जहां सुरेंद्र नदी से हाथ में मछलियों लेकर नदी पार कर रहा था। इस दौरान अचानक वह नदी में डूब गया। यह देख उसके साले रामसूरत ने शोर मचाते हुए ग्रामीणों को बुलाया और सुरेंद्र की तलाश शुरू कर दी। सूचना पर पहुंचे निगोहां एसओ अनुज कुमार तिवारी ने ग्रामीण और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। मौत की खबर सुनकर परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं। मृतक की एक पत्नी सुमन व पांच वर्षीय एक बेटा है।

**व्यापारी के बेटे ने दी जान:** इन्दिरानगर में व्यापारी के बेटे ने सोमवार सुबह घर में फांसी लगाकर जान दे दी ली। इन्दिरानगर सेक्टर- 10 निवासी संजय सिंह हार्डवेयर व्यापारी हैं। जिनका बेटा हिमांशु सिंह (21) पढ़ाई के साथ इन्दिरानगर बी- ब्लॉक स्थित दुकान पर बैठता था। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह वह नाश्ता करने के बाद अपने कमरे में चला गया। काफी देर बाद भी बाहर न निकलने पर परिवार वालों ने कई आवाज दी पर कोई जवाब नहीं मिला। शीशे का दरवाजा तोड़कर परिवार वाले भीतर गए तो हिमांशु पंखे के कुंडे से चादर के फंदे के सहारे लटका हुआ था। जिसे देख उनकी चीख निकल गई। परिवार में मां सीता सिंह व छोटा भाई मोनू हैं। इंस्पेक्टर इन्दिरानगर के मुताबिक कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## नियमों के विपरीत चलने वाले वाहन चालकों की नहीं चली धौंस

- नाबालिग वाहन चालकों के वाहनों का हुआ चालान, स्कूली वैन पर भी बरती गई सख्ती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में आज यातायात पुलिस ने नाबालिगों के गाड़ी चलाने पर शिकंजा कसा। वही नियमो के विपरित चलने वाली वैन का भी चालान किया। किसी को कोई धौस काम नही आई। शहर के कई जगहों पर बाइक चला रहे नाबालिग की गाड़ियों का चालान किया गया। यू तो राजधानी पुलिस यातायात नियमों को तोड़ने के लिए रोज वाहनों का चालान कर लोगो से मोटा जुमार्ना वसूल रही। लेकिन आज शहर के कई चौराहों पर केवल उन बच्चो की चेकिंग की गई जो नाबालिक थे और बिना रोक टोक के वाहन चला रहे थे इनकी उम्र 18 वर्ष से कम थी। इसको लेकर राजधानी के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर ने कड़े निर्देश दिए है। जिसको लेकर यातायात पुलिस ने नाबालिग वाहन चालकों और नियमों का उल्लंघन करने वाली स्कूली वैन के खिलाफ अभियान चलाया गया। सोमवार को करीब डेढ़ बजे हजरतगंज पुलिस कमिश्नर आवास (डनलप) तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस बल ने सेंट फ्रांसिस स्कूल की तरफ से स्कूटी सवार एक नाबालिग बच्चे को वहां खड़े टीआइ वेंकटेश्वर सिंह ने रोक कर डीएल मांगा तो इस पर बच्चा कहता है अंकल डीएल तो नहीं है, मेरे पापा भी एसएचओ हैं प्लीज छोड़ दीजिए। आगे से बिना डीएल के गाड़ी नहीं चलाऊंगा। टीआइ वेंकटेश्वर सिंह ने कहा कि बेटा यह सब आपकी सुरक्षा के लिए ही हो रहा है। बिना डीएल के आप गाड़ी चला रहे हैं अपने पापा से बात कराओ। इतना कहते ही छात्र चुप हो गया।

इस पर टीआइ ने कहा कि मैं आपकी कोई मदद नहीं कर सकता। इतना कहते हुए स्कूटी का 25 हजार रुपये का चालान कर दिया। इसके बाद टीएसआइ देश दीपक ने एक स्कूटी सवार को रोका तो उसने भी धौंस जमाते हुए कहा कि मैं हरिओम मिश्रा हूं और बटलर पैलेस से सीडीओ साहब के यहां से आ रहा हूं। उनका इलेक्ट्रीशियन हूं डीएल और हेलमेट नहीं है छोड़ दीजिए। इस पर टीएसआइ ने कहा कि मुझसे मतलब नहीं है तुम कहा से आ रहे हो। उन्होंने बिना डीएल और हेलमेट के गाड़ी चलाने पर छह हजार रुपये का चालान कर दिया। इसी दौरान सप्रू मार्ग की तरफ दो बच्चे फरार्टा भरते स्कूटी से आ रहे थे। उन्हे जब पुलिस ने तिराहे पर रोका तो बच्चों ने कहा अंकल कोचिंग से आ रहा हूं छोड़ दीजिए अब से हेलमेट का उपयोग करेंगे। पुलिस ने उनकी उम्र पूछी तो सत्रह वर्ष बताया। इस पर पुलिस ने हजार रुपये का चालान कर दिया। यही नही उसी दौरान बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर सवार होकर बिना हेलमेट लगे एक व्यक्ति फरार्टा भरते जा रहा था। टीएसीआई ने रोका तो उसके पास डीएल नही था। जब पुलिस ने नंबर प्लेट की बाबत पूछा तो उसने डिग्गी में रखी नंबर प्लेट खोलकर दिखाने लगा। कहा की इसे लगवाने जा रहा हूं। डीएल न होने पर पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया। इसके अलावा एक वैन में आठ सवारी बैठाने का परमिट लेकर वैन चालक ग्यारह बच्चो को बैठकर जा रहा था। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह और टीआई ने जब उसे रोका तो वैन में लगा फायर एस्टिंगुशर भी ठीक नहीं था। इसके अलावा चालक के पास डीएल नही था। जिसके बाद उसका भी चालान किया गया। यातायात कर्मियों ने गाड़ी में बच्चे होने के कारण वैन को सीज नही किया और उसे जाने दिया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी स्नातक की मार्कशीट रोल नं. 1201174058 वर्ष 2023 कहीं खो गई है। **सार्थक त्रिपाठी पुत्र श्री पंकज कुमार त्रिपाठी नि.- म.नं. 655/ए/338, गायत्रीपुरम, थाना गुडम्बा, कुर्सी रोड, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

मेरा नाम सोनू पुत्र कढ़िले है। पूर्व में निर्मित आधार कार्ड नंबर 473550764243 है। जिसमें गलती से हरी लाल दर्ज हो गया है। भविष्य में मुझे सोनू पुत्र कढ़िले के नाम से जाना एवम पहचाना जाए। **सोनू पुत्र कढ़िले निवासी ग्राम लोनहां, पोस्ट पिपरसंड, तहसील सरोजनीनगर, जिला लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र और प्रमाण पत्र अनुक्रमांक नं. 0641558 व इण्टरमीडिएट का अंकपत्र और प्रमाण पत्र अनुक्रमांक नं. 0302600 कहीं खो गया है। **राहुल अग्रवाल पुत्र राम गोपाल अग्रवाल नि.- 288/230 आर्य नगर, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि रामसिंह पुत्र बृजमोहन नि. ग्राम व पो. बेलवामोती तहसील धौरहरा जिला खीरी। पहले मेरा नाम रामू शर्मा था जो कि बदलकर अब सभी कागजात में रामसिंह रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बैग जिसमें मकान नं.- सी-1617, राजाजीपुरम, लखनऊ की मूल लीज डीड, कब्जा लेटर, एलाटमेन्ट लेटर और जमा रसीदों सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। कहीं गिर गया है। जिस किसी को भी मिले सूचित करें। **ओपेन्द्र कुमार पुत्र स्व. भगवान दास निवासी-सी-1617, राजाजीपुरम, लखनऊ स्थायी नि.- महोबा मेन रोड, गायत्री ज्वैलर्स, थाना व जिला-महोबा, उ.प्र.**

## टप्पेबाज युवक ने बैंक परिसर में महिला से दस हजार रुपये ठगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बैंक से रुपया निकालने गई महिला की मदद के नाम पर टप्पेबाज ने दस हजार रुपये ठग कर फरार हो गया। मानक नगर प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि कृष्णा नगर के मधुवन नगर निवासी गीता देवी के अनुसार उनका बैंक खाता मानक नगर क्षेत्र में संचालित बैंक आफ इण्डिया शाखा आलमवाग में है। बीती 4 जुलाई को वह बैंक से पैसा निकालने गई थी। उन्होंने बैंक से बीस हजार रुपये निकाले थे। आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने रुपए गिनने के बहाने दस हजार रुपये लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस के अनुसार बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी युवक के मिले फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

**जज का निजी सचिव बताकर रुपये वसूले:** जालसाज ने खुद को जज का निजी सचिव बता हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने के नाम पर 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। विभूतिखंड निवासी अरुण कुमार के मुताबिक कुछ समय पहले प्रयागराज के कांदी निवासी ऋषभ शर्मा से उनके गोमतीनगर स्थित रेस्टोरेंट पर मुलाकात हुई थी। ऋषभ ने उन्हें खुद को हाईकोर्ट के जज का निजी सचिव बताकर हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलवाकर 15 लाख रुपये ले लिये। इस बीच उन्हें पता लगा कि ऋषभ पहले भी कई लोगों से रुपये ले चुका है। कुछ वर्ष पहले वह वह जेल से छूटकर आया है। उन्होंने रुपये लौटाने को कहा तो आरोपित पिता-पुत्र जान से मारने की धमकी देने लगे।

**फर्जी सीबीआई अफसर ने धमका वसूले रुपये:** जालसाज ने खुद को सीबीआई अधिकारी बता महिला को जेल भेजने की धमकी देकर 1.14 लाख रुपये ऐंठ लिए। जानकीपुरम 60 फिटा रोड निवासी सुनील ने बताया कि बीती तीन जुलाई को उनकी पत्नी के फोन पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को सीबीआई अधिकारी बता कहा कि आपके नाम का एक पार्सल पकड़ा गया है। पार्सल में गांजा और अफीम है। इसके लिए उनके परिवार को जेल जाना होगा। अगर वह दो लाख रुपये भेज दें तो वह और उनका परिवार जेल जाने से बच सकता है। बातों में आकर उन्होंने बताए खाते में 1.14 लाख रुपये भेज दिए।

## जमीन कब्जाने की शिकायत पर पहुंचे अधिकारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जमीन कब्जाने की शिकायत पर जांच करने तहसील के अधिकारी सोमवार को काजीखेड़ा गांव पहुंचे। यहां पर एक निजी कंपनी द्वारा किसान की जमीन पर जबरदस्ती रास्ता बनाकर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। इस पूरे मामले की लिखित शिकायत कई बार पीड़ित किसान ने अधिकारियों से की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो किसान नेता हौसलेंद्र पटेल ने तहसील अधिकारियों को अवगत कराया। भूमि के अन्य खातेदारों ने अपने हिस्से की जमीन राजधानी हाईवे ग्रीन कंपनी को बेची थी। लेकिन उसने अपनी जमीन नहीं बेची थी। ऐसे में कंपनी द्वारा इस किसान की जमीन पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था।

**युवक को दबंगों ने पीटा:** होटल में नाश्ता करने गए युवक को दबंगों ने मामूली कहासुनी पर उसके सिर में ईट मार कर धमकी दे कर फरार हो गए। आशियाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि एलडीए कालोनी निवासी हरिराम विश्वकर्मा के अनुसार वह बीती सात जुलाई को बोधलाल की दुकान पर समय सुबह नाश्ता करने गया था। आरोप है कि इस दौरान होटल पर मनीष नामक युवक संग दो तीन लोग आ गए और गाली गलौज मारपीट करने के साथ उसके सर पर ईट से हमला कर दिया। जिसके बाद उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। वही पीड़ित ने लहुलुहान हालत में स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**जमीनी विवाद में तीन लोग घायल:** खेत की मेड विवाद में दो पक्षों में हुयी मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। ग्राम गौरा के बेलहनी गाँव मे रविवार को खेत की मेड को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। जिसमें संदीप, अंकित व आशीष घायल हो गये।

## कोतवाली परिसर स्थित दारोग के घर में चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली परिसर में धावा बोलकर चोरों ने दारोगा के घर से सामान चुरा लिया। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि कमरे का दरवाजा खुला था। दारोगा के आपे के बाद ही चोरी की पुष्टि होगी। कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि कोतवाली परिसर में बनी बिल्डिंग टाइप -3 में उपनिरीक्षक अनीस सिंह परिवार संग रहते हैं। जो वर्तमान में गोसाईगंज थाने में तैनात है। रविवार को वह घर का दरवाजा बंद कर ताला लगाकर नौकरानी को चाभी देकर प्रयागराज अपने रिश्तेदार के यहाँ आयोजित मुण्डन कार्यक्रम में चले गए थे। इस दौरान नौकरानी घर में चौका बर्तन व साफ सफाई करने के बाद ताला बंद करना भूल गई और चली गई। बिल्डिंग में रहने वालों ने ताला खुला देख उपनिरीक्षक अनीस सिंह को ताला खुला होने की जानकारी दी। इस दौरान चोरी की सूचना ग्रुपो में वायरल हो गयी। छानबीन के दौरान चोरी की पुष्टि नहीं हुई है। जिसकी जानकारी उपनिरीक्षक को देकर उनके कमरे में ताला लगा दिया गया है। उनके आने के बाद चोरी की पुष्टि होने पर आगे की कारवाई की जाएगी।

**उधार के रुपये मांगने पर युवक को पीटा:** उधार के 11 लाख रुपये मांगने पर एक युवक की आंख में पट्टी बांधकर रॉड से मारा पीटा गया। मड़ियांव सेक्टर-सी निवासी अनुज मिश्रा के मुताबिक मोहल्ले के ही व्यापारी पवन सिंह ने कुछ समय पहले व्यापार बढ़ाने के लिए उससे 11 लाख रुपये उधार लिए थे। पवन ने तय समय पर रुपये लौटाने के बाद अपनी फर्म पवन इंजीनियर्स में उन्हें जोड़ने का भरोसा दिलाया था। बातों में आकर उन्होंने रुपये दे दिए। काफी समय बीतने के बाद भी आरोपित ने रुपये नहीं लौटाए। इसपर उन्होने रुपये लौटाने को कहा तो पवन ने अपने भाई गिरिजेश के साथ मिलकर उन्हें जान से से मारने की धमकी दी। अनुज के मुताबिक बीते चार जुलाई को देर रात वह बाइक से घर लौट रहे थे। वह महाराणा प्रताप पार्क वाली सड़क पर पहुंचे ही थे पवन और गिरिजेश ने रोक लिया। रुकते ही पवन ने उनकी आंख पर पट्टी बांध दी। इसके बाद दोनों भाइयों ने मिलकर लात घूसों और रॉड से उनकी पिटाई कर उनकी बाइक भी तोड़ दी। चीख पुकार पर राहगीरों को जुटता देख दोनों आरोपित भाग गए। इसके बाद बलरामपुर अस्पताल में उन्होंने अपना इलाज कराया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक तहरीर पर आरोपित पवन और गिरिजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**रंजिशन दो कारों का शीशा तोड़ा:** दबंगों ने घर के बाहर खडी दो कार पर ईट मार शीशा तोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के तीन माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर एम एलडीए कालोनी निवासी सुभाष अवस्थी के अनुसार बीती 24 मार्च की रात्रि उसके दरवाजे पर उसकी दो कार मारूति वैन व आल्टो कार खडी थी। जिसका शीशा दबंगों ने रंजिश के चलते ईट मारकर तोड़ फरार तोड़ दिया। जब सीसीटीवी में कैद तस्वीरों को देखा गया तो उसमें पडोसी युवक पप्पू दिखाई दे रहा है।

**कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला पंचायत भवन(द्वितीय तल) कैसरबाग, लखनऊ**

**संख्या - 782 / शास्त्रोक्त औषधि / 2024-2025 /** **दिनांक 06/7/2024**

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के अधीनस्थ संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के लिये शास्त्रोक्त औषधि क्रय हेतु वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रविष्टि 19 में निविदा से सम्बन्धित सामान्य सिद्वान्तों में निहित निदेर्शों के अनुसार रू.- 25,00000.00 (पच्चीस लाख मात्र) के अन्तर्गत आपूर्ति करने हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित शास्त्रोक्त औषधि निमार्ताओं से आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रमाण-पत्र e-tender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. आनलाइन निविदा प्रकाशन की तिथि 11.07.2024
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि सायं 11.07.2024 सायं 5 बजे से
4. आनलाइन निविदा की प्रारम्भिक तिथि व समय 11.07.2024 सायं 5 बजे से।
5. आनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि व समय 01.08.2024 सायं 3 बजे तक।
6. आनलाइन निविदा तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय 02.08.2024 पूर्वान्ह 11 बजे।
7. निविदा शुल्क (अप्रतिदेय) रू. 4500.00 (सभी कर सहित) द्वारा आर.टी.जी.एस.
8. निविदा हेतु अर्नेष्ट मनी रू. 50000.00

निविदा से सम्बन्धित अन्य सभी नियम एवं शर्ते e-tender.up.nic.in की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने वाले निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

**(डा. राज कुमार यादव)**
**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखनऊ**

UPID-217188 Date: 08.07.24
Website : www.upgov.nic.in

# अकीदत के साथ निकला शाही जरीह का जुलूस, अजादारों की आंखें हुई नम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अश्कबार आंखे, हाथों में अलम और जुबां पर या हुसैन की सदाओं के साथ पहली मोहर्रम को जब बड़े इमामबाड़े से शाही जरीह का जुलूस निकला तो अजादारों की आंखें नम हो गई। बारिश भी अजादारों के हौंसले पस्त नहीं कर सकी। सैकड़ों की संख्या में औरतें, बच्चे व बुजुर्ग शाही जरीह के जुलूस में शामिल होने के लिए बड़े इमामबाड़े पहुंचे।

अजादार पानी में भीगते हुए जुलूस के साथ साथ चलते रहे, जो देर रात छोटे इमामबाड़े पर खत्म हुआ। बारिश की वजह से मोम से बनी शाही जरीह व अभ्रक के ताजियों को प्लास्टि से ढक दिया गया था ताकि बारिश में वह खराब न हो। साथ ही इस बार शाही जरीह पिछले साल से छोटी बनाई गई थी। पिछले साल 22 फुट की शाही जरीह बनी थी जो रूमी गेट में फंस गई थी। लिहाजा इस बार ट्रस्ट ने 15 फुट की जरीह बनवाई थी। बड़े इमामबाड़े से शाम 7 बजे निकले शाही जरीह के जुलूस में शहनाई पर मजलिसे गम है शाहे हुदा की, आज पहली है माहे अजा की, धुन बजी तो अजादारों की आंखों में आंसू आ गए। सोमवार को अवध के रिवायती अंदाज में शाही जरी का जुलूस निकाला गया। आगे-आगे शहनाई और नकारों पर मातमी धुनें बज रही थी तो पीछे पीएसी व होमगार्ड के जवान बैंड पर मातमी धुनें बजा रहे थे। जुलूस के बीच मार्सियाख्वान अपनी दर्द भरी आवाज में मदीने से इमाम हुसैन की रुखसत को बयान कर रहे थे, जिसे सुन कर लोग अश्कबार हो रहे थे। जुलूस के साथ चल रहे हाथी और ऊंट जुलूस के शाही होने की गवाही दे रहे थे। इमामबाड़े से निकला शाही जरीह का जुलूस अजादारी रोड होता हुआ देर रात छोटे इमामबाड़े पर समाप्त हुआ। जुलूस के आगे ताज, शेरे दहां, सूरज और चांद से सजे हुए 5 हाथी और एक दर्जन ऊंट पर लोग हाथों में काले झंडे लेकर चल रहे थे। उसके पीछे मातमी बैंड, चोबदार, आलम जनाबे अब्बास लिए लोग या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। सबसे पीछे मोम की शाही जरी थी। जुलूस के बीच मार्सिया खान कर्बला में इमाम हुसैन पर हुए जुल्म पर मार्सियाख्वानी कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने मार्सिया... बेकसो बेवतनों साबिरो शाकिर आए। हक पर मरने के लिए दीन के नासिर आए। दश्ते गुरबत में जो यसरब के मुसाफिर आए। गुरबते अहमदे मुरसल के मुजाबिर आए। पढ़ना शुरू किया तो अजादारों की आंखों में आंसू आ गए। वहीं, अजादारों ने शाही जरी और अलम की जियारत की और इमाम को पुरसा दिया। जुलूस में दूर दराज से आए अजादारों के लिए कई लोगों ने चाय और पानी की सबीलों को भी इंतजाम किया था। इसमें आसिफदौला पार्क से लेकर घंटाघर और छोटे इमामबाड़े तक कई चाय पानी और तबरुक की सबीले लगाई गई थी। इसके अलावा हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से भी जुलूस में चाय व पानी की सबील की गई। वहीं, बड़े इमामबाड़े से छोटे इमामबाड़े तक लगे कोबोल पथ्तरों की वजह से भी अजादारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जगह-जगह सबीले लगाई गई

जुलूस के साथ चल रहे हाथी और ऊंट जुलूस के शाही होने की गवाही दे रहे थे। शाही जरीह का जुलूस अजादारी रोड होता हुआ देर रात छोटे इमामबाड़े पर समाप्त हुआ। जुलूस के आगे सबील, माहे मरातिब ताज, सूरज और चांद से सजे हुए हाथी और ऊंट पर लोग हाथों में काले झंडे लेकर चल रहे थे। सबसे पीछे मोम और अभ्रक की शाही जरीह थी। वहीं, अजादारों ने शाही जरीह और अलम की जियारत की और कर्बला के शहीदों को को पुरसा दिया। जुलूस में दूर दराज से आए अजादारों के लिए कई लोगों ने चाय और पानी की सबीलों को भी इंतजाम किया था।

### हाथों में अलम लेकर निकले लोग

जुलूस में 22 फिट की मोम और 17 फिट की अभ्रक की जरीह मुख्य आकर्षक का केंद्र थी। अश्कबार आंखे, हाथों में अलम और लबों पर या हुसैन की सदाओं के साथ पहली मोहर्रम को जब बड़े इमामबाड़े से शाही जरीह का जुलूस निकला तो अजादारों की आंखें नम हो गईं। हजारों की संख्या में औरतें, बच्चे व बुजुर्ग शाही जरीह के जुलूस में शामिल होने के लिए बड़े इमामबाड़े पहुंचे। शाही जरीह का जुलूस के आगे शहनाई और नकारों पर मातमी धुनें बज रही थी। तो पीछे पीएसी व होमगार्ड के जवान बैंड पर मातमी धुनें बजा रहे थे। जुलूस के बीच मार्सियाख्वान अपनी दर्द भरी आवाज में मदीने से हजरत इमाम हुसैन अ.स। की रुखसत को बयान कर रहे थे।



**अजादारी और फर्शे अजा की अहमियत पर खिताब:** इमामबाड़ा गुफरान मआब में मुहर्रम की पहली मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने अजादारी और फर्शे अजा की अहमियत और अजमत पर खिताब किया। मौलाना ने मजीद कहा कि मौजूदा तर्जे जाकिरी का आगाज इसी अजा खाने से हुआ, जिसकी तारीख मुरत्तब कर दी गयी है। मौलाना ने अहादीसे अइम्मा अ.स। की रौशनी में फर्शे अजा की अहमियत को वाजेह करते हुए कहा कि मजलिसे अजा के 14 नाम इमाम जाफर सादिक अ.स। ने बतलाये हैं, जिनसे फर्शे अजा की अजमत का पता चलता है। इस मजलिसे हुसैन अ.स। को मलाइका के नुजूल की जगह, दुरूद का मकाम और मैदाने अराफात से ताबीर किया गया है। मजलिस के आखिर में मौलाना ने सफीर-ए-इमाम हुसैन अ.स। हजरत मुस्लिम बिन अकील अ.स। की कूफा में शहादत का जिक्र किया।

# उत्तर प्रदेश की लोककलाओं का होगा संरक्षण : वंदना सहगल

## एफओएपी और फोकाटोपीडिया के बीच हुआ समझौता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के वास्तुकला एवं योजना संकाय (एफओएपी) ने सोमवार को फोकाटोपीडिया फाउंडेशन, पटना (बिहार) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य लोक, परंपरागत और जनजातीय कलाओं का संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ वर्तमान शिक्षा प्रणाली में उनकी भूमिकाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में मिलकर काम करना है।

एफओएपी की तरफ से संस्था की प्राचार्य एवं डीन डॉ. वंदना सहगल और फोकाटोपीडिया के निदेशक सुनील कुमार ने एफओएपी की विभागाध्यक्ष प्रो. रितु गुलाटी, आर्टएंड ग्राफिक्स प्रकोष्ठ के असिस्टेंट प्रोफेसर गिरीश पांडेय, कलाकार व कला लेखक भूपेंद्र कुमार अस्थाना और फोकाटोपीडिया के एडमिनिस्ट्रेटर अनूप सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर डॉ. वंदना सहगल ने कहा कि फोकाटोपीडिया विगत कई वर्षों से बिहार के साथ-साथ कई प्रदेश की लोककलाओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण की दिशा में प्रसंसनीय कार्य कर रही है। इसीप्रकार उत्तर प्रदेश में भी लोककलाओं के दस्तावेजीकरण और उनके संरक्षण की दिशा में गंभीरतापूर्वक काम करने की जरूरत है। आज अनेक लोककलाएं जिसमें न केवल चित्रकला शामिल है, बल्कि लोकगाथाएं, कथाएं, मुहावरे, लोकोक्तियां आदि भी शामिल हैं, उसकी परंपरा खत्म होने की कगार पर है। ऐसे में प्रदेश की लोककलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिहाज से फोकाटोपीडिया के साथ एफओएपी का यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शोध के अवसरों एवं संसाधनों को विकसित करने, संयुक्त रूप से शोध के अवसर तलाशने, शोध की क्षमताओं को बढ़ाने और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

फोकाटोपीडिया के निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि आज पूरी हिन्दी पट्टी में, खासतौर पर बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे राज्यों में अनेक कला परंपराएं हाशिये पर हैं जिनके दस्तावेजीकरण और डिजिटाइजेशन की बहुत जरूरत है, ताकि उनसे संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यमों में भावी पीढ़ी को हस्तांतरित की जा सके। ऐसे में एफओएपी की मदद से फोकाटोपीडिया उत्तर प्रदेश की कला-संस्कृति के दस्तावेजीकरण और उसके संरक्षण की दिशा में गंभीरतापूर्वक काम कर सकेगी। गौरतलब है कि एफओएपी में आर्टएंड ग्राफिक्स लैब भी है जहां छात्र-छात्राएं वास्तुकला में अंतर्निहित कलात्मक सौदर्य से परिचित होते हैं, साथ ही कला में प्रयोगधर्मिता को भी बढ़ावा मिलता है। ऐसे में एक ऑनलाइन आर्काइव के रूप में विकसित होती फोकाटोपीडिया डिजिटल लाइब्रेरी भी अब छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी साबित होगी जहां वे लोक एवं परंपरागत कलाओं के समृद्ध इतिहास से परिचित होंगे।

# सन्त सम्मेलन के साथ सम्पन्न हुआ माधव मन्दिर का वार्षिकोत्सव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित श्री माधव मन्दिर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के अन्तिम दिन लखनऊ शहर के आस पास के दो सौ से अधिक संतों का सम्मेलन में सम्मलित हुए। जिसमें महंत चंद्रिका दास कोतवाल लखनऊ संत मण्डल सर्व धर्म सद्भावना को बढ़ाने तथा पवन शास्त्री वैदिक ग्रंथों के अध्ययन के प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। सम्मेलन के बाद भंडार आयोजित किया जिसमे संस्थान के पदाधिकारी बिहारी लाल साहू, गोविन्द साहू, भारत भूषण गुप्ता, श्याम जी साहू, ओंकार जायसवाल, राकेश साहू, माया आनन्द, दिनेश अग्रवाल, अनुराग साहू, निशान्त शुक्ला, अमन साहू, दान दक्षना देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ऋषि का सद्साहित्य सन्मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करता है : उमानंद शर्मा



### 413वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्माक्यूटिकल्स सांइस अयोध्या रोड, लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 413वाँ ऋषि वांङ्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्रा जितेन्द्र सिंह ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्ज्ञान व्यक्ति को सन्मार्ग पर चलाता है। संस्थान के निदेशक डॉ. करूणा शंकर शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री, देवेन्द्र सिंह, विजय, जितेन्द्र सिंह एवं संस्थान के निदेशक डॉ. करूणा शंकर शुक्ला, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित निगम, डॉ. वंदना सिंह, संकाय सदस्य, अधिकारीगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# नटराज नृत्य प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** नटराज नृत्य संगीत विद्यालय द्वारा आयोजित द्वितीय नृत्य प्रतियोगिता 2024 का आयोजन भव्य रूप से किया गया, जिसमें लखनऊ, अयोध्या, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, हमीरपुर, पटना, झांसी, बनारस तथा अन्य जिलों और राज्यों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य, संगीत, गायन, वादन एवं विशेष कौशल मॉडलिंग एवं मार्शल आर्टस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीण गर्ग, एवं विशिष्ट अतिथि प्रियंका अग्रवाल सचिव कळरिप्पयट्टु उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ने विजय प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। आयोजन की सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए उसे विद्यार्थियों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजना से न केवल विद्यार्थियों को सही मंच मिलता है, बल्कि उनके अंदर छुपी प्रतिभा में निखार भी आता है।

नटराज नृत्य संगीत विद्यालय, विभिन्न नृत्य रूपों, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रचार और शिक्षा के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। अपने व्यापक पाठ्यक्रम और अनुभवी संकाय के लिए प्रसिद्ध ठउ्टर का उद्देश्य सभी उम्र के छात्रों की कलात्मक प्रतिभा का पोषण और विकास करना है। हम इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करके भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग बालक, युवा, वरिष्ठ के प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया। यह कार्यक्रम नृत्य के विविध रूपों को प्रोत्साहित करने और युवा प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस वर्ष की प्रतियोगिता में निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें नृत्य- एकल प्रथम स्थान आयुषी ओझा, द्वितीय स्थान सान्वी, तृतीय स्थान अन्नू भारती और अंशिका विश्वकर्मा, युवा वर्ग में द्वितीय स्थान आराध्या सिंह और ईशा प्रजापति, प्रथम स्थान अंशिका सिंह, वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान मुक्ताश्री सिन्हा द्वितीय स्थान मुस्कान राजपूत, लोक नृत्य में प्रथम स्थान मुक्ताश्री सिन्हा, नृत्य समूह में प्रथम स्थान शिवांशी विश्वकर्मा और अंतरा कश्यप, द्वितीय स्थान अंशिका सिंह और अनुज कुमार तृतीय स्थान, अमूल्य पांडे और सान्वी नृत्य समूह में प्रथम स्थान शिवांशी विश्वकर्मा और समूह, द्वितीय स्थान अंशिका सिंह और समूह गायन में बालक/बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अनिशा अग्रवाल को मिला। प्रतिभागियों का चयन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें नृत्य के क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञ शामिल थे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में ओवरऑल लखनऊ जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में वादन के लिए सुशांत मुखर्जी, आग्णु कांति सिन्हा, गायन के लिए डॉक्टर उत्तम मुखर्जी, डॉक्टर शिखा भदोरिया, और डांस के लिए मोहित कपूर एवं रीमा सिन्हा शामिल थे। इन सभी ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया।


**अधिशासी अभियन्ता, जॉन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ**

पत्राक:-597/EE-3/LJS/2024-25 दिनांक:- 08.07.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन-3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक 15/07/2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की किया जाएगा है जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/07/2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्ते तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती हैं-

| क्र. स. | कार्य | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-3 के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो में 11 स्थानो में समरसेबिल पम्पो की मरम्मत का कार्य। | Rs.250/- | 4800.00 | 7 days |
| 2 | जोन-3 के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो में 8 स्थानो में समरसेबिल पम्पो की मरम्मत का कार्य। | Rs.200/- | 3700.00 | 7 days |
| 3 | जोन-3 के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो में 10 स्थानो में समरसेबिल पम्पो की मरम्मत का कार्य। | Rs.250/- | 4500.00 | 7 days |

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग नगर निगम


# पांच साहित्यकारों को मिला विभोर स्मृति सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** काव्य कला संगम संस्था के तत्वावधान में आचार्य रामदेव लाल विभोर की 87वीं जन्म जयंती यू पी प्रेस क्लब में सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। समारोह के अध्यक्ष डॉ हरि शंकर मिश्र ने विभोर के छन्द विधान ग्रंथ की प्रशंसा करते हुए उन्हें उच्च कोटि का काव्याचार्य बताया। मुख्य अतिथि मधुकर अष्ठाना ने विभोर की काव्य कृतियों और लक्षण ग्रंथों की प्रशंसा करते हुए उनके साहित्यिक अवदान की सराहना की। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र भूषण ने कहा कि विभोर के रचना संसार का फलक बहुत व्यापक है। उन्हें हिंदी के छंदों पर जितना अधिकार था उतना ही अधिकार उर्दू के उरूज पर भी था। संस्था के उपाध्यक्ष भोलानाथ 'अधीर' ने समारोह में पधारे साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि विभोर जी में कवि और आचार्य का दुर्लभ मणि-कांचन संयोग था। इस अवसर पर लखनऊ नगर के वरिष्ठ कवियों सर्वश्री श्याम श्रीवास्तव, अशोक कुमार पाण्डेय 'अशोक' डॉ गोपाल कृष्ण शर्मा 'मृदुल', कृपाशंकर श्रीवास्तव 'विश्वास' और श्रीमती मधु दीक्षित को आचार्य रामदेव लाल विभोर स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। अंत में संस्था के महामंत्री राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही समारोह के समापन की घोषणा की गई।

# 9 से 18 नवम्बर तक मनाया जायेगा उत्तराखण्ड महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा आज उत्तराखण्ड महापरिषद भवन एक आम सभा की बैठक बुलाई गयी जिसमें उत्तराखण्ड महोत्सव दिनांक 09 नवम्बर से 18 नवम्बर तक मनाया जायेगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं समापन मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के कर कमलों द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

उत्तराखण्ड महापरिषद के उपाध्यक्ष श्री पूरन सिंह जीना द्वारा बताया कि प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी उत्तराखण्ड महापरिषद की स्मारिका उत्तराखण्ड दर्पण प्रकृति नमन विशेषांक भी प्रकाशित किया जायेगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री उ.प्र. अथवा मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के कर कमलो द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। उत्तराखण्ड महोत्सव 2024 में भारत के विभिन्न प्रांतो के हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित हस्त शिल्पियों के उत्पादो जैविक उत्पाद तथा भारत के विभिन्न प्रातों के लोक संस्कति की प्रस्तुतियाँ, डांस उत्तराखण्ड डांस तथा वाइस ऑफ उत्तराखण्ड प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। महोत्सव में प्रकृति नमन विषय पर परिचर्चाएँ तथा महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य तथा वसुधैव कुटुंबकम्पर परिचर्चाएंप्रस्तुत की जायेगी। साथ ही साथ बैठक में उपस्थित महानुभावों द्वारा महोत्सव को सफल बनाने हेतु अपने-अपने विचार रखें। उक्त आम सभा में उत्तराखण्ड महापरिषद के सलाहकार वरिष्ठ वैज्ञानिक-डा0 चन्द्र मोहन नौटियाल एवं संजय काला-वैज्ञानिक सीमैप, जगत सिंह राणा, प्रेम सिंह बिष्ट, संयोजक श्री दीवान सिंह अधिकारी, हेम सिंह, अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-मंगल सिंह रावत, उपाध्यक्ष-पूरन सिंह जीना, महेश चन्द्र सिंह रौतेला, गोविन्द बल्लभ फुलारा, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहें।


**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता**
**जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ**

पत्रांक:-343/EE-6/LJS/2024-25 दिनांक:-08.07.2024

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 15.07.2024 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 15.07.2024 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद / एफडीआर / सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of 1.5 HP Submersible Pump 2 nag at ward Bhwaniganj and Haiderganj IIIrd | रू. 327720.00 | रू. 6600 | रू. 350 | 07 दिन |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6

संक्षेप

## जीजीआईसी के लिए ग्रामवासी चलायेंगे जन जागरूकता अभियान

**ललितपुर**। ब्लाक मुख्यालय बिरधा पर जीजीआईसी न होने से क्षेत्र की बालिकाएं आगें की पढ़ाई नहीं कर पा रही हैं, जिसको लेकर आज बिरधा क्षेत्र की स्वयं सेवी संस्था जन समस्या निवारण समिति के संस्थापक एड.मुकेश कुमार लोधी करमरा ने प्रेस नोट जारी करके बताया कि जन जागरूकता के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को लेकर बिरधा से ललितपुर और ललितपुर से लखनऊ तक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की मांग शासन प्रशासन से की जायेगी।

प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री को पत्राचार कर मांग उसके बाद क्षेत्र में वृहद हस्ताक्षर अभियान,क्रमिक धरना, हड़ताल तथा अनसन कर मांग की जायेगी। आवश्यकता पड ? पर साइकिल से क्षेत्र के युवाओं के साथ लखनऊ के लिए साइकिल यात्रा निकालकर मुख्यमंत्री महोदय से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्यायों से अवगत करायेंगे।

बताते चलें कि बिरधा ब्लाक मुख्यालय पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज न होंने से विशेष कर गरीब तथा निर्धन तबके के लोगों की बच्चियां शिक्षा से दूर रह जातीं हैं।तथा आठवीं के बाद आगें की पढ़ाई नहीं कर पातीं हैं। बैठक में प्रमोद कुशवाहा, भरत लोधी रमपुरा, सतेन्द्र राजा बरौदिया, रामजी सिरौठिया सतौरा, अरविंद रैकवार, प्रदीप घोष, दयाराम प्रजापति, गिन्नीराजा, शिशुपाल लोधी एड बेटना आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेल ट्रैक डूबने से 16 ट्रेन कैंसिल,14 ट्रेन को किया शार्ट टर्मिनेट





**बरेली**। उत्तराखंड के पहाड़ों से लेकर बरेली मंडल के जिलों में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। मगर, इस बारिश से आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बारिश का पानी रास्तों से लेकर रेल ट्रैक तक पहुंच गया है। इससे रास्ते बंद हो गए हैं, तो वहीं रेल ट्रैक पानी में डूबने लगे हैं। सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के रेल ट्रैक

**बारिश में रेल सफर मुश्किल**

पर पानी आने के बाद 16 ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही कई ट्रेन शर्ट टर्मिनेट की गई हैं। पहाड़ और मैदानी क्षेत्रों में मूसलाधार बरसात के कारण इज्जतनगर मंडल के गंगा, जमुना, देवहा, बदायूं-कासगंज रेल खंड के बीच स्थित मध्य गंगा नदी पर बने कछला पुल संख्या 409, लालकुआं-काशीपुर रेल खंड के बीच कोशी नदी पर बने पुल संख्या 104, पीलीभीत-भोजीपुरा रेल खंड के बीच बने देवहा नदी पर बने पुल संख्या 270, कासगंज-मथुरा रेल खंड के बीच यमुना नदी पर बने पुल संख्या 554 पर आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से रेल पुलों पर वाटर लेवल की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। मगर, यहां के कई रेलखंड के ट्रैक पर पानी आ गया है। इस कारण ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इसके अलावा पीलीभीत-टनकपुर रेलखंड के खटीमा-बनबसा स्टेशनों के बीच, 38/16-39/5 पर रेल पथ पर वर्षा का पानी भर जाने के कारण और लालकुआं यार्ड में बरसात का पानी भर जाने के कारण गाड़ियों को रद्द किया गया है।एनईआर ने यह ट्रेन की गई निरस्तबारिश का पानी रेल ट्रैक पर आने के कारण 05062 टनकपुर-मथुरा छावनी स्पेशल ट्रेन, 05061 मथुरा छावनी-टनकपुर स्पेशल ट्रेन, 25035/25036 रामनगर-मुरादाबाद एक्सप्रेस,15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस,12035 टनकपुर-दिल्ली एक्सप्रेस,05097 टनकपुर-दौरई स्पेशल एक्सप्रेस, 15036/15035 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस, 05341/05342 पीलीभीत-टनकपुर ट्रेन,05336 कासगंज-काशीपुर ट्रेन, 05383/05384 लालकुआं-काशीपुर ट्रेन,05331/05332 लालकुआं-मुरादाबाद ट्रेन, 05409/05410 काशीपुर-रामनगर ट्रेन, 05409/05410 काशीपुर-रामनगर ट्रेन, 05391 पीलीभीत-टनकपुर ट्रेन, 05392 टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन, 05394/05393 टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन को निरस्त किया गया है।जानें कौन-कौन सी ट्रेन शर्ट टर्मिनेटएनईआर ने 05019 देहरादून- टनकपुर एक्सप्रेस को पीलीभीत में, 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस को रुद्रपुर सिटी, 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस को रुद्रपुर सिटी, 12208 जम्मूतवी- काठगोदाम एक्सप्रेस को रुद्रपुर सिटी, 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस और 12036 दिल्ली-टनकपुर एक्सप्रेस को इज्जतनगर में शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस को पंतनगर, 05321 बरेली सिटी-टनकपुर डेमू को मझोला पकड़िया में शार्ट टर्मिनेट किया गया है।05322 टनकपुर-बरेली सिटी डेमू को मझोला पकड़िया में शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है। 05369 कासगंज-लालकुआं को किच्छा में, 05351 बरेली सिटी-काशीपुर डेमू को पंतनगर में,05363 मुरादाबाद-लालकुआं ट्रेन को बाजपुर में, 05335 काशीपुर-कासगंज ट्रेन गूलरभोज में, 05401 बरेली सिटी-लालकुआं गाड़ी को बहेड़ी में शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है।इसके अलावा 15044 काठगोदाम- लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस को पंतनगर से शार्ट ओरिजिनेट किया गया है,13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस को रुद्रपुर सिटी से शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है। 12210 काठगोदाम-कानपुर सेन्ट्रल एक्सप्रेस को रुद्रपुर सिटी से शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया। 05352 काशीपुर-बरेली सिटी डेमू को पंतनगर से शार्ट ओरिजिनेट किया गया। 15062 लालकुआं-कासगंज गाड़ी को किच्छा से शार्ट-ओरिजिनेट किया गया।05402 लाल कुआं बरेली सिटी गाड़ी को बहेड़ी में शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया।

## बारिश के पानी से बहेड़ी नगर हुआ जलमग्न

**बहेड़ी-बरेली**। जल निकासी का खराब इंतजाम होने की वजह से बहेड़ी नगर के कई मोहल्लों में घरों में पानी घुस गया। दुकानों में पानी घुस जाने से दुकानदार का माल खराब हो गया।

रविवार की रात से मूसलाधार बारिश हुई। चंद घंटों की बारिश से नगर में सैलाब जैसी स्थिति हो गई। नगर का मेन रोड नैनीताल रोड पर थाने से लेकर माथुर रोड तिराहे तक कमर तक पानी भर गया। मेन बजाए,मीना बाजार, कदीमी ईदगाह मार्केट ज्यादातर दुकानों में पानी घुस जाने से दुकानदारों का माल खराब हो गया। मोहल्ला नई बस्ती में ज्यादातर मकानों में पानी घुसने से चूल्हे तक नही जले वार्ड सभासद वाजिद अंसारी और अच्छे मियां खानकाह के लोगों ने खाने का इंतजाम किया।

मोहल्ला टांडा, शेखूपुर, होली चौराहा, पोस्ट ऑफिस रोड, नगर पालिका,एसडीएम, सीओ आवास,लोधीपुर सहित कई मोहल्ले गलियों में पानी भर जाने से जलमग्न हो गए। नही हुई नालों की सफाई नालों की सफाई न होने से बहेड़ी इलाका डूब गया। जल निकासी का आज तक कोई सही से इंतजाम नही कर सका है। इस बार भी नालों की सही से सफाई नही हुई है। नगर पालिका इस मे खेल कर गई। नालों की सफाई तली तक नही की गई। सिर्फ थाने के सामने से मीना बाजार तक गई। जाझुनागर, लोधीपुर, रामलीला, डाकखाना रोड के नाले कूड़े से पटे पड़े है।

## भंते डा. नन्द रतन के 42 वें जन्म दिवस पर विविध कार्यक्रम 10 से

**कसया, कुशीनगर**। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के पूर्व अध्यक्ष व श्रीलंका बुद्ध बिहार के प्रमुख भिक्षु डॉ. नन्दरतन महाथेरो के 42 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 10 जुलाई दिन बुधवार सुबह 08 बजे से विविध समारोह आयोजित होंगे।अशोक सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं उपासक/उपासिका संघ द्वारा भन्ते के जन्म दिवस पर आयोजित विविध कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भन्ते आलोक ने बताया कि इस मौके पर सात दिवसीय श्रमणेर प्रवज्जा शिविर का शुभारम्भ होगा। शिविर का समापन 17 जुलाई दिन बुधवार को होगा। प्रथम दिन सुबह 7 से 9 बजे तक श्रमणेर प्रवज्जा, निःशुल्क चिकित्सा शिविर अपरान्ह 10 बजे 4 बजे तक, रक्तदान शिविर अपरान्ह 11 बजे से 4 बजे तक, भिक्षु संघ को भोजन दान अपरान्ह 11 बजे से 12 बजे दोपहर, वृक्षारोपण दोपहर 12 बजे से, सुत्त पाठ शाम 6:15 बजे से, धम्म देशना पाठ शाम 8 बजे से 9 बजे तक आयोजित है। भन्ते ने सभी भिक्षुओं, उपासक, उपसिकाओं से समय से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

## गला रेता मिला युवक का शव

**पड़रौना, कुशीनगर**। पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के बाँसी से सटे बिहार के धनहा थाना क्षेत्र के खोतहवा पँचायत की दहवा गाँव में एक पैंतीस वर्षिय युवक की गला रेता खून से लथपथ शव मिला। जिसके बाद क्षेत्र में जहाँ दहशत का माहौल कायम हो गया है, तो वहीं मृतक के परिवार में कोहराम की स्थिति हो गयी है। मृतक का शव उसके घर से पाँच सौ मीटर की दूरी पर स्थित एफसीआई गोदाम के पास रात के अँधेरे में फेंक दिया गया था। जिसकी पहचान दहवा गाँव निवासी सिंहासन चौधरी का लड़का राजेन्द्र चौधरी के रूप में बतायी जा रही है।ग्रामीणों एवं परिजनों के मुताबिक सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने जब शव को खून से लथपथ की स्थिति में शव को देखा तो इसकी सूचना स्थानीय धनहा थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोके पर पहुँची घनहा थाने की पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए हत्या की जाँच पड़ताल में जुट गयी ,और शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु शव विच्छेदन केन्द्र बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल को भेज दी। हत्या की बावत परिजनों के मुताबिक मृतक राजेंद्र चौधरी रविवार की सुबह करीब दस बजे घर से निकला किन्तु जब देर शाम तक वापस घर नहीं आने पर उसकी पत्नी के द्वारा स्थानीय चौक चौराहों व पास पड़ोस के लोगों से खोजबीन की और करायी फिर भी कोई पता नहीं लग सका। रात बीती और सुबह हुआ कि उसके पति की हत्या होने की खबर मिली। इस संबंध में थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## इस्तखार अंसारी के घर नहीं गया सपा का प्रतिनिधि मंडल



**रूद्रपुर, देवरिया**। रविवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव के निर्देश पर सुल्तानपुर के सांसद व पूर्व मंत्री माननीय रामभुआल निषाद द्वारा विधान सभा रुद्रपुर के ग्राम सभा बिट्ठलपुर निवासी मृतक दीपू निषाद के माता रामावती देवी एवम जोत बनकट दुधनाथ निवासी मृतक राजवंशी की पत्नी शरमी देवी को एक-एक लाख रुपया दिया गया। हालांकि उपनगर निवासी इस्तखार के घर सत्ता पक्ष की कौन कहे विपक्ष भी नहीं पहुंचा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व्यास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलिप यादव, जिला महा सचिव मंजूर हसन, प्रदेश सचिव वीरेन्द्र शर्मा, विधान सभा अध्यक्ष संतोष यादव बशिष्ठ यादव, बृजेश पासवान, सिकन्दर यादव, राजू निषाद उद्धव नारायण सिंह, राम सेवक यादव, मदनपुर चेयर मैन अली आजम शेख, लल्लन गुप्ता, शशांक गुप्ता, जिला सचिव मुन्ना यादव व प्रवीण निषाद आदि लोग मौजूद रहे। आश्चर्य की बात यह रही कि सपा के वोट बैंक रहे उपनगर के मुसलमान परिवार की पीड़ा सपा नेताओं को भी नहीं नजर आयी। विदित हो कि उपनगर के आजाद नगर वार्ड में इस्तखार अंसारी की पत्नी व बेटी का करेंट लगने से इंतकाल हो गया था। पीड़ित परिवार का हाल जानने कोई नहीं पहुंचा।

# डीएम ने पारिजात का पौधा लगाया




जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में स्वस्थ पृथ्वी और स्वस्थ मानव जाति के उदघोष के साथ ऐतिहासिक और पौराणिक मान्यता रखने वाली पारिजात वृक्ष व साल का पौधरोपण किया गया। उन्होंने कहा की सभी के कल्याण के लिए पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है। पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए तथा पर्यावरण को संरक्षित करने में पेड़ पौधे बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। इसलिए हम सभी को शुभ कार्यक्रमों में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। प्रकृति एवं पर्यावरण को स्वच्छ, स्वस्थ्य एवं रमणीय बनाने हेतु वृक्षारोपण अति आवश्यक है। पौधे पर्यावरण को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। हमारे आसपास जितना अधिक पेड़ पौधे होंगे , हमारा पर्ययावरण उतना ही अधिक स्वच्छ और सुंदर होगा। उन्होंने बताया कि पारिजात वृक्ष ( किन्तूर ) भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के बाराबंकी ज़िले के अंतर्गत किन्तूर ग्राम में स्थित एक गोरखचिंच का वृक्ष है। भारत सरकार द्वारा संरक्षित यह वृक्ष सांस्कृतिक और पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसका ऐतिहासिक और पौराणिक भी है। यह अफ्रीका के कुछ विशेष भागों में भी पाया जाता है। इसके पुष्प की खास विशेषता है। पारिजात वृक्ष की कुछ खास विशेषताः- गौरतलब है कि लोकमत में इसका संबंध महाभारतकालीन घटनाओं में कुंती, अर्जुन, श्रीकृष्ण से जोड़ता है। लोकमत इस वृक्ष की आयु लगभग 1000 वर्ष मानता है। सन-2019 में हुए रेडियोकार्बन कालनिर्धारण में इसकी आयु तब 793थ्37 वर्ष मापी गई। इसके तने काफी मोटे और ऊंचाई लगभग 45 फीट गोरखचिंच जाति के वृक्ष केवल अफ्रीका के कुछ भागों में ही उगते हैं, इसलिए इस वृक्ष की यहाँ उपस्थिति एक रहस्य है।इसका पुष्प श्वेत रंग का और सूखने पर सुनहरे रंग का हो जाता है। इस वृक्ष में पुष्प बहुत ही कम संख्या में और कभी-कभी ही गंगा दशहरा ( जून के माह ) के अवसर पर लगते हैं। पुष्प सदैव रात्रि में ही पुष्पित होते हैं और प्रातः काल मुरझा जाते हैं। रात्रि के समय पुष्प पुष्पित होने पर इसकी सुगंध दूर-दूर तक फैल जाती है। पारिजात के वृक्ष के साथ साल का भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर छायादार व फलदार पौधे भी लगाये गये। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कसया, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, प्रभागीय वनाधिकारी वरुण सिंह अपने विभागीय सहयोगियों के साथ उपस्थित रहकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिए।

## ग्राम रोजगार सेवक संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर**। आठ सूत्रीय समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग करते हुये उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ ने जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह बुन्देला व महामंत्री धर्मेंद्र तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। डीएम को भेजे गये ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने समस्त ग्राम रोजगार सेवकों का वर्तमान 3 महीने मानदेय दिलाये जाने एवं पिछले वित्तीय वर्ष का बकाया मानदेय दिलाये जाने, जिन ग्राम पंचायतों में जी.आर.एस. नहीं है वहा पंचायत सहायक से मनरेगा आई.डी. पासवर्ड हटाकर ग्राम रोजगार सेवकों को दिये जाने, ग्राम रोजगार सेवकों को स्टेशनरी एवं वित्तीय व्यय का भुगतान हर माह कराया जाए, ग्राम रोजगार सेवकों का बकाया ई.पी.एफ. की धनराशि यू.ए.एन. खातों में जमा किये जाने, जिन ग्राम पंचायतों में किसी कारण ग्राम रोजगार सेवक की मृत्यु हो गई है उस ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सेवक के परिवार में किसी भी सदस्य को ग्राम रोजगार सेवक के पद पर नियुक्त किये जाने, जिससे ग्राम रोजगार सेवक के परिवार का भरण पोषण हो सके। ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा लोकसभा चुनाव, नगर पालिका चुनाव में वीडियोग्राफी में लगाई गई चुनाव ड्यूटी का भुगतान कराये जाने, ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा कराई गई श्वह्लरु सर्वे का भुगतान कराये जाने, रिक्त ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवकों को संबद्ध कर सेवाए लिये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष अनिलात्येन्द्र नायक, वीरन कुमार, शंकर दयाल, रामदयाल आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में समन्वय जरूरीः जिलाधिकारी




जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सोमवार को सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर जोर देते हुए सम्बन्धित विभागीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जन-सामान्य तक सभी जानकारियों की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने के लिए इस विषय पर एक सम्पूर्ण सोच के साथ सम्बन्धित विभागों के मध्य उचित समन्वय का होना आवश्यक है। आशा कार्यकर्ता द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान हेतु क्षेत्र में सम्पादित की जा रही समस्त गतिविधियों एवं गृह भ्रमण में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कार्यकत्री के साथ रहते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी। उन्होंने निर्देशित किया कि संचारी रोगों के पोस्टर को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाये। जिले में फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य भी युद्ध स्तर पर पूरा किया जाय। बैठक में सीएमओ डॉ राजेश झा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, एसीएमओ आरसीएच डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी, डीपीओ कृष्णकांत राय, डीएमओ चंद्र प्रकाश मिश्रा, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, पाथ, यूनिसेफ डब्ल्यूएचओ संस्था के प्रतिनिधियों के सहित ग्राम्य विकास व पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम व शहरी विकास, कृषि, पशुपालन दिव्यांग कल्याण स्वच्छ भारत मिशन, सूचना, चिकित्सा शिक्षा, जल निगम और खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## भारी वर्षा से जिले से होकर बहने वाली नदियों नालो के जलस्तर में वृद्धि

**देवरिया** ।हिमालयीय क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के कारण जिले से होकर बहने वाली राप्ती,गोर्रा,छोटी गंडक,खनुआ नदियों और विभिन्न नालों के जलस्तर में तेजी हो रही बृद्धि से तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका बढ़ने लगी है ।हिमालयीय क्षेत्र नेपाल से लेकर तराई भागों में और जिले में पिछले दो दिनों में हुई भारी वर्षा से महीनों से सूखे ताल तलैयों में जहां पानी भर गया है वहीं निचले भागों पिछले दिनों खेतों में रोपी गयी धान की फसल पानी मे डूब गयी है ।वर्ष के बाद पूरे जिले में धान की रोपाई तेजी से हो रही है। धान की रोपाई करने वाले मजदूरों की अचानक मांग बढ़ गयी है।उधर तेजी से बढ़ रही नदियों के जलस्तर व बाढ़ के आशंका को देखते हुए जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों के कान खड़े हो गए हैं ।सोमवार को एमएलसी डॉक्टर रतनपाल सिंह ने रुद्रपुर के कछारांचल के संवेदनशील बंधों का निरीक्षण किया व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ठोस निरोधात्मक कार्य करने का निर्देश दिया। एम एल सी के साथ सिंचाई विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, प्रधान संघ के अध्यक्ष राजीवन सिंह, जिला पंचायत सदस्य रविंद्र पासवान, मंडल अध्यक्ष राम संतोष शुक्ला, ग्राम प्रधान अजय सिंह, विशाल द्विवेदी, ग्राम प्रधान रमेश पांडे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामसुधारे पासवान, ग्राम प्रधान दीपेंद्र यादव, ग्राम प्रधान करहकोल अखंड प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आकाश पासवान, श्रीनगर कोल्हुआ के प्रधान बबलू शर्मा, उपेंद्र यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# गांजा तस्कर गिरोह पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

ललितपुर। गांजा तस्कर गिरोह पर पुलिस ने कड़ा शिकंजा कस दिया है। तालबेहट पुलिस ने गांजा तस्कर गिरोह के पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की है। गैंग लीडर सहित तीन अभियुक्त जमानत पर हैं, जबकि दो सदस्य वर्तमान में जिला कारागार में निरूद्ध हैं। प्रकरण की जानकारी देते हुये थाना तालबेहट में तैनात प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चन्द ने बताया कि वह सरकारी गाड़ी संख्या यू.पी.94 जी 0363 से अपने हमराहियों के साथ चोरी गये माल से सम्बन्धित अभियुक्तों की तलाश में थे। साथ ही मेहरावन माता मंदिर के आगे पूराकलां रोड ग्राम खांदी मजरा गडरयाना में विवादित भूमि पर कब्जेदारी विवाद को लेकर प्रथम पक्ष प्रभुदयाल पुत्र नाथूराम कुशवाहा आदि 45 व्यक्तियों व द्वितीय पक्ष महेश चैबे पुत्र स्व. दुर्गाप्रसाद के मध्य विवादित भूमि की कब्जेदारी के विवाद को लेकर शान्ति व्यवस्था व चैकिंग कर रहे थे। वह अनुमोदित शुदा गैंग चार्ज जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय से लेकर वापस आया। इस चार्ट में गांजा तस्कर महानगर झांसी के थाना मऊरानीपुर अंतर्गत मुहल्ला परवारीपुरा निवासी अभिनव श्रीधर पुत्र स्व.द्वारिका प्रसाद को गैंगलीडर बनाया गया है, जबकि इस गैंग के सदस्य के रूप में अभिराम श्रीधर, कृष्ण नारायण दीक्षित पुत्र सुरेश कुमार दीक्षित, मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना भौंती के ग्राम चन्दावनी मजरा शाजापुर निवासी मोतीसिंह पुत्र भगवत सिंह व जिला दतिया के ग्राम बसई निवासी इन्द्रजीत सिंह चैहान पुत्र नारायण ठाकुर को सक्रिय सदस्य बताया गया है। बताया कि यह सक्रिय गैंग आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए आसपास के क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने हुये हैं और गांजा की तस्करी भी करते हैं। पुलिस के अनुसार अभिनव, अभिराम व कृष्ण नारायण दीक्षित जमानत पर हैं, जबकि मोतीसिंह व इन्द्रजीत सिंह चैहान जिला कारागार ललितपुर में निरूद्ध हैं और इनके अपराध जनपदीय हैं। गैंगलीडर अभिनव श्रीधर व उसके सदस्यों केडी ो सूचीबद्ध किया गया। इनके द्वारा कारित अपराध गैंगस्टर अधिनियम की धारा 2 ( ख ) ( 1 ) से अच्छादित है।

## पुलिस अधीक्षक को एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय विकास खंड के पिपरा शुक्ल निवासी व जिला पंचायत सदस्य उपेंद्र त्रिपाठी के साथ हुए मारपीट तथा लूट के मामले में आरोपितों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने पर जिला पंचायत सदस्य वेलफेयर एसोसिएशन ने घर असन्तोष व्यक्त किया है ।जिलाध्यक्ष संदेश यादव के नेतृत्व में एसोसिएशन के एक प्रतिनिध मंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कार्रवाई किए जाने की मांग किया।

जिला पंचायत सदस्य वेलफेयर एसोसिएशन ने ज्ञापन में बताया कि उनके सदन के साथी जिला पंचायत सदस्य उपेंद्र त्रिपाठी के साथ बैकुंठपुर बाजार थाना बरियारपुर में कुछ लोगों द्वारा प्राण घातक हमला किया गया और उनके साथ लूट भी किया गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन अब तक आगे कोई कार्रवाई नही हुई है। अगर पुलिस इस मामले में एक सप्ताह के भीतर कोई कार्रवाई नही करती है तो संगठन आगे की रणनीति पर बिचार करने को बाध्य होगा।

# रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल ने पैशन शेयरिंग डे एवं फेमिली हेल्थ कैंप आयोजित किया




**देवरिया** । रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल द्वारा आज स्थानीय रामा बाबू बगीचा मैरिज हाल मे पैशन शेयरिंग डे एवं हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया. कैंप का उद्धघाटन क्लब के अध्यक्ष रो डॉ विपिन बिहारी शर्मा, रो अरुण बरनवाल एवं संयोजक रो हिमांशु कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शरुवात की गई. संयोजक हिमांशु कुमार ने संचालन करतें हुए कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वस्थ रखना और एक बेहतर जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है. इसके बाद हेल्थ मोटिवेशन स्पीकर के रूप मे लखनऊ से चलकर आये आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि सबसे पहले हमें अपनी जीवन चर्या बदलनी होगी, सुबह का भोजन सबसे पहले प्रोटीन युक्त युवराज की तरह, दोपहर का भोजन एक राजा की तरह और रात्रि भोजन सोने से दो घंटे पहले फकीर की तरह करना चाहिए. उन्होंने ने बताया कि दस मे प्रत्येक सात व्यक्ति ओबेसीटी और मधुमेह का शिकार हो रहा है, आने वाले दिनों मे भारत मधुमेह की राजधानी के रूप मे जाना जायेगा ' क्लब के अध्यक्ष रो विपिन बिहारी शर्मा ने आगंतुक का स्वागत करतें हुए कहा कि परिवार के मुखिया के तौर पर मेरा यह दायित्व है कि सभी सदस्य परिवार सहित स्वस्थ रहें. इस आयोजन मे इनरव्हील क्लब सेंट्रल और इनरव्हील क्लब सृजन, रोटरैक्ट क्लब का भी सहयोग रहा,कैंप मे लगभग 80 लोंगो का शरीर का सम्पूर्ण शारीरिक वसा जाँच और

ब्लड ग्रुप की जाँच तेजभान एवं डॉ विकास सिंह ने किया ' महिलाओ को स्वस्थ रहने के साथ साथ खूबसूरत किस प्रकार दिखा जाये इस पर विस्तृत चर्चा लखनऊ की आस्था श्रीवास्तव ने बताया इस अवसर पर प्रियंका जोशी, शीला श्रीवास्तव, चांदनी कौर, रीमा सिंह, माया सिंह, अशीर्या रहमान, सीमा पाण्डेय, यसोदा जायसवाल, सुचित्रा अवस्थी,अतुल बरनवाल, नितिन बरनवाल, शरद अग्रवाल, जावेद अहमद, कपिल सोनी,बृजेश सिंह, गोपाल कृष्ण सिंह, अरुण बरनवाल, एस एन चतुवेर्दी,शमीर्ला सोनी, आभा श्रीवास्तव, सीमा सोनी, लाल जी गुप्ता, बासु सोनी,अतुल बैरनवाल, नितिन बैरनवाल, शरद अग्रवाल, जावेद अहमद, कपिल सोनी,राजा सिंह अंबुजा तिवारी, आशीष सोनी, दीपक वर्मा,अनिल गुप्ता, संतोष गुप्ता, गोपी नाथ तिवारी, बासु सोनी, ज्योति वर्मा, विनोद कश्यप आदि लोग उपस्थित थे '

## राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों को चिन्हित कर करें निस्तारण : जनपद न्यायाधीश

**देवरिया** । उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद न्यायाधीश देवरिया देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में लोक अदालत हेतु वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दावा अधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी व समस्त क्षेत्राधिकारी के साथ प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। जनपद न्यायाधीश देवरिया देवेन्द्र सिंह द्वारा लोक अदालत में सम्बन्धित को समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक संख्या में वादों को निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया ।जनपद न्यायाधीश द्वारा पुलिस विभाग को न्यायालय से सम्बन्धित नोटिसों का तामिला ससमय कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**देवरिया** ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के निदेर्शानुसार निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु सचिव /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में यू0टी0आर0सी0 के विशेष अभियान हेतु प्रथम चरण के बाद 15 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले द्वितीय चरण हेतु जिला कारागार में निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु विशेष अभियान के तहत निरूद्ध बंदियों से वार्ता कर उनके समस्याओं को चिह्नित कर लीगल डिफेन्स काउंसिल के साथ सुना गया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी विधि के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके सम्बन्ध में नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें।

संक्षेप

## करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र की महिला को करंट लगने से मौत हो गई। आपको अवगत करा दें कि प्लक लगाते समय अधेड़ महिला बिजली करंट की चपेट में आ गई जहां आनन-फानन में परिजन स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर की निवासिनी 45 वर्षीय शान्ती घर के अंदर बिजली के बोर्ड में फर्राटा पंखे का प्लक सर्किट बोर्ड में लगाते समय बिजली करंट कि चपेट में आ जाने से चिपक जाने पर महिला के चिल्लाने पर पास में लेटे पति संतराम ने पहुंच कर पत्नी को छुड़ाया और आनन फानन में स्थानीय सीएचसी लाए जहां चिकित्सक ने शान्ती को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतका के दो पुत्र उमेश, भूपेश व पति संतराम का रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने बताया कि सीएचसी से सूचना मिली है शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जाएगा।

## युवक ने खुद को गोली से उड़ाया, मौत

महोली/सीतापुर। कोतवाली इलाके में हाईवे पर स्थित गांव में एक युवक ने बीती शाम नाजायज असलहे से गोली मारकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली इलाके के गांव उरदौली निवासी अमित कश्यप उम्र 30 पुत्र दिलीप कश्यप लकड़ी का व्यवसाय करता था। रोज की तरह वह काम निपटाकर शाम को घर पहुंचा। शाम करीब 7:30 बजे गोली चलने की आवाज सुनकर पिता दिलीप बाहर निकले तो देखा की उनका पुत्र अमित खून से लथपथ पड़ा है। उसके पास ही नाजायत तमंचा भी पड़ा हुआ था। परिजन अमित को अस्पताल ले गए। जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर सीओ अरुण कुमार सिंह व इंस्पेक्टर अपराध अमर सिंह, पाताबोझ चौकी प्रभारी रजनीश वर्मा मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। वहीं घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर नमूने एकत्र किए। घटना के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

## विवाद में जमकर चली लाठियां

सीतापुर। कोतवाली महोली इलाके के ग्राम जगदेव में पानी के निकास को लेकर गांव के निवासी दिवाकर पुत्र जयराम व ओमप्रकाश उर्फ मनोज तथा अनोखे के बीच विवाद हो गया। तकरार इस कदर बढ़ी कि दोनों पक्षों से लोग लाठी डंडे लेकर आ गए और एक दूसरे पर जमकर लाठियां भांजी। जिसमें एक पक्ष से दिवाकर तथा दूसरे पक्ष से ओम प्रकाश व अनोखे चोटिल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ महोली कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली भेजा है। पुलिस घटना की जांच की बात कह रही है।

## पिता की पुत्र ने की हत्या

सीतापुर। थाना मानपुर इलाके में एक पुत्र ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। इस पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना से सनसनी फैल गई है। मानपुर थाना इलाके मिजापुर गांव निवासी राम सुशील यादव व उसके पिता का कमरे में लगी ईटो को लेकर विवाद होने लगा। बताया जा रहा है कि रविवार को छोटे बेटे मिथलेश ने 15- 20 ईंटों को कमरे के स्लेप में छुटे होल में लगा ली थी। जिस पर बड़े बेटे राम सुशील यादव व उसकी पत्नी ममता सोमवार विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर तैश में आकर राम सुशील ने धारदार हथियार से पिता रामपाल उम्र 65 पर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। इससे रामपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया सम्पति विवाद में बेटे ने बाप की हत्या कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर से साक्ष्यों को इकट्ठा किया है।

# युवक ने दुष्कर्म पीड़िता के परिवार पर की फायरिंग, मां की मौत



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के शाहपुर खुर्द गांव के मजरा गोड़ियनखेड़ा में रात के भोर पहर एक दिल दहला देनें वाली घटना में एक युवक ने दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार पर अंधाधुंध फायरिग कर दी। हमले में दुष्कर्म पीड़िता की मां की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य घायल हैं। युवक दो महीने पहले ही जमानत पर जेल से छूटा था। हमले के बाद भागने की कोशिश में युवक छत से कूदकर घटना स्थल से दूर पकड़े जाने से पहले ही गोली मारकर आत्मा हत्या कर ली। जानकारी के अनुसार फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के शाहपुर खुर्द गांव के मजरा गोड़ियनखेड़ा निवासी अनुराग व पुनीत पर एक गांव की ही 17 वर्षीय किशोरी ने वर्ष 2023 में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अनुराग व पुनीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दो माह पहले दोनों आरोपित जमानत पर छूटकर जेल से बाहर आए। अनुराग दुष्कर्म पीड़िता व उसके परिवार से बदला लेने की फिराक में लग गया ।सोमवार तड़के करीब चार बजे वह दुष्कर्म पीड़िता की छत पर चढ़ गया। वहां सो रहे परिवार के लोगों पर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से दुष्कर्म पीड़ित किशोरी, उसकी दो बहन व पिता पुत्तीलाल घायल हो गए, जबकि 53 वर्षीय मां फूल कुमारी की मौत हो गई। शोर सुनकर पड़ोसियों ने अनुराग को पकड़ने की कोशिश की तो वह छत से नीचे कूद गया, इसके बाद पकड़े जाने के डर से उसनें खुद को भी गोली मार ली। मौके पर उसकी भी मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी प्रेमचंद्र, सीओ माया राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्नाव और वहाँ से उनको कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने गांव को छावनी बना दिया है। फील्ड यूनिट टीम की मदद से पुलिस जांच कर रही है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि घटना की बिंदुवार जांच की जा रही है, यदि और कोई भी इसमें शामिल है तो उसका नाम प्रकाश में आनें पर उसको जेल भेजा जाएगा।

## डंपर की चपेट में आए अधेड़ ने गंवाई जान



पाटन, उन्नाव। कार की टक्कर लगने से डंम्फर की चपेट में आए अधेड़ की कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वही डंपर व चालक को हिरासत में ले लिया है।

बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शंभू रतन खेड़ा निवासी काली शंकर 52 वर्ष पुत्र अलोपी प्रसाद अपने दूसरे साथी सुरेश कुमार पुत्र सत्ती के साथ मोटरसाइकिल से पाटन से अपने घर शंभू रतन खेड़ा जा रहा था थाना क्षेत्र के बैजुवामऊ के पास सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से मोटरसाइकिल में पीछे बैठा काली शंकर उछला और पीछे से आ रहे डंम्फर की चपेट में आ गया तथा बुरी तरह से कुचल गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी दर्द नाक मौत हो गई वही मोटरसाइकिल चला रहे सुरेश कुमार को चोटें आई जिसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया तथा पुलिस ने चालक सहित डम्फर को हिरासत में ले लिया है। घटना की खबर सुनकर पारिवारिक जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। डंपर की चपेट में आए अधेड़ काली शंकर की कुचलकर मौत हो जाने के बाद परिवारी जानों सहित ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा और वह मार्ग पर जाम लगाकर डंपर चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही व मुआवजे की मांग को लेकर काफी देर तक नारेबाजी करते रहे मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडे ने पारिवारिक जनों से बात कर उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया तथा कार्यवाही व प्रशासन द्वारा मिलने वाली अहेतुक राशि दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

## स्मार्ट फोन पाकर चेहरे पर आई मुस्कान, योगी सरकार को सराहा

महोली/सीतापुर। स्थानीय स्व0 दयाशंकर पटेल महाविद्यालय में बीए व बीकाम के 498 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने सभी को मोबाइल फोन वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।सोमवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि हर पढने वाले छात्र-छात्राओं को पढाई के लिए स्मार्ट फोन दिए जाएं। स्मार्ट फोन के माध्यम से छात्र तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें। स्मार्ट फोन से घर बैठकर आनलाइन पढाई कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जी ने अपने संकल्प पत्र में हर पढने वाले बच्चों को स्मार्ट फोन देने का वादा किया था। जो अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में स्मार्ट फोन जरूरत बन चुके हैं, ऐसे में छात्रों के लिए नई जानकारी और कंपटीशन आदि की तैयारी के लिए स्मार्ट फोन अति आवश्यक हैं, इसी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने छात्रों को स्मार्ट फोन देने का बीड़ा उठाया है। मैं सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। कार्यक्रम में आशुतोष त्रिवेदी, डिग्री कालेज के संरक्षक अनुज कुमार सिंह, श्रीमती सविता सिंह, प्राचार्य डा0 अखिलेश पांडेय, उप प्राचार्य डा0 अनुराग अवस्थी, डा0 रवीश अवस्थी, नीतू देवी, नीलम मौर्य, डा0 रेनू शुक्ला, साधना त्रिवेदी, शोभित मिश्रा, सुधाकर लाल, श्याम मिश्रा, नीतेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## बीईओ व शिक्षकों में नहीं थम रही तकरार आनलाइन हाजिरी का बहिष्कार

महोली/सीतापुर। बारिश के दौरान बीईओ द्वारा किए गए औचक निरीक्षक के बाद शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। उसके बाद से बीईओ और शिक्षकों के बीच चल रही तकरार थम नहीं रही है। सोमवार से लागू होने वाली आनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक संगठनों ने बीआरसी पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया ।महानिदेशक शिक्षा कंचन वर्मा के निर्देश पर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की आनलाइन हाजिरी लगाने के आदेश दिए गए थे। आनलाइन हाजिरी का निर्देश शिक्षा निदेशक द्वारा 15 जुलाई से लागू करना था। परंतु इसकी तिथि आठ जुलाई निर्धारित कर दी। हाजिरी के लिए पहले ही टैबलेट व सिम की व्यवस्था कराई जा चुकी है। सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिवसागर वर्मा की अध्यक्षता में आनलाइन हाजिरी के विरोध में बीआरसी परिसर में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें आनलाइन हाजिरी का कड़ा विरोध किया गया। वहीं हाफ डे सीएल कैशलेकस चिकित्सा, ईएल प्रमोशन जैसी मांगें के संबंध में आवाज बुलंद की गई। शिक्षकों द्वारा एमडीएम व अन्य योजनाओं में जहां हमारा व्यक्तिगत नंबर लगा है उसको टैबलेट के नंबर से जोड़ने के लिए विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है। वहीं बीईओ द्वारा बीते दिनों बारिश में किए गए औचक निरीक्षण को लेकर नाराजगी भी नजर आई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्य वर्मा संरक्षक प्राथमिक शिक्षक संध, रमाकांत वर्मा, देवेश मिश्रा, सोफियान, अनुपम, आलोक द्विवेदी, प्रमिला वर्मा, मालती वर्मा, अल्का वर्मा, जगजीवनराम, शैलेन्द्र अग्निहोत्री, संतोष निषाद, आदि शिक्षक धरने में मौजूद रहे।

## स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

सीतापुर। महोली के महाविद्यालय में सोमवार को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। विधायक शशांक त्रिवेदी ने छात्र व छात्राओ को स्मार्ट फोन वितरित किया। लाभार्थी छात्र-छात्राओं के चेहरे स्मार्टफोन प्राप्त करते ही खिल उठे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि यह स्मार्टफोन सरकार द्वारा आपके शैक्षणिक उत्थान के लिए प्रदान किए गए हैं। इनका शिक्षण कार्य में प्रयोग कर शिक्षण क्षेत्र में कामयाबी हासिल करें। स्मार्टफोन मिलने से महाविद्यालय की छात्राओं में खुशी नजर आई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक शेर सिंह आदि मौजूद रहे।



## गोली लगने से युवक की मौत

सीतापुर। कोतवाली महोली इलाके उरदौली गांव निवासी अमित कश्यप उम्र 32 वर्ष अपने घर में मौजूद था। अचानक फायर की आवाज से कमरा गूंज उठा। फायर की आवाज सुनकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो अमित कश्यप रक्त रंजित अवस्था में पड़ा था। परिजन उसे लेकर एक निजी अस्पताल में पहुंचे। वहां पर ईलाज के दौरान अमित कश्यप ने दम तोड़ दिया। इधर परिजनों का कहना है कि अमित कश्यव ने अवैध तमंचे से खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हुई है। गोली उसके सीने में लगी है। अमित कश्यप ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण परिजन नहीं बता पा रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

## एक दूजे का साथ निभाने की खाई कसम

थानगांव सीतापुर। महीनों पूर्व से चल रहे प्यार प्रसंग को आखिर सोमवार को मंजिल मिल गई। जानकारी के अनुसार थानगांव क्षेत्र के राजपुर क्योटाना निवासिनी 18 वर्षीय फूलमती पुत्री स्वर्गीय रामलखन का प्रेम प्रसंग रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के मुरकटिया निवासी हिमांशु 20 पुत्र राजेंद्र प्रसाद के साथ चल रहा था। परिजनों के द्वारा कड़े पहरे का भी प्रयास दोनों पर असफल रहा। जानकारी के अनुसार इसी क्रम सोमवार को प्रेमी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। तभी परिजनों ने पूंछ ताछ की और प्रेमी युवक के परिजनों को बुलाया प्रेमी पक्ष ने अन्य कार्यवाहियों से बचने के लिए शादी करने की शर्त स्वीकार कर लिया। जिसपर थाना क्षेत्र के मरवट गांव में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी को साक्षी मानकर शादी रचाई और सात फेरे लेकर एक दूजे का साथ निभाने की कसम खाई जिसके उपरांत प्रेमी दूल्हे ने दूल्हन को साथ लेकर घर गया। इस अवसर पर दोनों पक्षों के परिजन मौजूद रहे।

## डीएम से मिले नागरिक, फ्लाईओवर निर्माण की चर्चा




सीतापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग के नवीन चौक पर फ्लाईओवर निर्माण में मनमानी को लेकर क्षेत्र के नागरिक सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मिले। इस दौरान सभी लोगों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि नवीन चौक पर एक फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है। जो कि नियमों की विपरीत है।

लोगों ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जितने भी फ्लाईओवर बनाए गए हैं। वह सभी इसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने है। जबकि नवीन चौक पर यह फ्लावर स्टेट हाईवे मार्ग पर बनाया जा रहा है। जो कि गलत व नियमों के विपरीत है। यह फ्लाई ओवर गौशाला से हरदोई मार्ग पर निर्मित किया जा रहा है, जो कि नियम विरुद्ध है। इसको लेकर यहां के लोग राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक बरेली से शिकायत भी कर चुके हैं। लोगों ने जिलाधिकारी को बताया यह फ्लाई ओवर मिट्टी भर के बनाया जा रहा है। जिससे इस मार्ग पर यहां यातायात की कठिनाइयों का सामना लोगो को पहले की तरह करना पड़ेगा। इस मार्ग पर सभी फ्लाई ओवर पहले ही बने हैं। यह पहला फ्लाईओवर है जो गौशाला से हरदोई रोड पर बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी को बताया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से वार्ता करके इस समस्या के समाधान की पहल करेंगे।

इस अवसर पर कन्हैयालाल शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्रा, प्रेमचंद मिश्रा, उपेंद्र कुमार शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद राठौर, शिवम पांडे, शोभित श्रीवास्तव, अनुज कुमार, अखिलेश शुक्ला, अवधेश शुक्ला, दीपक शुक्ला, राकेश शुक्ला, शिवम पांडेय आदि मौजूद रहे।

## जगह-जगह जलभराव की समस्या बरकरार



सीतापुर। यूं तो जिले में बीते एक सप्ताह से बारिश हो रही है। बारिश भी ऐसी कि लोगों को लग रहा था, कि अब सूर्य के दर्शन ही दुर्लभ हो गए। वही जिले के नदी, नाले व तालाब सब लबालब हो गए। रविवार से जो बारिश थमी वह क्रम सोमवार को भी देखने को मिला। सोमवार को बारिश न होने की वजह से बाजारों में चहल - पहल देखी गई। सड़कों पर भी भीड़ रही। दोपहर के वक्त कड़क धूप निकलने से जिले के तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस का उछाल देखने को मिला। बारिश भले ही थम गई हो, लेकिन अपने पीछे छोड़ गई है जलभराव की समस्या। शहर के तमाम मोहल्ले भी जलभराव की समस्या से जूझते नजर आए। शहर के खूबपुर, आजाद नगर, आदर्श नगर, नैमिष पुरम, हैडिल कालोनी आदि तमाम मोहल्ले भी जलभराव की समस्या आम रही। सबसे बड़ा संकट तो पूर्णागिरी नगर में देखने को मिल रहा है। इस मोहल्ले ने तो तालाब का रूप ले रखा है। शहर के गुरुद्वारा रोड, नई बस्ती, रंपा रोड, मुख्य बाजार की रोड, पुलिस लाइंस की निमार्णाधीन रोड जलभराव की समस्या से जूझते नजर आई। जल भराव होने की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर ग्राम नैपालापुर में स्वर्गीय निरंजन लाल व गुरु प्रसाद पासी के घरों की दीवारें गिर गईं। हालांकि इस घटना में किसी के चोटिल होने की खबर नहीं है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से उछलकर 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

## पैर फिसलने से तालाब में डूबकर किसान की मौत

सीतापुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीतपुर निवासी हरदयाल पुत्र बंशी सोमवार को खेत पर जा रहे थे। बतातें हैं कि रास्ते में भट्ठा तालाब के करीब से निकलते वक्त अचानक हरदयाल का पैर फिसल गया। इससे हरदयाल तालाब में गिर गया। इन दिनों बरसात हो रही है। जिसकी वजह से तालाब लबालब भरा हुआ है। तैरना न आने की वजह से हरदयाल गहरे पानी में डूब गया। नतीजा मौके पर ही डूबकर हरदयाल की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया रूटमार्च



सीतापुर। आगामी मोहर्रम त्यौहार को लेकर महोली में पुलिस सतर्कता बरत रही है। कोतवाली पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कस्बे में रूट मार्च किया। कस्बे के नागरिकों से शांति व्यवस्था में सहयोग देने की अपील की। रूटमार्च कोतवाली से प्रारंभ हुआ। पुलिसकर्मी बड़ागांव तिराहा और मोहाली गांव का भ्रमण करते हुए कोतवाली परिसर पहुंचे। रूटमार्च कोतवाली प्रभारी उमाकांत शुक्ला के नेतृत्व मे निकाला गया।

## बिजली संकट की नागरिकों ने एसडीएम से की शिकायत

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। महोली नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे हुई बारिश के कारण विद्युत लाइन मे खराबी आ गई है। इसके कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र अंधकारमय हो गया। जिसका सबसे अधिक प्रभाव पेयजल पर पड़ा है ।विद्युत संविदा कर्मियों की बारिश मे कड़ी मेहनत के बाद थोड़ा-बहुत सुधार हुआ है। नगर के मुख्य बाजार मे फिर भी बिजली नही पहुंची।

कटौती से नगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्त उर्फ दीपू सहित दर्जनों व्यापारी नगर के पावरहाउस पहुंचे। लोगों का गुस्सा देखकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाजार को सप्लाई देने वाले ट्रांसफार्मर मे तकनीकि खराबी आ गई। जिसके कारण बाजार की विद्युत सप्लाई प्रभावित है। जिसकी शिकायत नगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्त समेत अन्य व्यापारियो ने उपजिलाधिकारी अभिनव यादव से की। उपजिलाधिकारी ने एसडीओ से बात कर जल्द इस समस्या से छुटकारा दिलाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर शैलेंद्र मिश्र उर्फ बंटी, राकेश चौरसिया, वीरेंद्र मिश्र, अशोक सिंघल, सर्वेश मिश्र, दीपक गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, सुशील कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक संगठनों की एकता से प्रशासन में हलचल

जिला संवाददाता(vol)




- जायज मांगो पर क्यों नहीं हो रहा विचार
- जबरन दबाव बनाकर आदेश मानना नहीं स्वीकार, वर्षों से लटका रखी है समस्याएं

उन्नाव। जनपद में दो दिन पूर्व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में घोषित धरने का असर आज निराला पार्क से प्रेक्षा गृह होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक देखने को मिला।

हजारों की संख्या में लामबंद शिक्षक और जनपद के कुछ एक संगठन को छोड़कर सभी संगठनों ने संयुक्त रूप से अपनी एकता का अहसास करवाया। जिलाध्यक्ष भारत चित्रांशी द्वारा आयोजित धरने में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने वाले संगठनों में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन, जूनियर शिक्षक संघ, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, अनुदेशक और शिक्षामित्र संगठन के समस्त पदाधिकारी और लगभग तीन हजार की संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में सड़कों पर नजर आए। महासंघ के भरत चित्रांशी और संकल्प मिश्र के साथ, पीएसपीएसए के संजीव संखवार और प्रदीप वर्मा, जूनियर के अनुपम मिश्र और कृष्ण शंकर मिश्र एवम् संजय कनौजिया, सुधाकर तिवारी, और सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारियों ने एक स्वर में साफ कहा कि महानिदेशक कंचन वर्मा के अव्यवहारिक आदेशों को शिक्षक तब तक मानने को तैयार नहीं जब तक हाफ सीएल, 30 ईएल, महीने में 5 दिन देरी होने पर एक सीएल को समायोजित करने और नजदीकी क्षेत्रों में स्थानांतरण नहीं किया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार को संबोधित करते हुए ज्ञापन, सिटी मजिस्ट्रेट को देने से पूर्व शिक्षकों की भीड़ निराला पार्क से लेकर जिलाधिकारी कार्यालय तक थमते नहीं दिखी।

शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने अनावश्यक दबाव बनाने के विरोध में आमरण अनशन और अनवरत धरने की चेतावनी दी। उपस्थित पदाधिकारियों में भरत चित्रांशी, संकल्प मिश्र और गणेश शंकर गुप्ता के साथ पीएसपीएसए के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव संखवार एवम मांडलिक और जिलामहामंत्री प्रदीप वर्मा, जूनियर के अनुपम मिश्र और सरल, प्राथमिक के सत्यदेव सिंह, जूनियर के संजय कनौजिया, वेद नारायण, कृष्ण शंकर मिश्र, विशिष्ट बीटीसी की प्रांतीय मंत्री प्रीति यादव के साथ ही मनोज कुमार, अमित तिवारी, सौरभ वैश्य, कौशल चौरसिया, मुकेश सिंह, आलोक अवस्थी, अमित शर्मा, उपेंद्र शुक्ल, दीपक कुशवाहा, प्रभाकर, देवेंद्र, शशी पाल, देवेंद्र, पीयूष सिंह, अरविंद, अमित वर्मा, विनोद, उमेश कनौजिया, अजय, धर्मेंद्र, शोभित, रामजन्म सिंह, सोनू, अमित शुक्ल, प्रदीप सोनकर, अनूप, वैष्णव, सुधाकर तिवारी, राजवीर, राहुल, जितेंद्र, राम सजीवन, राजेश, नीलम, रुचि, प्रीति, निशा, रेनू, कल्पना, शशी, लक्ष्मी, अर्चना, ममता, प्रियंका, रचना, दीपिका, प्रेरणा सहित लगभग तीन हजार शिक्षक उपस्थित रहे।

## बच्चों ने वन क्षेत्राधिकारी को लिखा पत्र



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। ओम प्रकाश सिंह स्मारक पुस्तकालय एवम वाचनालय कसमंडा में पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल की पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक की गई। बैठक में समिति के छात्र-छात्राओं ने आपस में चर्चा करके निर्णय लिया कि गत कई वर्षों से कमलापुर से मास्टरबाग संपर्क मार्ग के किनारे समिति के द्वारा पौधारोपण किया जाना है। पिछले वर्ष वन विभाग के द्वारा इस मार्ग के कुछ हिस्से पर पौधरोपण कराया गया था। शेष हिस्से पर पौधारोपण होना बाकी है।

चर्चा के दौरान समिति के सदस्यों ने वन क्षेत्राधिकारी सिधौली को शेष संपर्क मार्ग के किनारे पर खाली स्थान पर पौधारोपण कराए जाने हेतु पत्र लिखा। साथ ही छात्र-छात्राओं ने दहावा व ज्योति शाह आलमपुर झील के किनारे पर भी पौधारोपण कराए जाने की मांग की। शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने छात्रों को बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर लगाए जाने हेतु पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। सभी बच्चे स्वयं माँ के नाम पौधा लगाए व समाज के लोगो को जागरूक भी करे। चर्चा में छात्रों ने कहा कि वे वन विभाग से मांग करते हैं कि वह विद्यालय सहित क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निशुल्क पौधा उपलब्ध कराएं। जिससे सब बच्चे भी एक पौधा अपनी मां के नाम से लगा सके। छात्र-छात्राओं ने वन क्षेत्राधिकारी सिधौली को पत्र भेजने हेतु विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पत्र सौपा। इस अवसर पर समिति के संयोजक शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह, वरिष्ठ शिक्षक विनय पालसिंह, रवि प्रकाश सिंह, गिरिराज यादव, अंकित सिंह, नन्दराम सहित समिति अध्यक्ष जाह्नवी, महामंत्री वर्षा ,कोषाध्यक्ष अपर्णा दत्त तिवारी ,उपाध्यक्ष विपिन कुमार ,नैमिष कुमार ,मधुर सहित विद्यालय के छात्राएं एवं छात्र उपस्थित रहे।

# बजट से पहले बेरोजगारी पर हो गंभीर विमर्श



मनोहर मनोज

भारत में इस समय बेरोजगारी को लेकर बड़ी विरोधाभासी तस्वीर है। एक तरफ एचएसबीसी सर्विस बिजनेस द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 22 महीनों में सेवा क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार सृजन हुआ है। जबकि एक दूसरे आंकड़े के मुताबिक भारत में फुटपाथ पर कारोबारियों की मौजूदगी करीब साढ़े छह करोड़ हो गई है जो कोविड काल के मुकाबले 1 करोड़ ज्यादा है। ये दोनों आंकड़े देश में निजी व बाजार आधारित रोजगार सृजन की बढ़ोत्तरी को भले दर्शा रहे हों, पर दूसरी तरफ ये बेरोजगारी की भयावह जमीनी तस्वीर भी दिखा रहे हैं। यह तस्वीर हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दिखायी पड़ी थी। सत्तारूढ़ मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी इंडिया ब्लाक की हवा बनाने में जिस मुद्दे का सबसे बड़ा योगदान था, वह बेरोजगारी का मुद्दा ही था। यूपी और बिहार जैसे राज्यों के युवा मतदाताओं में रोजगार को लेकर सरकार के प्रति रोष साफ साफ देखा जा सकता था।

बेरोजगारी को लेकर देश में जहां आंकड़ों व जमीनी स्थिति में अंतर है, वहीं राजनीतिक दलों में भारत में रोजगार सृजन को लेकर भी नीतिगत अंतरविरोध है। भारत सरकार जहां मुद्रा लोन, कारोबार व स्टार्ट-अप व्यवसाय जैसे स्वरोजगार कदमों को बेरोजगारी दूर करने का प्रमुख जरिया मानती है, वहीं विपक्षी दल सीधे तौर पर लाखों की संख्या में सरकारी भर्तियां निकालने की बातें करते हैं। जैसा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी इंडिया गठबंधन की तरफ से तीस लाख सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई। सत्तारूढ़ दल यह सोचता है कि सरकार नौकरियों को बतौर खैरात में देने से प्रशासनिक व्यय में बढ़ोत्तरी व राजकोष पर बोझ बढ़ेगा तो दूसरी तरफ विपक्ष के लिए लाखों में नौकरी बांटना एक राजनीतिक एडवेंचरिज्म लगता है। इन दोनों नजरियों से इतर भारत में रोजगार की वस्तुस्थिति पर व्यापक गौर करें तो हम पाते है कि सरकार और बाजार जो दो प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं, जबकि ये दोनों अंतर्विरोध व व्युत्क्रम क्रम के शिकार हैं। ये बात सही है कि बाजार में रोजगार की संभावना आर्थिक विकास की बढ़ती दर व प्रभावी मांग से सीधे प्रभावित होती हैं। कोविड काल के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में अभी तक यह स्थिति जरूर आयी है, पर उत्पादन के सभी सेक्टरों में ये स्थिति समरूप नहीं है। दूसरी बात कि भारत के असंगठित निजी क्षेत्र के अंतरगत श्रम, रोजगार व सामाजिक सुरक्षा के कानून व कार्य परिस्थितियों का अनुपालन लगभग नदारद है या एक बराबर बिल्कुल नहीं है। यहां कामगारों की न्यूनतम वेतन नीति, भत्ते, कार्य अवधि व तमाम कार्य परिस्थितियों को लेकर सरकार के तमाम विहित श्रम नियमन यहां पूरे तौर पर निष्प्रभावी हैं। यदि संगठित निजी क्षेत्र की बात करें तो अर्थव्यवस्था की मंदी की स्थिति में गाज उन पर भी गिरती है और सरकार का कोई श्रम कानून उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान नहीं कर पाता। पर अर्थव्यवस्था की तेजी के दौरान निजी क्षेत्र के संगठित श्रम शक्ति के जरूर पौ बारह होते हैं परंतु मौजूदा स्थिति में अर्थव्यवस्था के फायनेंस, मैन्युफैक्चरिंग, इन्फ्रा क्षेत्र को छोड़ दें तो बाकी क्षेत्रों में अभी भी मंदी का आलम है। मिसाल के तौर पर भारत में सूचना प्रौद्योगिकी व्हाइट कालर रोजगार प्रदान करने का सबसे बड़ा जरिया है, जिसमें कम से कम 50 लाख व्हाइट कालर कार्य शक्ति बढ़िया रोजगार पाती हैं। पर कोविडकाल के बाद वर्क फ्राम होम की स्थिति कम होने तथा आईटी इनबेल्ड सेवाओं की मांग पर्याप्त नहीं होने से वहां भी बेरोजगारी की स्थिति आ गई है। पहली बार ये सुना जा रहा है, आईआईटी जैसे प्रसिद्ध संस्थानों के पासआउट बच्चों के केवल 60 फीसदी को प्लेसमेंट हासिल हो पा रहा है।

भारत में आर्थिक विकास दर की बढ़ोत्तरी से निजी व बाजार क्षेत्र से रोजगार सृजन की संभावनाओं के आगे एक और बड़ी रुकावट कुशल श्रम शक्ति का पर्याप्त रूप में उपलब्ध नहीं होना है। हम कुशल व प्रशिक्षण प्राप्त कामगारों की मांग व उनकी बेहतर मजूदरी को लेकर सही वस्तुस्थिति का अंदाजा भी नहीं लग पा रहे। प्रधानमंत्री मोदी की कौशल विकास योजना भारत में श्रम विकास की एक दूरदर्शी योजना है पर इसके नतीजे क्या निकले इस पर पक्का कुछ नहीं कहा जा सकता। पिछले दस सालों में अर्थव्यवस्था की मांग को यह कितना पूरा कर पाया और श्रमिकों की मजूदरी बढ़ाने में इसकी कितनी भूमिका रही बता पाना मुश्किल है। अभी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री व केन्द्र सरकार के प्रमुख साझीदार चंद्रबाबू नायडू द्वारा देश में कुशल कामगारों की सही गणना कर उनके नियोजन की जो बात कही गई है वह बेहद सराहनीय है। दूसरी बात ये कि निजी क्षेत्र में अपने मुनाफे बढ़ाने के लिए अधिमानित श्रम जरूरतों के हिसाब से कम संख्या में नियुक्ति की जाती है, जबकि इसके विपरीत सरकारी संस्थानों में जितनी वास्तव में जरूरत है, उससे ज्यादा संख्या में नियुक्ति कर दी जाती है। ऐसे में भारत में रोजगार सृजन के लिए निजी व सरकारी सभी उपक्रमों में रोजगार के जरूरत की सही ऑडिट कराये जाने की जरूरत है ताकि अधिक से अधिक लोगों की परन्तु उत्पादक लोगों की नियुक्ति हो।

**बेरोजगारी का संकट**

सरकारों की बात करें तो चाहे केन्द्र हो या तमाम राज्य सरकारें उन्हें अपने तमाम विकास, कल्याण व जनराहत कार्यक्रमों के लिए जितनी कार्यशक्ति की जरूरत है, उतनी नियुक्ति करने से अभी वे बच रही हैं। इसलिए नहीं कि उनका मकसद निजी क्षेत्र की तरह अपने मुनाफे का आकार बढ़ाना है बल्कि पुराने श्रम कानूनों की तर्ज पर पक्की नौकरी देने से वे घबराती हैं। सरकारों के विगत का अनुभव ये कहता है कि उनके यहां कार्य संस्कृति उत्पादक नहीं है, राजकोष पर बोझ है, दाम के हिसाब से उनका काम नहीं है। ये ठीक है कि सरकार ने कम से कम 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के पेंशन से मुक्ति पा ली है। मगर विपक्ष शासित सरकारें राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में पुराने पेंशन देने का वादा कर अपने पर भारी वित्तीय बोझ ले रही हैं। दूसरी तरफ केन्द्र में अभी भी नयी पेंशन नीति के बावजूद इसके कार्यरत कर्मचारियों की संखया पेंशनधारियों से भी कम चल रही है। जाहिर है केन्द्र सरकार पेंशनधारियों के वित्तीय बोझ से इतनी तबाह है कि अपनी करीब 60 लाख की कार्य शक्ति के बदले 40 लाख से काम चला रही है। केन्द्र के बड़े विभागों मसलन रेलवे, रक्षा, पैरा मिलिट्री, बैंक, स्वास्थ्य व शिक्षा व सामान्य प्रशासन में करीब 15 लाख की रिक्तियां मौजूद हैं। पर वह इनकी भर्ती करने से इसलिए बच रही है, क्योंकि वह यह तय नहीं कर पा रही हैं कि इन रिक्तियों की नियुक्ति स्थायी की जाए या संविदा पर की जाए। केन्द्र व राज्य सरकारों के कई महकमों में संविदा पर नौकरी का प्रावधान जरूर शुरू किया गया है पर इसे एक राष्ट्रीय श्रम नीति का रूप देने में केंद्र सरकार अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखा पाई है।

रोजगार जब बिहार में एक राजनीतिक मुद्दा बना तो दस लाख सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गयी। इस क्रम में वहां पिछली सरकार में दो लाख भर्तियां की गयीं और अब वहां मौजूदा सरकार द्वारा 15 लाख सरकारी नौकरी देने की बात कही जा रही है। जाहिर है देश में बाजार के अलावा सरकार एक बड़ी रोजगार प्रदाता है तो वह संविदा के आधार पर जो करीब 70 लाख रिक्त पद हैं, उसे भरें तो कितने सरकारी नौकरी के इच्छुक बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। दिक्कत तब होती है जब सरकार स्वयं नौकरी देती है, तो वह उसे उत्पादक रोजगार में तब्दील नहीं कर पाती है और जब निजी क्षेत्र को आउटसोर्स करती है तो वह मनमानी कार्य परिस्थितियों में रोजगार आपूर्ति करती हैं। ऐसे में देश में एक समान श्रम नीति व कार्य परिस्थितियों के अनुपालन की सार्वभौम व सर्वत्र गारंटी तथा हर श्रेणी के बेरोजगारों के रोजगार व स्व-रोजगार की समुचित नीति लाई जाए तो यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा संबल देगा बल्कि देश में आर्थिक गैरबराबरी दूर करने में महती भूमिका निभाएगा।

> सरकारों की बात करें तो चाहे केन्द्र हो या तमाम राज्य सरकारें उन्हें अपने तमाम विकास, कल्याण व जनराहत कार्यक्रमों के लिए जितनी कार्यशक्ति की जरूरत है, उतनी नियुक्ति करने से अभी वे बच रही हैं। इसलिए नहीं कि उनका मकसद निजी क्षेत्र की तरह अपने मुनाफे का आकार बढ़ाना है बल्कि पुराने श्रम कानूनों की तर्ज पर पक्की नौकरी देने से वे घबराती हैं।

## अच्छे मानसून की उम्मीद

हमारी अर्थव्यवस्था की बेहतरी, मांग और आपूर्ति, मुद्रा स्फीति और विकास दर बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करती हैं कि मानसून की परिस्थितियां कैसी बन रही हैं। अगर मानसून दगा दे जाये तो सरकार चाहे जितना प्रयास करे लेकिन अर्थव्यवस्था डगमगाने लगती है, बाजार में कीमतें बढ़ने लगती हैं और कीमतों की रोकथाम के लिए जब आरबीआई मौद्रिक उपाय करता है, तो ग्रोथ सुस्त पड़ने लगती है। दरअसल भले ही हमारी अर्थव्यवस्था आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी हो। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही हो और उसमें कृषि और प्राथमिक क्षेत्र की भागीदारी महज 15-17 फीसद तक सिमट गयी हो, लेकिन एक सच यह भी है कि कृषि क्षेत्र की मांग और आपूर्ति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण अगर कृषि और प्राथमिक क्षेत्र में समुचित उत्पादन न हो, तो पूरा देश महंगाई की चपेट में आ जाता है। यह स्थिति सरकार के लिए परेशानी पैदा करती है। तीसरी बार निर्वाचित होकर केन्द्र में पदारूढ़ हुई सरकार मोदी 3.0 का पहला बजट प्रस्तुत करने जा रही है। ऐसे में सरकार को यह खबर बहुत ही राहत देगी कि इस वर्ष मानसून समय से पहले ही पूरे देश में सक्रिय हो गया है और बुआई की स्थिति भी पिछले वर्ष से कहीं बेहतर है। पूरे देश में जुलाई की शुरूआत से ही अच्छी बारिश हो रही है जो कि नॉर्मल मानसून का संकेत है। केवल जुलाई में दीर्घकालीन औसत से 32 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में ये बात कही गई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर और पश्चिम भारत (3 प्रतिशत), मध्य भारत (-6 प्रतिशत), पूर्व और उत्तर पूर्व भारत, और दक्षिणी प्रायद्वीप (13 प्रतिशत) में अब तक सामान्य बारिश हुई है। एमके ग्लोबल की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के मुताबिक जून में कम बारिश हुई थी, लेकिन जुलाई में यह कमी पूरी हो गयी है। यह जरूरी भी है कि जुलाई में अच्छी बारिश हो क्योंकि इस महीने धान सहित खरीफ की प्रमुख फसलों की बुआई-रोपाई होती है। बुवाई में देरी हुई, लेकिन अब बारिश होने से इसमें तेजी आई है और यह पिछले साल से बेहतर है। रिपोर्ट में कहा गया है, 28 जून तक कुल बुवाई क्षेत्र (24.1 मिलियन हेक्टेयर) पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। यह वृद्धि मुख्य रूप से दलहन और तिलहन की बुवाई में तेजी के कारण दर्ज की गयी है। देश में दाल की कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। ऐसे में दलहन की अच्छी बुआई से उत्पादन बढ़ने की उम्मीद की जा सकती है। धान की बुवाई का क्षेत्र पिछले साल के बराबर ही है, जबकि गन्ने की बुवाई बेहतर है। गैर-खाद्य फसलों में कपास की बुवाई भी काफी अधिक है। कुल बुवाई क्षेत्र सामान्य बुवाई क्षेत्र का 22 प्रतिशत है, जबकि 2023 में यह 18.6 प्रतिशत था। समय से पूरे देश में मानसून के सक्रिय होने और बुआई में तेजी आने से खरीफ उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है। इससे यह आशा की जा सकता है कि आगामी महीनों में महंगाई की दर में जरूर कुछ राहत मिल सकती है। दरअसल महंगाई पर काबू पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार कई बार ब्याज दरों में वृद्धि की है जिसके कारण लगातार ईएमआई का बोझ बढ़ा है। हालांकि बीते कही बार से नीतिगत ब्याज दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, लेकिन जिस तरह रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद कीमतों पर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाई गयीं उससे मध्य वर्ग के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं। वैसे भी ऊंची ब्याज दरें विकास के लिहाज से अच्छी नहीं मानी जाती हैं। चूंकि मानसून सामान्य रहने और अच्छे उत्पादन से आपूर्ति पक्ष मजबूत होगा, इससे कीमतों में स्थिरता आयेगी। कीमतें सामान्य या स्थिर रहती हैं तो आरबीआई ब्याज दरों में कटौती कर आर्थिक प्रगति पर अधिक फोकस करेगा और यह स्थिति जन सामान्य और सरकार के लिए भी बेहतर होगी।



> सामान्य मानसून होने से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और कीमतों में स्थिरता आयेगी, इससे लोगों को महंगाई से राहत मिलेगी।

### विचार

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान होते हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
-गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
- हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
-स्वामी विवेकानन्द.

### सोशल मीडिया

प्रखर वक्ता जननायक पूर्वप्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आमजन के हक की रक्षा को समर्पित आपका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। सीएम, योगी.



आप सभी से आग्रह है कि प्रकृति की रक्षा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ें और पर्यावरण संरक्षण के इस आंदोलन को और प्रभावी बनाने में अपना योगदान दें। सुधांशु त्रिवेदी.



गरीबों, दलितों व सभी को ] दुखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे बाबाओं के अंधविश्वास व पाखंड के बहकावे में आकर अपने दुख व पीड़ा को और नहीं बढ़ाना चाहिए। मायावती.



## मनुष्य की खूबियां

**अंतर्दृष्टि**

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्लयुद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

## पाकिस्तान की हालत खराब

**व्यंग्यलोक**

पाकिस्तान की हालत खराब हो गई तो उसने आटा बेचने की एक दुकान खोल ली। वह इधर-उधर के देशों में जाता और आटा बेचने की कथा कहता। सबसे मीठी-मीठी बातें करता। लेकिन आटा बेचने की उसकी मीठी बातों का किसी पर कोई असर नहीं होता। उसके आटे की कोई बिक्री नहीं होती। इधर उसका पड़ोसी अफगानिस्तान भी कम नहीं था। उसके भी व्यापारिक संकट आ गया, तो उसने तेल बेचने की दुकान खोल ली। लेकिन इसका भी तेल कोई नहीं खरीदता। दोनों अपने-अपने पड़ोसियों से सिर्फ भीख मांगने का ही काम किया करते। कर्जे के तले दबे दोनों परेशान रहते। दोनों की कोई बिक्री नहीं हो रही थी। दोनों की बातों पर पूरी दुनिया को कोई विश्वास नहीं था। वे आपस में एक दूसरे को आतंकवादी सप्लाई करते और बैठे-बैठे मक्खियां ही मारा करते। तेल विक्रेता अफगानिस्तान और आटा बेचने वाले पाकिस्तान की दुकानें अगल-बगल में ही थी। आतंकवाद के तराजू में तोलने वाली सोच के कारण उनके घनघोर व्यापारिक संकट पैदा हो गया। कई-कई दिन बीत जाते, दोनों की बोहनी तक न होती। परेशान होकर दोनों ने बोरियत मिटाने के लिए आपसी विमर्श किया कि वे दोनों बारी-बारी से एक दूसरे की दुकानों पर जाएंगे और वस्तु का मोल भाव करेंगे। इससे बिक्री हो न हो उनका कुछ समय कट जाएगा। पब्लिक इससे मूर्ख बन जाएगी और उन्हें बड़ा मजा आएगा। दोनों ने महान व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार पहले तेल विक्रेता अफगानिस्तान पाकिस्तानी आटे की दुकान पर गया। उसने आवाज लगाई- औ पाकी! एक लीटर आटा देना। पाकिस्तान ने उसे समझाया- ब्रदर! ये आटा है। तेल नहीं। आटा लीटर में नहीं किलो में बिकता है। जाओ दुबारा से आकर आटा मांगो। तेल विक्रेता वापस जाकर आया। चिल्लाया- अरे औ पाकी! एक किलो आटा देना बोतल में! पाकिस्तान फिर परेशान हो गया। अफगानिस्तान को समझाया कि आटा किलो के माप में बिकता है और बोतल में नहीं भरा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों का कुछ तो पालन करो ब्रदर! अब चलो तुम मेरी दुकान पर बैठ जाओ। मैं डेमो देता हूं कि आटा कैसे मांगना है? तेल विक्रेता अफगानिस्तान आटे वाले पाकिस्तान की दुकान पर बैठ गया। पाकिस्तान बाहर जाकर वापस अपनी ही दुकान में घुसा और आटा बेच रहे तेल व्यापारी अफगानिस्तान से कहा- ब्रदर ए ब्रदर! एक किलो आटा देना! नकली आटा विक्रेता अफगानिस्तान ने तपाक से सवाल किया- बोतल लाए हो क्या? दोनों की बातें सुनकर पास में खड़ा चाइना जोर-जोर से हंसने लगा। मीठी बातें करने एवं तेल लगाने में उस्ताद चाइना ने दोनों देशों में अपना तेल और आटा लगाने का भारी कारखाना खोल दिया।



रामविलास जॉगिड़

## सेहत व घर, दोनों के लिए जरूरी सूरज की रोशनी



इंटीरियर

नीलोफर

हाल के सालों में हिंदुस्तान में स्काईलाइट और रूफ विंडो का चलन काफी बढ़ा है, जिसकी वजह है इस बात की समझ का बढ़ना कि सूरज की रोशनी हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। सूरज की रोशनी यानी कुदरती रोशनी से जहां घर में पर्याप्त गर्माहट रहती है, वहीं इससे घर के इंटीरियर में चार चांद लग जाते हैं। यही वजह है कि देश में अब सूरज की रोशनी को लेकर कॉन्सेसनेश बढ़ रही है, इसलिए उन घरों में भी स्काइलाइट के जरिये भरपूर रोशनी पहुंचायी जा रही है, जहां पहले कुदरती रोशनी का अभाव होता था। स्काईलाइट बाजारों में विभिन्न आकारों और डिजाइनों में उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ को वायु संचार (वेंटीलेशन) के लिए खोला भी जा सकता है जबकि कुछ पूरी तरह फिक्स कर दी जाती हैं। स्काईलाइट्स का इस्तेमाल दरवाजे के रूप में भी किया जा सकता है, इन्हें रूफ विंडो के नाम से भी जाना जाता है। रूफ विंडो हमेशा फ्लोर से कुछ फुट की ऊंचाई पर लगायी जाती है। स्काईलाइट जहां एक ओर रोशनी उपलब्ध कराती है वहीं इससे पर्याप्त वेंटीलेशन भी मिलता है। इतना ही नहीं कमरे अथवा हॉल की सीलिंग पर एकत्र हुई गर्म वायु को स्काईलाइट के जरिए बाहर निकाला जा सकता है। इसकी एक अन्य विशेषता यह भी है कि गर्म हवा तो इससे निकल जाती है लेकिन यदि बारिश होती है तो उसका पानी इसके कारण घर में नहीं आता। जहां तक इसे खोलने की बात है तो इसे किसी चेन अथवा क्रैंक द्वारा खोला जा सकता है। वैसे अब तो बाजारों में ऑटोमेटिक यूनिट्स भी मौजूद हैं।

स्काईलाइट सामान्य तौर पर ढलवा होती हैं जिससे उस पर पानी देर तक नहीं रुकता। जहां स्काईलाइट को लगाया जा रहा हो वहां कितनी रोशनी मिलेगी और तापमान कितना रहेगा यह काफी हद तक स्काईलाइट के आकार पर भी निर्भर करता है। स्काईलाइट में इस्तेमाल किए जाने वाली सामग्रियां ऊर्जा बचाने वाली होती हैं। खासतौर पर आवासीय भवनों में लगाने के लिए दो तरह की ग्लेजिंग वाली स्काईलाइट्स बाजारों में उपलब्ध है। पहली प्लास्टिक और दूसरी ग्लास ग्लेजिंग की स्काईलाइट्स का इस्तेमाल घरों के लिए किया जाता है। प्लास्टिक ग्लेजिंग की स्काईलाइट्स अन्य के मुकाबले सस्ती होने के साथ अधिक मजबूत भी होती है। दूसरे मेटीरियल्स से बनी स्काईलाइट्स की चमक वक्त के साथ फीकी पड़ जाती है। कई स्काईलाइट्स में इस तरह की कोटिंग भी की जाती है ताकि वे खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणों से भी बचाव करने में सक्षम साबित हों। प्लास्टिक ग्लेजिंग में सामान्य तौरपर एक्रेलिक और पॉलीकार्बोनेट का इस्तेमाल किया जाता है।

पॉलीकार्बोनेट की तुलना में एक्रेलिक कमजोर होता है लेकिन इसकी कीमत भी कम होती है। आप चाहें तो ग्लास से बनी स्काईलाइट्स भी पसंद कर सकते हैं। प्लास्टिक की तुलना में ग्लास मजबूत होता है साथ ही यह अधिक समय तक चलता है। इसके रंग और खूबसूरती भी लंबे समय तक बरकरार रहती है। स्काईलाइट के लिए टैम्पर्ड ग्लास या फिर लेमिनेटेड ग्लास को इस्तेमाल में लाया जाता है। स्काईलाइट का बाहरी हिस्सा अक्सर टैम्पर्ड ग्लास से बना होता है इसके अंदरूनी हिस्से पर लेमिनेटेड शीशा लगा होता है। इस तरह की स्काईलाइट अधिक कारगर साबित होती हैं। बाजारों में ऐसी स्काईलाइट्स भी मौजूद हैं जो सूर्य की तेज गर्मी से बचाव करने में सक्षम हैं। साथ ही सर्दियों के मौसम में इनके माध्यम से बेहतर सौर ऊर्जा भी प्राप्त की जा सकती है। स्काईलाइट किस स्थान और किस दिशा में लगायी जा रही है, यह बेहद महत्वपूर्ण होता है। उत्तर की दिशा फेस करने वाली छत पर लगी स्काईलाइट साफ और ठंडा प्रकाश उपलब कराती है। जबकि पूर्व दिशा में अधिक रोशनी देने वाली होती है। इसी तरह पश्चिम दिशा फेस करने वाली स्काईलाइट सर्दियों के मौसम में अच्छी ऊर्जा देने वाली मानी जाती है।

गर्मियों के मौसम में स्काईलाइट कई बार अवांछित प्रकाश का स्रोत भी बनती है। वैसे यदि अवांछित प्रकाश रोकना हो तो घर के बगल घनी पत्तियों वाले वृक्ष भी लगाये जा सकते हैं। इसके अलावा शेडिंग उपकरण लगाकर भी इससे मिलने वाली रोशनी को कम किया जा सकता है। कुछ स्काईलाइट्स में तो सोलर कंट्रोल फिल्म भी लगी होती है, इससे अवांछित प्रकाश कम करने में सहायता मिलती है।

## आप की बात

### बुनियादी क्षेत्र का विकास

मोदी सरकार देश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। राजमार्गों के विकास पर सर्वाधिक फोकस कर रही है। दरअसल जिन्होंने देश में बुनियादी ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में देखा-सुना है उनको अच्छी तरह मालूम है कि यहां दो-चार किलोमीटर की सड़क बनने में भी शिलान्यास और उद्घाटन के बीच पांच-सात साल लग जाता था। विकास की परियोजनाएं कैसे यहां आगे खिसकती हैं इसे समझने के लिए बहुउद्देशीय एवं वृहद जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट सरदार सरोवर परियोजना पर गौर किया जा सकता है। सरदार सरोवर परियोजना का शिलान्यास देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया था और लोकार्पण वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मुझे भी एक पुल के बारे में जानकारी है जिसका करीब आठ बार शिलान्यास किया गया और तीन दशक में बनकर तैयार हुआ। जब विकास परियोजनाओं का यह हाल देश में रहा हो, तो सहसा यह भरोसा करना कठिन हो जाता है कि कोई सरकार दो-तीन साल में दिल्ली से मुंबई के बीच करीब चौदह सौ मिलोमीटर का एक्सप्रेस वे दो-तीन साल में बनाकर शुरू कर देगी। फिलहाल नितिन गडकरी ने देश से वायदा किया है कि वे 2024 तक देश के रोड इन्फ्रा को अमरीका के बराबर कर देंगे। गडकरी के इस दावे में कुछ अतिश्योक्ति हो सकती है, लेकिन जिस तरह उन्होंने देश की सड़कों का कायाकल्प किया है उससे यह बात माननी पड़ेगी कि आज अगर देश के सभी नगर, महानगर हाइवे, एक्सप्रेस से जुड़ रहे हैं, सड़कों की शक्ल-ओ-सूरत बदली-बदली हुई नजर आती है, तो इसमें सबसे अधिक योगदान विभागीय मंत्री के रूप में नितिन गड़करी का ही है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रसे वे परियोजना गडकरी की प्राथमिकता वाली परियोजना है। देश की आर्थिक प्रगति में बुनियादी ढांचा और इसमें भी हार्डकोर इन्फ्रा के रूप में सड़कों का सबसे अधिक योगदान है। ऐसे में जैसे-जैसे देश में एक्सप्रेस वे, हाइवे और जिले से लेकर गांवों तक सड़कों का संजाल बिछता जायेगा, रेलवे, रोडवेज, एयरवेज, वाटरवेज के माध्यम से देश में कनेक्टिविटी और गति बढ़ेगी उसी तरह देश की प्रगति भी तेज होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश की आर्थिक और राजनीतिक राजधानी को आपस में जोड़ने में महती कड़ी साबित होगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त होने से, माल ढुलाई का समय घटने से, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी बढ़ने से इन राज्यों का विकास भी तेज होगा।

**जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### श्रमिकों की सेवा सुरक्षा

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

संक्षेप

## पिता ने बेटी के साथ की अश लीलत हरकतें, मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर-अयोध्या।इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में एक पिता द्वारा अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकतें किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।मामले में प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने पीड़ित बालिका की मां की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ पासको एक्ट सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार भी कर लिया है।इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने इनायत नगर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि बीते 16 जून की रात उसके पति शराब के नशे में घर आए थे और घर में चारपाई पर लेटी 10 वर्षीय बेटी के पास जाकर सो गए थे। पत्नी का आरोप है कि रात में 12:30 बजे करीब उसकी बेटी रोते हुए उसके पास आई और उसने अपने पिता द्वारा की गई गंदी हरकतों को बताया।इसी बात को लेकर शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी व बेटी को को खूब मारा पीटा भी। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद में सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भौतिक निरीक्षण। राहत एवं बचाव कार्य हेतु तैयारियों का लिया जायजा। सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील रुदौली के संभावित बाढ़ प्रभावित ग्राम मंहगू का

**● राहत एवं बचाव कार्य की तैयारियों का लिया जायजा**

पुरवा का भ्रमण भौतिक निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर तहसील द्वारा बताया गया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था कर ली गई है जिससे आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ प्रभावितों को सुगमता से सुरक्षित स्थल पर बनाई गई बाढ़ शरणालय में विस्थापित किया जा सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आशा से जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों में क्लोरीन की गोली व ओआरएस आदि के उपलब्धता की जानकारी ली तथा सीएचसी प्रभारी अधीक्षक को ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं का सुगमता से पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत महोली में स्थापित किए गए बाढ़ शरणालय का निरीक्षण किया गया तथा वहां पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई सीएचसी अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि बाढ़ शरणालय पर आवश्यकता अनुसार चिकित्सा टीम तैनात कर दी गई है तथा यहां प्रयाप्त मात्रा में सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं आवश्यकतानुसार लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत महोली उपरहार में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जन सामान्य स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने हेतु संचालित शिरोपरि जलाशय संयंत्र का निरीक्षण किया तथा उपस्थित ऑपरेटर को नियमित ग्रामीणों को जल आपूर्ति सुनिश्चित रखने के साथ ही परिसर में वृक्षों को भी आरोपित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में घाघरा (सरयू) नदी पर दो तटबन्ध स्थित हैं- प्रथम रौनाही तटबन्ध यह तटबंध घाघरा नदी के दायें तट पर स्थित है। जिसकी लम्बाई 14.550 कि0मी0 है। द्वितीय- अयोध्या बिल्वहरिघाट तटबन्ध 13.140 कि0मी0 है। उपरोक्त के अतिरिक्त तमसा नदी (मड़हा) के बायें तट पर गोशाईंगंज शहर सुरक्षा तटबंध है, जिसकी लम्बाई 05.340 कि०मी० है।उपरोक्त तटबंध सुरक्षित हैं।जनपद में तीन तहसीलों यथा तहसील सदर के 10 गांव (01-मांझा मूड़ाडीहा अयोध्या, 02-मांझा मूड़ाडीहा बस्ती, 03-मांझा सलेमपुर 04- मांझा पूरे चेतन, 05-मांझा पिपरी संग्राम, 06-माझा मड़ना, 07-माझारामपुरपुवारी, 08-माझा काजीपुर, 09-माझा मीरापुर ढाबा, 10-छावनी गौरा बारिक), तहसील रुदौली के 07 गांव (01-मुजेहना मजरे सरायनासिर, 02-पूरे मंहगू मजरे पसैया, 03-पूरे महंगू मजरे सण्डरी, 04-अब्बूपुर मजरे बरई, 05-कैथी माझा मजरे कैथी, 06-सुलेमपुर मजरे उधरौरा, 07-सल्लाहपुर मजरे कैथी) तथा सोहावल का 01 गांव मांझाकलॉ कुल 18 गांव संभावित बाढ़ प्रभावित गांव हैं। वर्तमान में कोई गांव बाढ़ से प्रभावित नही है। उक्त सभी तटबंधो, ग्रामों व क्षेत्रों में राजस्व विभाग व अन्य विभागों द्वारा सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सतत निगरानी रखी जा रही है।बाढ़ के निगरानी हेतु जनपद स्तर पर व तहसील स्तर कण्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका 24 गुणे 7 संचालन किया जा रहा है। जनपद अयोध्या में बाढ़ के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्रों में आवश्कतानुसार तहसील सदर में 06, तहसील सोहावल में 01 एवं तहसील रूदौली में 03, कुल 10 बाढ़ केन्द्र/राहत शिविर स्थापित किये गये हैं। उक्त चौकियों में राजस्व/स्वास्थ्य/पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी 15 जून से ही लगा दी गयी है। चिकित्सा विभाग द्वारा बचाव एवं राहत हेतु 37 टीमों तथा पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 21 टीमों का गठन किया गया है।

स्टीयरिंग ग्रुप/बाढ़ की बैठक कर सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत बचाव एवं राहत कार्य किये जाने हेतु सभी सम्बन्धित विभागों को समस्त आवश्यक प्रबन्ध किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।तहसील सदर, सोहावल व रुदौली के उपजिलाधिकारी/तहसीलदार को सतत निगरानी रखने के साथ ही आवश्यकतानुसार खाद्यान्न वितरण व पशुओं के चारे हेतु भूसे का वितरण किया जा रहा है।इसके अतिरिक्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, चिकित्सा विभाग व पशुचिकित्सा विभाग द्वारा बनाई गयी टीमों द्वारा भी बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण किया जा रहा है। चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा भी टीकाकरण का कार्य भी किया जा रहा है। जनपद में सम्भावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले परिवारों को राहत खाद्य सामग्री यथा त्रिपाल, एवं राशन किट का वितरण किये जाने का प्रबन्ध किया गया है, आवश्यकतानुसार राहत सामग्री का वितरण किया जायेगा।

## नवागत सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) ने किया कार्यभार ग्रहण

**बाराबंकी।** शासन द्वारा परिवहन विभाग में तैनात अधिकारियों के हाल ही में किए गए भारी स्थानातंरण के बाद जनपद की खाली पड़ी सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक की कुर्सी पर नवागत निरीक्षक बलवन्त सिंह यादव ने कार्यभार ग्रहण किया।इससे पूर्व यहाँ पर सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक आर0के वर्मा तैनात रहे है।आज नवागत सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने चार्ज लेने के पश्चात कार्यालय में स्थित बायोमेट्रिक पटल का निरीक्षण किया व कर्मचारियो से मुलाकात की।इसके साथ ही सभी को सख्त हिदायत देते हुए शिकायत आने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। अपने प्रथम साक्षात्कार में नवागत सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने बताया कि इससे पूर्व जनपद औरैया में तैनात रहे है। जनपद मे उनकी तैनाती दूसरी है। उन्होने आगे मुख्य रूप से अपनी प्राथमिकताओ के बारे में बताते हुए कहा कि लाइसेंसियो की समस्याओं का निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता है।भ्रष्टाचार के खिलाफ बात करने पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर कार्यवाही निश्चित की जायेगी। अवैध कार्य व भ्रष्टाचार में संलिप्ता किसी भी स्तर पर बर्दास्त नही है।सरकार की मंशारूप कार्य किया जाएगा।

## प्रबंधक ने पौधरोपण कर छात्र-छात्राओं को संरक्षण का दिलाया संकल्प



**जैदपुर, बाराबंकी।** आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है।पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे।पर्यावरण स्वच्छ और बीमारियों से बचाव हो सके। उक्त उद्गार खुशहालपुर स्थित सहयोगी इंटर कॉलेज परिसर मे आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम मे सहयोगी ग्रुप ऑफ कॉलेज प्रबंधक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने पौधारोपण करते हुये छात्र-छात्राओ के बीच व्यक्त किये।प्रवक्ता अनुज वर्मा ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है।पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं।उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है।इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है।कार्यक्रम मे शमसेर, धर्मानद, नंदकिशोर, राजेश वर्मा आदि प्रवक्ता समेत छात्र छात्राओ ने पौधारोपण किया।

## ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षकों ने बाह मे काली पट्टी बांध किया पूर्ण बहिष्कार



**जैदपुर,बाराबंकी।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध मे शिक्षको द्वारा बांह मे काली पट्टी बांधकर पूर्ण बहिष्कार किया गया।उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपदीय संगठन मंत्री ने बताया कि जब तक हमारी मांगें नही मानी जाती।तब तक हमारे शिक्षक किसी भी तरह की ऑनलाइन उपस्थिति का पूर्ण बहिष्कार जारी रखेगे।तथा शिक्षक संघ सभी जनपदों में धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगे।कार्य बहिष्कार मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 देवेंद्र कुमार द्विवेदी, राजकुमार यादव, पूजेंद्र शुक्ला, परवेज, नीलकमल श्रीवास्तव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, दिलीप कुमार वर्मा, विपिन वर्मा, अनिल कुमार, नेहा सिंह, रिंकू सिंह, विनीता सिंह, मो0 सिराज, अखिलेश विश्कर्मा, कनिका शामिल रहे।

## मण्डलायुक्त ने एसटीपी प्लांट का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ शहरी क्षेत्रों में सीवर जल शोधन हेतु अयोध्या में कांशीराम आवास के सामने बने एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया, जहां पर वर्तमान में 18 एमएलडी जल शोधित किया जाता है। उन्होंने जल शोधन प्रक्रिया के सम्बंध में जलनिगम के सहायक अभियन्ता से जानकारी प्राप्त की तथा प्रक्रिया को अधिकाधिक ऑटोमेटेड कराये जाने के लिए कहा।उन्होंने कहा कि शहर से आने वाली सभी सीवर लाइन के मैनहोल की सतत निगरानी रखी जाय तथा उन्हें निश्चित अन्तराल में साफ किया जाए, जिससे कि शहर का सीवर एसटीपी तक निर्वाध रूप से पहुंच सकें और यहां से निकलने वाले शोधित जल को जिन नालों में डाला जाता है उनकी भी निरन्तर साफ सफाई हो, जिससे कि कहीं भी जलभराव न हों। मण्डलायुक्त ने जल निगम के इंजीनियरों से कहा कि शहर के विस्तारीकरण का सर्वे कर लें जिस ओर शहर विस्तारित हो रहा हो उस क्षेत्र में उपर्युक्त भूमि का चयन कर अतिरिक्त एसटीपी प्लांट का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें।

## पर्यवेक्षकों की कड़ी निगरानी में होगी अवध विवि की प्रवेश परीक्षा



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पांच विषयों की प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर

**● 10 जुलाई को 12 केंद्रों पर होगी पांच विषयों की प्रवेश परीक्षा**

सोमवार को अपराह्न भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठक हुई। बैठक में आवासीय प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि 10 जुलाई को एलएलबी त्रिवर्षीय, बीफार्मा, डीफार्मा, एलएलएम, एमएड विषयों की प्रवेश परीक्षा होगी। दो पालियों की परीक्षा में कुल 7 हजार 189 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसके लिए 12 केन्द्र बनाये गए है। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक होगी जिनमें एलएलबी त्रिवर्षीय व बीफार्मा की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 4 बजे होगी। इसमें एलएलएम, डीफार्मा की परीक्षा कराई जायेगी।इसी पाली में तीन घण्टे की एमएड की प्रवेश परीक्षा होगी।उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए केन्द्रों पर मोबाइल व इलेक्ट्रानिक गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे।प्रवेश परीक्षा के उपसमन्वयक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों को केन्द्रों पर एक घण्टा पहले पहुँचना होगा।परीक्षा शुरू होने के बाद परीक्षार्थियों का प्रवेश बन्द कर दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता के लिए 12 केन्द्राध्यक्ष एवं 26 पर्यवेक्षक तैनात किए गए। इसके अलावा अधिकारियों एवं प्रवेश परीक्षा की टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा।वहीं परीक्षा समिति के सदस्य डॉ. मोहन चन्द्र तिवारी ने बताया कि परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है।परीक्षा की सामग्री केन्द्रों पर पर्यवेक्षकों की कड़ी निगरानी में खोली जायेगी। उन्होंने परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया। इस बैठक में विश्वविद्यालय, साकेत महाविद्यालय व इण्टर कालेज के केन्द्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

### अवध विवि में पहले दिन 167 ने कराई स्नातक प्रवेश काउंसिलिंग

अयोध्या।डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग में 167 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराकर सीट को सुरक्षित किया। काउंसिलिंग के पहले दिन 09 स्नातक पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग विभागों में शुरू हुई। अभ्यर्थियों के डाक्यूमेंट्स के सत्यापन के उपरांत पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया गया। प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि काउंसिलिंग के पहले दिन विभागों में मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया गया।

## नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा



**बाराबंकी।** विगत दिनों में हुई भारी बारिश के चलते जनपद की नदियों-नालों का जलस्तर आश्चर्यजनक रूप से बढ़ रहा है। बरसात के पानी से जनता का नुकसान न हो।इसके लिये जिला प्रशासन बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां पूरी कर लें।घाघरा और सरयू नदी के पानी से तराई में रहने वाली आवाम प्रभावित होती है।इसके लिये प्रशासन सभी बाढ़ चैकियों को सक्रिय कर कर्मचारियों को तैनात करे।जिसमें यदि बाढ़ आने की स्थिति बने तो आवाम को सूचना देकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया जा सके। उक्त अपेक्षा इण्डिया गठबन्धन नवनिवार्चित कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने जिला प्रशासन से अचानक बाढ़ आने की स्थिति में पीड़ितों को तत्काल राहत पहुँचाने के उद्देश्य से की।नव निवार्चित सांसद श्री पुनिया ने कहा कि हमने देखा है कि घाघरा नदी में जब पड़ोसी देश से पानी छोड़ा जाता है। तो हमारे लोकसभा क्षेत्र की सूरतगंज, रामनगर, सिरौलीगौसपुर के तराई इलाके की आवाम को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने आगे कहा कि बाढ़ जैसी दैवीय आपदा से लोकसभा क्षेत्र की आवाम का जीवन, उनके पशु, गृहस्थी सुरक्षित रहे।इसके लिये जिला प्रशासन ग्रामीणों को तत्काल राहत पहुँचाने हेतु नाव-नाविक, पर्याप्त खाद्य सामग्री, तिरपाल, टाट पट्टी जानवरों हेतु चारा, संक्रामक रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिविर बाढ़ के पानी को घरों से निकाले जाने की व्यवस्था पूर्व में ही जिला प्रशासन तैयारी पूर्ण करके रखें।

## बहराइच की तीन तहसीलें जलमग्न





**बहराइच।** पड़ोसी देश नेपाल से पानी छोड़े जाने के चलते बढ़ा नदियों का जलस्तर, बारिश के चलते नगर पंचायत बने तालाब, गांवों में जगह जगह पानी भर जाने के चलते आम जनजीवन ठप हो गया है।गांवों मे बढ़ते पानी का हाल यह है कि मजदूरी करने वाले हाथ मजबूर हो चुके हैं जिसके कारण खाने के लाले पड़ गए हैं।वैसे तो बहराइच में भी बारिश से जन जीवन प्रभावित है।किंतु नेपाल से छोड़े गए पानी के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ जाने के चलते बाढ़ की संभावना बढ़ती जा रही है। नगर पंचायत और ग्राम पंचायत में पानी भरने से सड़कें तालाब जैसी बन गई हैं। पूरी तरह से लोग परेशान हैं।जिले में शुरू हुई बारिश अब आम लोगों के लिए समस्या उत्पन्न कर रही है।नगर और कस्बों में गली मोहल्लों में जलभराव के चलते काफी परेशानी हो रही है। नानपारा, नवाबगंज, पयागपुर, जरवल, रिसिया और रूपईडीहा नगर पंचायत में काफी मात्रा में पानी भर गया है।जिसके चलते लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत रूपईडीहा की सड़कें पूरी तरह तालाब बन गई हैं।नवाबगंज में मूसलाधार बारिश से कस्बा के भुजवा मोहल्ले में जलागम घरों में पानी घुस गया है। पानी के चलते रास्तो पर आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।करीब 48 घंटा से नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते जिले में पानी छोड़ा जा रहा है। अपनी छोड़े जाने के चलते बनबसा बैराज, गोपिया, गिरिजापुरी और घाघरा नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। बाढ़ का खतरा उत्पन्न होने लगा है।जिलाधिकारी की ओर सभी तहसीलों में स्थित बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। मूसलाधार बारिश से समूचा क्षेत्र जलमग्न हो गया है।क्षेत्र वासी ग्रामीणों ने बाढ़ के खतरे से बचने पलायन करने पर मजबूर हैं। अपने मकानों को तोड़ कर मलबा लेकर कहीं नया आशियाना बनाने पर मजबूर हैं।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

**बहराइच।** प्रदेश के . मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद का 09 जुलाई 2024 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद 09 जुलाई 2024 को अपरान्ह 02:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम निरीक्षण भवन बहराइच में करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

## उ.प्र. राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का आगमन आज

**बहराइच।** उपाध्यक्ष (मुख्य सचिव स्तर) उ.प्र. राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण लेफ्टीनेन्ट जनरल योगेन्द्र ढिमरी प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 09 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक बाढ़, वज्रपात, डूबना, सर्पदंश, सूखा, भीड़ प्रबन्धन की तैयारियों और आई.आर.एस. तथा आईडीआरएन क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करेंगे एवं जनपद के तटबन्ध, बैराज, घाट, जलाशय, सिंचाई परियोजना, बाढ़ चैकी, शरणालय, चिकित्सा कैम्प एवं पंचायत भवन आदि का भ्रमण के उपरान्त अपरान्ह 03:00 बजे निरीक्षण भवन पहुंचकर जनपद श्रावस्ती के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

## श्री रामलीला दशहरा सेवा समिति की बैठक संपन्न



**बाराबंकी।** श्री रामलीला दशहरा सेवा समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन दशहरा मंदिर में किया गया। बैठक मे सर्वप्रथम समिति संरक्षक रहे सुधीर कुमार सिंह सिद्धू का निधन हो जाने के उपरांत समिति सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

इसके उपरान्त विगत वर्ष वार्षिक दशहरा आयोजन पर आय-व्यय का विवरण समिति महामंत्री शिवकुमार वर्मा ने प्रस्तुत किया।बैठक मे श्री सिद्धू के निधन के उपरांत रिक्त हुए संरक्षक पद पर सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष सिंह को चुना गया।तथा समिति मुख्य कार्यकारिणी में प्रशांत सिंह व सुशील जायसवाल को सदस्य मनोनीत किया गया।

बैठक में अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रबंधक रामलखन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सरदार भूपेंद्र सिंह, मीड़िया प्रभारी नितेश मिश्रा, संतोष कुमार जायसवाल, राजेश गुप्ता कृष्णा, राजू पटेल, अंकित गुप्ता गोलू, सुशील गुप्ता, विनोद गाबा, राकेश वर्मा, राजेश मौर्या खन्नू, पुरुषोत्तम टंडन आदि मौजूद रहे।

## बेलहा-बेहरौली तटबंध का जल शक्ति मंत्री ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) श्री स्वतन्त्र देव सिंह विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत ग्राम बौण्डी पहुंचकर घाघरा नदी के बाये तट पर स्थित बेलहा-बेहरौली तटबन्ध के कि.मी. 55.700 पर निर्मित स्पर की सुरक्षा कार्य की परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सरयू ड्रेनेज खण्ड के प्रमुख अभियन्ता संदीप कुमार ने बताया कि घाघरा नदी के बायें तट पर स्थित बेलहा-बेहरौली तटबन्ध की कुल लम्बाई 95.00 कि.मी. है।तटबन्ध के

**● राहत व बचाव कार्य में धन की कमी आड़े नहीं आएगी**
**● बाढ़ को लेकर प्रदेश सरकार संवेदनशील**

कि.मी. 55.700 पर निर्मित स्पर नम्बर 01 की सुरक्षा हेतु रू. 375.05 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य कराया गया है। इस कार्य से बौण्डी सिलौटा, बेहटा, चूड़ामणि, रानीबाग, छत्रपुरवा, तारापुरवा आदि ग्राम पंचायत की 8700 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6690 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी। प्रमुख अभियन्ता श्री कुमार ने बताया कि तटबन्ध के ग्राम समूह कोढ़वा, करैहना एवं पिपरी की कटान से सुरक्षा हेतु रू. 447.80 लाख की लागत से कटान रोधी कार्य कराया गया है।यह कार्य पूर्ण हो चुका है।इस परियोजना से जहां 7600 की जनसंख्या लाभान्वित होगी वहीं 6375 हेक्टेयर कृषि भूमि की सुरक्षा होगी।जल शक्ति मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील है।मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बाढ़ प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व की गई तैयारियों की समीक्षा की जा चुकी है।इसके अलावा बाढ़ के लिए नामित नोडल अधिकारी भी क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।तटबन्धों की सुरक्षा के लिए सभी परियोजनाएं पूर्ण कर ली गई है। संभावित बाढ़ के दौरान तटबन्धों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सामग्री उचित स्थानों पर डम्प कर ली गई है। बाढ़ के दौरान जन-धन की हानि को न्यून से न्यूनतम करने के लिए सरकार द्वारा पुख्ता प्रबन्ध किये गये हैं। बाढ़ प्रभावित जनपदों के अधिकारियों को संभावित बाढ़ के दृष्टिगत पूरी सजगता व सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

बेलहा-बेहरौली तटबन्ध के निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से भ्रमणशील रहकर तटबन्धों का जायजा लेते रहे। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाय कि रेन कट की आवश्यक मरम्मत भी करते रहें। श्री सिंह ने कहा कि बाढ़ के दौरान आपदा व राहत कार्यों के संचालन में धन की कमी आड़े नहीं आयेगी।बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। जलशक्ति मंत्री श्री सिंह ने प्रभारी डीएम रम्या आर व तहसील प्रशासन के अधिकारियों से राहत व बचाव कार्यों के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि आपदा के समय पीड़ितजन को त्वरित मदद पहुंचाई जाय।राहत कार्यों के संचालन में धन की कमी आड़े नहीं आयेगी।

तटबन्ध के निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अन्तर्गत ग्राम सिदधा, दरियापुर कला एवं रामापुर किन्धौली के लाभार्थियों प्रागदत्त, मुनऊ, करमचन्द, बिट्टा देवी, शिवपति, गुड्डू, मनीराम, मुन्शीलाल, मुलुकराज व इन्द्रपाल से संवाद कर उनकी बोरिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विकायक महसी सुरेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह उर्फ गोलू भईया, ब्लाक प्रमुख फखरपुर के प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, पार्टी पदाधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य अभियन्ता संजय त्रिपाठी, अधीक्षक अभियन्ता जे.पी. यादव, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, अधि.अभि. ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी अनिल कुमार सिंह, अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर अजय प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता बी.बी. पाल, अवर अभि. जितेन्द्र कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष बौण्डी ज्ञान सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सरयू नदी का लगातार बढ़ रहा जलस्तर

**अयोध्या।** पहाड़ों पर भारी बारिश और पड़ोसी देश नेपाल के बैराज से छोड़े गए पानी के कारण सरयू नदी ने जिले के तटीय इलाकों में अपना क्षेत्रफल बढ़ा दिया है और नदी का पानी काफी दूर दूर तक फैल गया है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में सदर तहसील के पूरा बाजार और मया ब्लॉक क्षेत्र समेत सोहावल रुदौली ग्रामीण इलाकों में तटीय क्षेत्रों में बाढ़ के खतरे का अंदाजा लगाते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है. ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी की है। अयोध्या की सरयू तट के किनारे नदी ने वार्निंग लेवल 91.730 मीटर को पार कर 91.950 तक पहुंच गया है।केंद्रीय जल आयोग की माने तो प्रति घंटे 5 सेंटीमीटर नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।वही डीएम नीतीश कुमार का कहना है कि अयोध्या में बाढ़ की स्थिति नहीं है, बाढ़ से निपटने के लिए पहले ही सभी तैयारी कर लिया गया है।ब ाढ़ चैकिया का निर्माण किया गया है, 24 घंटे चैकिया पर ड्यूटी लगाई जा रही है। सदर तहसील में 6 रुदौली में तीन और सोहावल तहसील में एक चैकिया का निर्माण किया गया है।

# सेंसेक्स में 36 अंकों की गिरावट

## निफ्टी भी 3.30 अंक की गिरावट के साथ 24,320.55 अंक पर बंद हुआ

मुंबई। हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स सोमवार को मामूली 36.22 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी घरेलू शेयर बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरूआत कमजोर रही। अंत में यह 36.22 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 79,960.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 264.77 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 3.30 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र गिरावट के साथ 24,320.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन, अडाणी



पोर्ट्स, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार सकारात्मक दायरे में रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को लाभ में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85.70 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को l,241.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में एनएसई निफ्टी शुक्रवार को 21.70 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर 24,323.85 अंक पर बंद हुआ था। हालांकि, सेंसेक्स 53.07 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,996.60 अंक पर बंद हुआ था।

# ऊंचे सार्वजनिक कर्ज से कल्याणकारी कदमों के लिए बजट में सीमित गुंजाइश

मुंबई।भारत के सार्वजनिक ऋण के ऊंचे स्तर पर होने से अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने वाले कल्याणकारी कदम उठाने के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित रह गई है।एक विदेशी ब्रोकरेज फर्म ने सोमवार को यह बात कही।

ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन शैक्स ने पूर्ण बजट पेश होने के कुछ दिन पहले जारी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत पर सीमित रखने के अंतरिम बजट में घोषित लक्ष्य पर टिकी रह सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशक बजट से राजकोषीय सशक्तीकरण की राह में कुछ ढिलाई और पूंजीगत व्यय से कल्याणकारी व्यय पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, ब्रोकरेज फर्म को इसकी संभावना नहीं दिख रही है। गोल्डमैन शैक्स ने कहा, हमारी राय में उच्च सार्वजनिक ऋण को देखते हुए



अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय गुंजाइश सीमित है।बुनियादी ढांचा बेहतर होने से सकारात्मक विकास के दीर्घकालिक प्रभाव पैदा हुए हैं, जिसे नीति-निर्माता छोड़ना नहीं चाहेंगे। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि राजकोषीय घाटे के अंतिम लक्ष्य को भी वर्तमान 5.1 प्रतिशत से कम किया जा सकता है, और सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 में इसे घटाकर 4.5 प्रतिशत पर ला सकती हैं। रिपोर्ट कहती है कि कल्याणकारी व्यय के लिए भले ही कुछ व्यय आवंटन किया जाए लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक से मिले 2.1 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को देखते हुए पूंजीगत व्यय में कटौती की जरूरत नहीं पड़ेगी।इसने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में प्रोत्साहन के लिए सीमित राजकोषीय गुंजाइश है। इसने बताया कि सरकार के बजट में ब्याज व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.4 प्रतिशत हिस्सा है। इसने कहा, हमारी गणना दर्शाती है कि सरकार की राजकोषीय नीति वित्त वर्ष 2021-22 से वृद्धि के लिए एक अवरोध रही है और सरकार के राजकोषीय सशक्तीकरण लक्ष्य को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में भी यही हाल रहेगा। इसने कहा कि वित्त वर्ष 2021-24 के बीच पूंजीगत व्यय में 31 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि हुई, जिससे आर्थिक वृद्धि को रफ्तार मिली।ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि आगामी बजट में केवल राजकोषीय आंकड़ों से आगे बढ़कर रोजगार सृजन पर जोर दिया जा सकता है।

# मुम्बई में भारी बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त

मुंबई। भारी बारिश के बाद दृश्यता कम होने के कारण सोमवार को मुंबई हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। दृश्यता कम होने के कारण हवाई पट्टी पर एक घंटे से अधिक समय तक परिचालन बंद रहा और लगभग 50 उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजे तक रद्द की गई 50 उड़ानों (आगमन और प्रस्थान दोनों) में से इंडिगो की 42 और एअर इंडिया की छह उड़ान शामिल थीं।एक सूत्र ने बताया, कम दृश्यता और भारी बारिश के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक 50 उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्र ने बताया कि रद्द की गयी उड़ानों में से इंडिगो की प्रस्थान करने वाली 20



सहित 42 उड़ानें शामिल थीं जबकि एअर इंडिया की आने वाली तीन सहित छह उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।सूत्र ने बताया कि सरकार के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एलायंस एअर को भी सोमवार को दो उड़ानें (एक प्रस्थान और एक आगमन) रद्द करनी पड़ीं। निजी हवाईअड्डा संचालक मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने बताया कि खराब मौसम के कारण रविवार देर रात दो बजकर 22 मिनट से तीन बजकर 40 मिनट तक हवाई अड्डे पर परिचालन अस्थायी रूप से स्थगित करना पड़ा।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विनिवेश को आगे बढ़ाने का समय

नयी दिल्ली। सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में विनिवेश को आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि वे अच्छी स्थिति में हैं।भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक शोध विभाग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में मौजूदा सरकारी बैंकों को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया है। केंद्रीय बजट 2024-25 की प्रस्तावना शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है, चूंकि बैंक अच्छी स्थिति में हैं, इसलिए सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विनिवेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए।इसमें आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के संबंध में कहा कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बैंक में लगभग 61 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहे हैं।रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अक्टूबर, 2022 में खरीदारों से बोलियां आमंत्रित कीं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को जनवरी, 2023 में पेशकश पर आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी के लिए कई रुचि पत्र प्राप्त हुए। हमें उम्मीद है कि सरकार बजट में इसे स्पष्ट करेगी। वर्तमान में, आईडीबीआई बैंक में सरकार की 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है और (एलआईसी) की 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव



दिया गया है कि सरकार को जमा ब्याज पर कर में बदलाव करना चाहिए और म्यूचुअल फंड तथा शेयर बाजारों के अनुरूप विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।इसमें कहा गया है, वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू शुद्ध वित्तीय बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.3 प्रतिशत हो गई और 2023-24 में इसके 5.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है।यदि हम म्यूचुअल फंड के अनुरूप जमा दर को आकर्षक बनाते हैं, तो इससे घरेलू वित्तीय बचत और चालू खाता और बचत खाता (कासा) में वृद्धि हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि यह राशि जमाकर्ताओं के हाथ में होगी, इससे अतिरिक्त खर्च हो सकता है और इस तरह सरकार को अधिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व मिलेगा। इसमें कहा गया है, बैंक जमा में वृद्धि से न केवल मूल जमा आधार और वित्तीय प्रणाली में स्थिरता आएगी बल्कि घरेलू बचत में भी वित्तीय स्थिरता आएगी क्योंकि बैंक प्रणाली बेहतर तरीके से नियमन के दायरे में है और उच्च जोखिमा अस्थिरता वाले अन्य विकल्पों की तुलना में इसको लेकर लेकर ज्यादा भरोसा है। एसबीआई की आर्थिक शोध रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि सरकार दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से जुड़ी चिंताओं पर गौर करेगी।

# सरकार को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए

## स्थिर सरकार की वापसी के साथ मजबूत वृद्धि की संभावनाएं बनी

नयी दिल्ली।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला में सुधार पर ध्यान देना चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि स्थिर सरकार की वापसी के साथ मजबूत वृद्धि और घटती मुद्रास्फीति की संभावनाएं बनी हुई हैं।इससे मौद्रिक और राजकोषीय नीति के बीच तालमेल बैठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, चूंकि



अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है, इसलिए निरंतरता बहुत महत्वपूर्ण है। आपूर्ति पक्ष में सुधार वाले व्यवहार्य सुधारों की आवश्यकता है। गोयल ने जोर दिया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, अदालत, पुलिस व्यवस्था के साथ ही बुनियादी ढांचे में क्षमता विस्तार की जरूरत भी है। उन्होंने कहा, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए कृषि उत्पादकता में वृद्धि और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्यों के साथ अच्छे तालमेल की जरूरत है।खुदरा मुद्रास्फीति पर एक सवाल का जवाब देते हुए गोयल ने कहा कि नीति ने पिछले कुछ वर्षों में कम मुद्रास्फीति और मजबूत वृद्धि, दोनों मोर्चों पर सफलता पाई है।ऐसा कुछ हद तक इसलिए हो सका क्योंकि इसने वास्तविक ब्याज दरों को संतुलन स्तर से विचलित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि आरबीआई मौद्रिक नीति समिति के अधिकांश सदस्यों का मानना है कि मुद्रास्फीति को स्थायी रूप से कम करने के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। मई में खुदरा मुद्रास्फीति 4.75 प्रतिशत के स्तर पर थी।

# श्रम मंत्रालय ने सिटीग्रुप की रिपोर्ट को नकारा

नयी दिल्ली। श्रम मंत्रालय ने सोमवार को सिटीग्रुप की हाल में आई उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि भारत को सात प्रतिशत की वृद्धि दर होने पर भी रोजगार के समुचित अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस रिपोर्ट को तैयार करते समय आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार आंकड़ों को ध्यान में नहीं रखा गया है। आरबीआई का केएलईएमएस डेटा उत्पादन में पांच प्रमुख बिंदुओं- पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराता है।सिटीग्रुप ने भारत में रोजगार के बारे में हाल में जारी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने पर भी भारत को रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया कराने में समस्या पेश आ सकती है। कुछ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों ने इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए खबरें जारी की हैं।श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह ऐसी रिपोर्ट का दृढ़ता से खंडन करता है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सभी आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण नहीं करती हैं।

पीएलएफएस और आरबीआई के केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2017-18 से लेकर 2021-22 के दौरान आठ करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर पैदा किए।इस तरह प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार पैदा हुए और 2020-21 के दौरान कोविड-19 महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों के बावजूद ऐसा देखने को मिला। बयान के मुताबिक, यह महत्वपूर्ण रोजगार सृजन विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी पहलों की दक्षता को दर्शाता है।वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में 2017-18 से 2022-23 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर) से संबंधित श्रम बाजार संकेतकों में सुधार की प्रवृत्ति को दर्शाया गया है।

मसलन, डब्ल्यूपीआर यानी रोजगार दर 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 56 प्रतिशत हो गई। इसी तरह, देश में श्रमबल भागीदारी भी 2017-18 के 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 57.9 प्रतिशत हो गई।

## संक्षेप

### सवोर्टेक पावर ने ग्रीन पुश का नेतृत्व किया

नई दिल्ली। सवोर्टेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने दिल्ली के पहले ग्रिड-कनेक्टेड सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग कारपोर्ट का उद्घाटन किया है। हौज खास विलेज पार्किंग स्टेशन पर एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित यह सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग कारपोर्ट, सस्टेनेबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंफ्रास्ट्रक्चर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है।सवोर्टेक ने कारपोर्ट स्थापित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सोलर पैनल्स और ईवी चार्जर्स को मैन्युफैक्चर, डिजाइन और कमिशन्ड किया है।इसके अतिरिक्त, सवोर्टेक कारपोर्ट के लिए सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को डिजाइन और कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार रहा है।सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग कारपोर्ट की स्थापना केवीपी प्रोजेक्ट फ्रेमवर्क के तहत की गई थी।केवीपी प्रोजेक्ट को जर्मन फेडरल मिनिस्ट्री फॉर इकनॉमिक कॉर्पोरेशन एंड डेवलपमेंट की बिजनेस मेंबरशिप ऑर्गेनाइजेशन पार्टनरशिप के हिस्से के रूप में जर्मन नॉन-प्रॉफिट कंपनी सेक्वा जीएमबीएच द्वारा समर्थित किया गया है।

### मसाई स्कूल के पीएपी मॉडल से मिली सफलता

नई दिल्ली। मसाई स्कूल एक प्लेटफॉर्म है, जो कौशल से अवसरों को जोड़ने के लिए एक पुल बनाता है। मसाई स्कूल ने भारत में 5000 से अधिक छात्रों का सपना साकार किया है।नतीजे देने वाले कॅरियर इंस्टिट्यूट में अब तक स्टूडेंट्स के 100 बैच से अधिक को ट्रेनिंग दी गई है। मसाई स्कूल ने साल दर साल विकास किया है।इस समय मसाई स्कूल में 6,000 छात्र पढ़ रहे हैं।इस महीने स्थापना के पांच साल पूरा करने वाले संगठन ने भारत में नतीजे प्रदान करने वाली शिक्षा व्यवस्था का सूत्रपात किया है। इसके साथ ही मसाई स्कूल भारत में मानवीय क्षमता को सामने लाने के इकलौते लक्ष्य को हासिल करना की कोशिश कर रहा है।

### मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने की रिकॉर्ड बिक्री

नयी दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की 2024 की पहली छमाही में भारत में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 9,262 इकाई हो गई। यह वृद्धि विभिन्न श्रेणियों में मजबूत मांग और बड़ी संख्या में मॉडलों की उपलब्धता के दम पर दर्ज की गई। यह देश में उसकी अभी तक की सबसे अधिक बिक्री वाली छमाही रही।उसने 2023 की जनवरी-जून अवधि में 8,528 इकाइयों की बिक्री की थी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष अय्यर ने कहा कि हमने नए तथा अद्यतन उत्पाद, खुदरा क्षेत्र में बेहतर ग्राहक अनुभव के साथ ही सकारात्मक ग्राहक भावनाओं के दम पर अभी तक की सर्वश्रेष्ठ छमाही (पहली) बिक्री दर्ज की। उसकी योजना 2024 की दूसरी छमाही में छह नए उत्पाद पेश करने की है।

### 11वां त्रैवार्षिक अधिवेशन आयोजित

लखनऊ। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया स्टॉफ एसोसियेशन, लखनऊ मंडल द्वारा 11वां त्रैवार्षिक अधिवेशन कामरेड अजय पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि शरद स. चांडक, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मंडल व विशिष्ट अतिथिगण काम. संजीव कुमार बंदलिश, (चण्डीगढ़) व काम. अरूण भगोलीवाल (भोपाल) के साथ स्टेट बैंक के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, महासचिव, पर्यवेक्षकों के साथ 1400 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।प्रारम्भ में श्री गणेश व माँ सरस्वती की वंदना तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ अधिवेशन का शुभारंभ किया गया।

### सेबी ने एसके फाइनेंस के 2,200 करोड़ के आईपीओ को रोका

नयी दिल्ली।पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एसके फाइनेंस के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को रोक दिया है।एसके फाइनेंस, वाहन वित्त और व्यवसाय ऋण पर आधारित एक गैर बैंकिंग वित्त कंपनी है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर सोमवार को दी जानकारी में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि एसके फाइनेंस के आईपीओ के संबंध में निष्कर्ष जारी करने पर रोक लगाई गई है। हालांकि, ऐसा करने की वजह इसमें नहीं बताई गई है।सेबी की भाषा में निष्कर्ष जारी होने का मतलब आईपीओ के लिए हरी झंडी मिलना होता है।

## पेज एक का शेष

### उत्तराखंड से छोड़े

में भी बाढ़ का असर दिख रहा है। यहां शारदा नदी खतरे के निशान को पार कर गयी है।नदी की बाढ़ से दो गांवों के पांच हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। यहां भी एनडीआरएफ की टीम तैनात की गयी है। बलरामपुर और श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।रिपोर्ट के मुताबिक, बलरामपुर में बाढ़ से 26 गांव प्रभावित हैं।बचाव कार्य के लिये राज्य आपका प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और पीएसी की एक-एक टीम तैनात की गयी है। प्रभावित लोगों के लिये 19 शरणालय बनाये गये हैं। श्रावस्ती में उफनाई राप्ती नदी के पानी से तीन तहसीलों के 18 गांवों के लगभग 35 हजार लोग प्रभावित हैं। बचाव कार्य के लिये एसडीआरएफ और पीएसी की एक-एक टीम तैनात की गयी है। प्रभावित लोगों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से निकालने के लिये छह नौकाओं और नौ मोटरबोट की मदद ली जा रही है।रिपोर्ट के मुताबिक, कुशीनगर में गंडक नदी भी उफान पर है हालांकि जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। जिले में पांच गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। यहां बाढ़ प्रभावित लोगों को शरण देने के लिये 48 शरणालय बनाये गये हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि शाहजहांपुर में बाढ़ की स्थिति तो नहीं है लेकिन खैतान नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी की वजह से उसके आसपास अस्थायी मकान बनाकर रह रहे आठ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। गोंडा जिले में तीन गांवों में कई हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के अन्य किसी भी जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है। उत्तर प्रदेश में मानसून पिछले करीब एक खासा सक्रिय है और मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के अनेक हिस्सों में बारिश हुई।अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश के अनेक स्थानों पर वर्षा होने का अनुमान है।

### चार आईएएस के

सहकारी समितियां लखनऊ बनाया गया है।प्रणता ऐश्वर्या को अपर प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी से अंबेडकरनगर का सीडीओ और राम सिंह वर्मा मुख्य महाप्रबंधक यूपीएसआरटीसी से अपर प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी बनाया गया है।

### पुतिन के

कर रहे हैं।इससे पहले वे 2019 में रूस गए थे।तब वे 20वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने व्लादिवोस्तोक गए थे। हालांकि तब वो मॉस्को नहीं गए थे। मोदी 9 साल बाद मॉस्को पहुंचे हैं।वहीं दूसरी ओर शीर्ष रूसी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि यह वार्ता दोनों नेताओं के बीच होने के अलावा प्रतिनिमंडलों के साथ भी होगी।

सरकारी तास समाचार एजेंसी ने रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव को उद्धृत करते हुए कहा, दोपहर में, पुतिन और मोदी बातचीत शुरू करेंगे।हम उम्मीद करते हैं कि यह निजी बातचीत होगी, साथ ही आधिकारिक नाश्ते पर रूस-भारत वार्ता भी होगी। मंगलवार को मोदी राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे।क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि, दोनों नेता इसके बाद प्रेस को कोई बयान जारी नहीं करेंगे।उन्होंने कहा मीडिया के साथ कोई संयुक्त संवाद अपेक्षित नहीं है। उन्होंने कहा लेकिन हम निजी और विस्तारित, दोनों सत्रों में विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करते हैं, जो मीडिया को बयान जारी नहीं किये जाने की काफी हद तक भरपाई करेगा। सोमवार शाम पुतिन और मोदी की अपेक्षित अनौपचारिक बैठक के बारे में क्रेमलिन के प्रवक्ता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह असल में कहां होगी। उन्होंने आगामी वार्ताओं में यूक्रेन का जिक्र होने के बारे में भी कुछ नहीं कहा।

क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा बैठक से पहले, इसके बारे में बात करना शायद ही संभव हो।हम आपको सभी विवरणों से अवगत कराते रहेंगे।उन्होंने कहा आज, (दोनों) नेता अनौपचारिक रूप से बातचीत करेंगे और आधिकारिक वार्ता कल होगी। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा हमारा काम एक ठोस बातचीत के लिए माहौल बनाना है।वर्ष 2019 के बाद से मोदी की रूस की पहली यात्रा है, फरवरी 2022 में यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद पहली और प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहली यात्रा है।मोदी सोमवार को यहां पहुंचे।मोदी और पुतिन मंगलवार को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं।मोदी-पुतिन की शिखर वार्ता में यूक्रेन संघर्ष भी प्रमुख मुद्दा रह सकता है। पिछला शिखर सम्मेलन 6 दिसंबर, 2021 को नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति पुतिन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत पहुंचे थे।

### झारखंड : हेमंत

प्रक्रियाओं का पालन करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहा है और यह आज एक बार फिर देखने को मिला। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, सदन में मुझे फिर से देखने के बाद कोई भी भाजपा विधायकों का व्यवहार देख सकता है।

### दोबारा हो सकती

उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ है, क्या उल्लंघन ने पूरी परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित किया है और क्या धोखाधड़ी के लाभार्थियों को बेदाग छात्रों से अलग करना संभव है। पीठ ने कहा ऐसी स्थिति में जहां उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को प्रभावित करता है और लाभार्थियों को दूसरों से अलग करना संभव नहीं है, फिर से परीक्षा का आदेश देना आवश्यक हो सकता है। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को गलत कृत्यों के लाभार्थियों की पहचान के लिए अब तक उठाए गए कदमों के बारे में खुलासा करना चाहिए। पीठ ने एनटीए से उन केंद्रों और शहरों की पहचान करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी, जहां प्रश्नपत्र लीक हुए थे। पीठ ने साथ ही इसके लाभार्थियों की पहचान करने के लिए अपनाए गए तौर-तरीकों और अब तक पता लगायी गई उनकी संख्या के बारे में भी जानकारी मांगी।

नीट-यूजी की शुचिता सुनिश्चित करने पर चिंता व्यक्त करते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सरकार के लिए जानेमाने विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम गठित करने पर विचार करना आवश्यक होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट हो गई है और यदि इसके लीक प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया के जरिये प्रसारित किया गया है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। उसने कहा कि यदि प्रश्नपत्र लीक टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हो रहा है, तो यह जंगल में आग की तरह फैलेगा।

पीठ ने कहा, "यदि परीक्षा की शुचिता नष्ट हो जाती है, तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा।यदि हम दोषियों की पहचान करने में असमर्थ हैं, तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा।" पीठ ने कहा, "जो हुआ, हमें उसे नकारना नहीं चाहिए।साथ ही पीठ ने कहा, "यह मान लें कि सरकार परीक्षा रद्द नहीं करेगी, तो वह प्रश्नपत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी? उच्चतम न्यायालय विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से संबंधित 30 से अधिक याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई कर रहा था।इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और परीक्षा नये सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।पीठ ने कहा, "इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है।हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं।पीठ ने कहा कि इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। पीठ ने कहा, "पिछले वर्षों में यह अनुपात बहुत कम था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि प्रश्नपत्र लीक से कितने लोगों को लाभ हुआ और केंद्र ने उनके खिलाफ क्या कार्वाई की।पीठ ने सवाल किया, "गलत काम करने वाले कितने लोगों के परिणाम रोके गए हैं और हम ऐसे लाभार्थियों का भौगोलिक वितरण जानना चाहते हैं। पीठ राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में सफल गुजरात के 50 से अधिक अभ्यर्थियों की एक अलग याचिका पर भी सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को विवादित परीक्षा रद्द करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एक याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने दलीलें शुरू करते हुए कहा कि वे पेपर लीक, ओएमआर शीट में हेरफेर, अभ्यर्थी की जगह किसी अन्य के परीक्षा देने और धोखाधड़ी जैसे आधारों पर परीक्षा रद्द करने का अनुरोध कर रहे हैं।

केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने हाल में न्यायालय में कहा था कि गोपनीयता भंग होने के किसी साक्ष्य के बिना इस परीक्षा को रद्द करने का बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों पर गंभीर असर पड़ सकता है। एनटीए और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय पांच मई को आयोजित परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक से लेकर अभ्यर्थी की जगह किसी अन्य के परीक्षा देने तक बड़े पैमाने पर कथित अनियमितताओं को लेकर मीडिया में बहस और छात्रों और राजनीतिक दलों के विरोध के केंद्र में रहे हैं। देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। पेपर लीक सहित अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बीच तकरार हुई। नीट-यूजी 2024 में कुल 67 छात्रों ने 720 अंक प्राप्त किए, जो एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व है।इस सूची में हरियाणा के एक केंद्र के छह छात्र शामिल हैं, जहां परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ।यह आरोप लगाया गया है कि कृपांक के चलते 67 छात्रों को शीर्ष रैंक प्राप्त करने में मदद मिली। एनटीए द्वारा एक जुलाई को संशोधित परिणाम घोषित किए जाने के बाद, नीट-यूजी में शीर्ष रैंक वाले अभ्यर्थियों की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई।

### सेना के वाहन

तक सेना के जवान संभलते, तब तक आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। ऊंचाई वाले इलाके का फायदा उठाते हुए आतंकियों ने जवानों को निशाना बनाया। जिसके बाद सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। दोनों ओर से गोलाबारी का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। उधर, सेना ने आप्रेशन में पैरा कमांडो को भी शामिल कर लिया है। जिन्हें एयरलिफ्ट कर हमले वाले इलाके में ले जाया गया है। सेना की ओर से पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली गई है। उधर, बिलावर से बदनोता को जाने वाले मार्ग पर मछेडी से आगे वाहनों की आवाजाही भी रोक दी गई है।शाम के समय इलाके में भारी बारिश और धुंध का दौर शुरू हो गया था। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और बड़ा आप्रेशन चलाकर आतंकियों के सफाए की तैयारी की गई है।

### सद्भावना दिवस के

को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी तो थे ही, प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने जनकल्याण के जो कार्य किये, वह आज भी शिद्दत के साथ याद किया जाता है।उनका मानना था कि जनसेवा ही मानव का धर्म है। उनके द्वारा जो मूल्य और आदर्श स्थापित किये गये, उन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर आरके अग्रवाल ने बाबू बनारसी दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।




# सपनों में जी रहा हूं : बुमराह



एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप का चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में मिले शानदार स्वागत के लिए आभार व्यक्त करने की कड़ी में गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से सपनों में जी रहे हैं। इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में खेले गए टूर्नामेंट में 15 विकेट लिए। बुमराह ने टी20 विश्व कप में भारत की 17 साल बाद खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बुमराह ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं पिछले कुछ दिनों से बहुत आभारी हूं। मैं सपनों में जी रहा हूं और इसने मुझे खुशी और कृतज्ञता से भर दिया है। इस तेज गेंदबाज ने इसके साथ एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें स्वदेश लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नाश्ते और मुंबई में लाखों प्रशंसकों के साथ विजय परेड के अंश शामिल हैं। 42 सेकंड की इस क्लिप में गुरुवार को परेड के बाद सम्मान समारोह के दौरान विराट कोहली के भाषण का ऑडियो भी शामिल है जिसमें वह बुमराह के योगदान की प्रशंसा कर रहे हैं। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर भारत को शानदार वापसी दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को एक समय 30 गेंद पर 30 रन चाहिए थे लेकिन इन दोनों ने मिलकर उसकी बल्लेबाजी को थर्रा दिया और भारत सात रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा। कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह के दौरान कहा था कि बुमराह जैसा खिलाड़ी कई पीढ़ियों में एक बार जन्म लेता है। इसके बाद स्टेडियम में बुमराह के नाम की गूंज सुनाई देने लगी। विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कोहली ने कहा था, मैं चाहता हूं कि सभी उस खिलाड़ी की प्रशंसा करें जिसने हमेशा हमें बार-बार वापसी दिलाई है।

यह अद्भुत प्रदर्शन था। उस जैसा गेंदबाज कई पीढ़ियों में एक बार जन्म लेता है। मुझे खुशी है कि वह हमारे लिए खेलता है। बुमराह का हाल में अहमदाबाद अपने घर पहुंचने पर फूलों से स्वागत किया गया था।

## यानिक सिनर क्वार्टर फाइनल में, कोको गॉफ बाहर

एजेंसी

लंदन। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन महिला वर्ग में कोको गॉफ को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## म्यांमा पर पहली जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

नयी दिल्ली। भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यांगून में होने वाले दोस्ताना मैच में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली म्यांमा टीम पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान पर काबिज भारत ने 54वीं रैंकिंग वाली म्यांमा के खिलाफ अब तक पांच में से एक भी मैच नहीं जीता है।

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
M.: 8887099181, 9170725921, 7571838290
PUBLIC PHARMACY
We Have Available for All Types of English, Ayurvedic, Unani & Animals Medicines at Wholesale and Retail Price.
Plot No. 3750, Shop No. 1, Upper Ground Floor, Ganda Nala Bridge Inside Rathor Dental Clinic Unchahar, Mustafabad, Raebareli, Uttar Pradesh, 229404
REG. NO. RMEE2229099
जीवा डायग्नोस्टिक सेन्टर
गुणवत्ता रिपोर्ट द्वारा विश्वास
हमारे यहाँ खून, पेशाब (मल-मूत्र), वीर्य, बलगम, हार्मोन्स बायोप्सी एवं समस्त प्रकार की पैथोलॉजी सुविधा उपलब्ध है।
मो. 9170725921, 7571838290 E-mail- jeevadiagnosticsucr@gmail.com
होम, क्लीनिक, हॉस्पिटल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है।
निकट- बस स्टाप, यादव मार्केट, ऊँचाहार- रायबरेली / Timing - 24X7
प्रो. आदित्य यादव

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2024-2025
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Pharmacy • Dental Science • Education
• Architecture • Applied Sciences • Hotel Management • Legal Studies
• Computer Applications • Humanities & Social Sciences • Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

रायबरेली की तरफ से वायस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र के स्थापना दिवस की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं
ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करेए आपहुं शीतल होय।
भली भाँग कुंए पडी, कोई न करे बिचार, जड़ मूरत पूजत फिरे, तजि चेतन करतार।
राम अहोरे कोरी (संयोजक) डॉ सुनील दत्त (अध्यक्ष)
सद्गुरु कबीर जन्मोत्सव समारोह टेकारी सहन डीह

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
रेनू सिंह
सदस्य
जिला पंचायत खीरो
रायबरेली

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
दिलीप गुप्ता
कोषाध्यक्ष
भाजपा मण्डल खीरो
दिलीप स्वीट्स खीरो

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
हरिओम
युवा समाज सेवी
मण्डल उपाध्यक्ष
भाजपा मण्डल खीरो

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ के 'स्थापना दिवस' की हार्दिक बधाई
शीला सिंह वर्मा 'चेयरमैन' नगरपालिका परिषद लालगंज, रायबरेली
सुरेन्द्र वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख

श्री गुरुप्रसाद मेमोरियल हास्पिटल
इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध
सुविधायें
* डिजिटल अल्ट्रासाउण्ड
* डिजिटल एक्स-रे
* कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी लैब
* ई.सी.जी.
* पिन होल सर्जरी द्वारा बड़ी हड्डियों के फैक्चर का इलाज
* स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ
* जनरल सर्जन
* प्लास्टिक सर्जन
* न्यूरो सर्जन
* यूरो सर्जन
* भर्ती व आपरेश
आपरेशन
हार्निया, हाईड्रोसील, बवासीर, एपेण्डिक्स, ओवेरियन ट्यूमर, रसौली, पित्त की थैली व गुर्दे की पथरी, प्रोटेस्ट ग्रन्थि, बच्चेदानी व आँत तथा सीजेरियन आपरेशन की सुविधा
दूरबीन विधि द्वारा प्रोटेस्ट ग्रन्थि का आपरेशन (टी.यू.आर.) गुर्दे व पित्त की थैली की पथरी के आपरेशन किये जाते हैं।
श्री गुरु प्रसाद मेमोरियल हास्पिटल
एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सेन्टर
(जिला अस्पताल के पीछे, रायबरेली) 9415034385, 9839040065

MVM PUBLIC SCHOOL
A Co-Educational Senior Secondary | Affiliated to CBSE (10+2), New Delhi
MAA VAISHNO MODERN PUBLIC SCHOOL
OUR FACILITIES
HUGE AND AIRY CLASSROOMS
INDOOR AND OUTDOOR PLAYING COURTS
WELL-EQUIPPED LABORATORIES
TRANSPORT SERVICES
WELL-RESOURCED LIBRARY
SAFE DRINKING WATER & SANITATION
PROFESSIONAL TEACHING STAFF
ADMISSIONS OPEN Session 2024-25
for Classes NURSERY to IX & XI
ALL STREAMS SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES
Powered by AASOKA
Introducing CODING & ROBOTICS Classes
PARASI PANDEY, KAMOJI ROAD ROBERTSGANJ, SONBHADRA
9555901345 | 9839135428

वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर सभी बैंक कर्मियों प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ऋषिकेश उपाध्याय
पूर्व महापौर
नगर निगम-अयोध्या
प्रबंधक-श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय
विद्याकुंड, अयोध्या (उ.प्र.)224123
संपर्क सूत्र-9451207640

# पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पहल : मुर्मू



एजेंसी

पुरी ( ओडिशा )।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश में हाल में भीषण गर्मी पड़ने और दुनिया भर में मौसम के चरम पर रहने की लगातार हो रही घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों से पर्यावरण की रक्षा के लिए छोटे और स्थानीय स्तर पर कदम उठाने का सोमवार को आग्रह किया ताकि भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि वार्षिक रथ यात्रा में शामिल होने के एक दिन बाद मुर्मू ने पवित्र शहर पुरी के समुद्र तट पर कुछ समय बिताया। उन्होंने बाद में प्रकृति के साथ निकटता के अनुभव के बारे में अपने विचार लिखे। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि प्रदूषण के कारण महासागरों और वनस्पतियों एवं जीवों की समृद्ध विविधता को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन प्रकृति की गोद में रहने वाले लोगों ने उन परंपराओं को कायम रखा है जो हमारा मार्गदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के उपाय सुझाते हुए कहा, उदाहरण के लिए, तटीय इलाकों में रहने वाले लोग समुद्र की लहरों और हवाओं की भाषा समझते हैं।

वे अपने पूर्वजों का अनुसरण करते हुए समुद्र को भगवान के रूप में पूजते हैं। राष्ट्रपति छह जुलाई को चार दिवसीय दौरे पर ओडिशा आईं। उन्होंने कहा, ऐसे स्थान हैं जो हमें जीवन के तत्व के करीब लाते हैं और हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियां और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज को आकर्षित करते हैं। मैं आज जब समुद्र के किनारे टहल रही थी तो मुझे आसपास के वातावरण- हल्के हल्के बहती हवा, लहरों के शोर और पानी के विशाल विस्तार के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ। यह ध्यान करने जैसा अनुभव था। मुर्मू ने कहा कि इससे मुझे गहन आंतरिक शांति मिली, जो मुझे कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन करने पर भी महसूस हुई थी। और मैं अकेली नहीं हूं जिसे ऐसा एहसास हुआ है। जब हम किसी ऐसी चीज से रू-ब-रू होते हैं जो हमसे बहुत विशाल हो, जो हमारे जीवन को बरकरार रखने में मदद करे और जो हमारे जीवन को अर्थपूर्ण बनाएं तो हम सब इसी तरह महसूस कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने समुद्र तट पर टहलते हुए अपनी तस्वीरें साझा कीं तथा कहा कि रोजमर्रा की भागदौड़ में लोग प्रकृति के साथ अपना संबंध खो देते हैं। मूर्मु ने कहा, मानव जाति का मानना है कि उसने प्रकृति पर कब्जा कर लिया है और वह अपने अल्पकालिक लाभों के लिए इसका दोहन कर रही है। इसका नतीजा सबके सामने है। इस गर्मी में भारत के कई हिस्सों को भीषण लू का सामना करना पड़ा। हाल के वर्षों में दुनिया भर में मौसम के चरम पर रहने की घटनाएं अधिक हो गई हैं। आने वाले दशकों में स्थिति और भी बदतर होने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी की सतह का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा महासागरों से बना है और ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, जिससे तटीय क्षेत्रों के डूबने का खतरा है। राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की चुनौती से निपटने के दो तरीके हैं। उन्होंने कहा, सरकारें और अंतरराष्ट्रीय संगठन व्यापक कदम उठा सकते हैं और नागरिकों के रूप में हम छोटे एवं स्थानीय कदम उठा सकते हैं। मुर्मू ने कहा, निस्संदेह, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। बेहतर कल के लिए व्यक्तिगत रूप से, स्थानीय स्तर पर - हम जो कुछ भी कर सकते हैं, आइए, उसे करने का संकल्प लें। अपने बच्चों के लिए ऐसा करना हमारी जिम्मेदारी है।

# राहुल गांधी ने मणिपुर जातीय हिंसा के पीड़ितों से की मुलाकात

एजेंसी

इंफाल। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों में राहत शिविरों का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। राज्य में पिछले साल मई में मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे गांधी ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं।

कांग्रेस द्वारा राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतने के बाद राहुल गांधी पहली बार यहां आए हैं। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हिंसा के बाद मणिपुर की उनकी ( राहुल गांधी की ) तीसरी यात्रा लोगों के मुद्दों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के कुछ हफ्ते बाद गांधी ने पहली बार मणिपुर का दौरा किया था। उन्होंने जनवरी 2024 में राज्य से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी शुरू की थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सबसे पहले जिरीबाम उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित राहत शिविर का दौरा किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. मेघचंद्र ने संवाददाताओं को बताया कि जिरीबाम के लोगों ने गांधी को अपने अनुभवों के बारे में बताया। मेघचंद्र ने कहा, उन्होंने यह भी पूछा कि उन्हें किस चीज की जरूरत है। एक लड़की ने राहुल गांधी से कहा कि न तो प्रधानमंत्री और न ही मुख्यमंत्री उनसे मिलने आए हैं। उसने गांधी से यह मामला संसद में उठाने का भी आग्रह किया।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिरीबाम में हजारों की संख्या में लोग गांधी का स्वागत करने आए और उनमें से कई लोग उनसे बात करते हुए रो पड़े। जिरीबाम से गांधी असम के सिलचर होते हुए इंफाल हवाई अड्डे पहुंचे और सड़क मार्ग से चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग गांव में एक राहत शिविर में पहुंचे। वहां भी गांधी ने लोगों से बातचीत की। मेघचंद्र ने कहा, राहुल गांधी के दौरे का उद्देश्य लोगों को सहायता प्रदान करना और जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करना है। उनका दौरा हिंसा से प्रभावित लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लौटने से पहले राहुल गांधी का इंफाल में राज्यपाल अनुसुइया उइके से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जनाब हाजी अजीम वारसी
एवन मीडिया (हमीद फ्लैक्स)
तिकोनियां, इटावा।

कांग्रेस परिवार की ओर से दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब शोजब रिजवी
अध्यक्ष- यूथ कांग्रेस
निवास- घटिया अजमत अली, इटावा


दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्री रामशरण गुप्ता जी
वरिष्ठ भाजपा नेता
निवास- अशोक नगर, इटावा

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई

श्री कृष्ण गौतम
सदस्य रेल सलाहकार समिति
रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं सदस्य जिला निगरानी समिति (दिशा)
फिरोजाबाद।

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
सचिन जैन
भाजपा क्षेत्रीय संयोजक ब्रज क्षेत्र (अल्पसंख्यक मोर्चा)
लोक सभा प्रभारी मथुरा।


वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
AEPL INDIA
Azans Enterprises Pvt. Ltd.
MFG & Exporter- Indirect/Direct, Oil/Gas fired Ribbon/Hibrid, Convection type travelling ovens for Baking Biscuit/ Bread/Rusk/Buns etc. & deck/Rotary rack/Swing Ovens specially for Baking Bakery Food Products, Alongwith Drying Ovens for Tin Printing, Barrels, Pan Masala, Tabacco, Khaini, Pvc/Crown Caps & Biscut Mfg. Plant.


Factory - C-6, 7, 8 & 9, Site No.-1, Industrial Area, Haripur Jalalabad, Lucknow Faiabad Road, Faizabad-224001 Ph. No. :-05278-236555, 236186, Mob.: 9473786786
Telefax :-+91-05278-222786, Email:azans_786@yahoo.co.in

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में हम सब ने ठाना है पिपरी को स्वच्छ बनाना है।
वृक्ष धरा का भूषण है करता दूर प्रदूषण है। मन में यह संकल्प जगाये।
प्लास्टिक कभी प्रयोग में न लाये। स्वच्छता अपनाये बीमारी दूर भगाये।
01. वातावरण को शुद्ध रखने हेतु कम से कम एक पेंड़ अवश्य लगायें।
02. यह नगर आपका है इसे साफ-सुथरा स्वच्छ बनाये रखने में नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें एवं कूड़ा-करकट निर्धारित स्थान पर ही फेंकें खुले में शौच न करें सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें।
01. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचायें ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक है।
02. घर अथवा दुकान में गीला, सूखा एवं हानिकारक कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखकर सफाईकर्मी/डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाले कर्मचारी को प्रदान करें।
03. कूड़े को किसी भी दशा में नाले/नाली अथवा सड़क/खुले स्थान पर न फेंके और न ही जलाये, ऐसा करना दण्डनीय अपराध है और पकड़े जाने पर जुर्माना भी देय होगा।
04. पॉलिथीन कैरीबैग तथा थर्माकोल से बने सामग्री की बिक्री एवं उपयोग बंद करें, कपड़े जूट व कागज के बने थैलों का ही प्रयोग करें ताकि पॉलिथीन से होने वाली बीमारी से बचा जा सके।
05. जल संयोजन का कार्य करायें, अवैध कनेक्शन को स्वतः हटा लें। पेय-जल आपूर्ति में नगर पंचायत का सहयोग करें जल ही जीवन है व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें। जल लेने के उपरान्त जल की टोटी हमेशा बन्द रखें जल मूल्य का भुगतान समय से करे।
06. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
07. नगर क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क के किनारे अवैध अतिक्रमण/पार्किंग एवं अवैध होल्डिंग तथा सड़क के पटरियों, नालियों, पाईप लाईन तथा सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अवैध रूप से अतिक्रमण न करें।
नगर के विकास एवं सुन्दरीकरण के लिये जनता का सुझाव आमंत्रित है।
स्वच्छ पिपरी, स्वस्थ पिपरी, आओ मिलकर बनायें बेहतर पिपरी

अंशुमान सिंह
अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पंचायत पिपरी
सोनभद्र

समस्त सभासदगण
आदर्श नगर पंचायत पिपरी
सोनभद्र

दिग्विजय प्रताप सिंह, N.I.S.
अध्यक्ष/चेयरमैन
आदर्श नगर पंचायत पिपरी
सोनभद्र

पत्रांकः मेमो/न.पं.पि./2024-25/विज्ञापन/दिनांक 07.07.2024

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
( पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K